रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 4 फरवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 163 मूल्य 3.00 ₹


**क्विक न्यूज़**

### उन्नाव मे सड़क हादसा पांच मरे, तीन घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को हुये एक सडक हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में दो की हालत चिंताजनक होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ पंकज सिंह ने बताया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 266 पर आगरा से से लखनऊ की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पलटती हुयी दूसरी लेन पर पहुंच गयी।

### रामचरितमानस पर टिप्पणी को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य और अन्य पर प्रकरण दर्ज

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर की अपराध शाखा पुलिस ने 'रामचरितमानस' पर की गयी टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य सहित अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने आज बताया कि बजरंग दल और हिंदू महासभा की शिकायत पर कल रात्रि यहां के अपराध शाखा थाना में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य सहित अन्य के खिलाफप्रकरण दर्ज किया गया है।

# लोकसभा में हिंडेनबर्ग मुद्दे पर भारी हंगामा सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित



पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में विपक्षी दलों ने हिंडेनबर्ग मुद्दे पर शुक्रवार को भी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही नहीं चली और भोजनावकाश के बाद सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु हुई कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा शुरु कर दिया और नारेबाजे करने लगे। शोर शराबे के बीच पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने सदन के पटल पर आवश्यक कागजात रखवाए। अग्रवाल ने हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही चलाने का प्रयास किया और सदस्यों से अपनी सीटों पर जाने का बार-बार आग्रह किया। सदस्यों ने उनकी बात नहीं सुनी और लगातार हंगामा करते रहे। हंगामा कर रहे सदस्य आसन के दोनों तरफ खड़े होकर नारेबाजी करते रहे। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से आग्रह किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा संवैधानिक दायित्व भी है और यह सदन की परंपरा भी रही है। सदस्यों को सदन में चलाने में सहयोग करना चाहिए और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु करानी चाहिए, लेकिन सदस्य उनकी बात को अनसुना कर हंगामा करते रहे जिसके कारण श्री अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

## विपक्ष के हंगामे के कारण दूसरे दिन भी नहीं चली राज्यसभा की कार्यवाही




राज्यसभा में शुक्रवार को भी हिडेनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर हंगामा जारी रहा जिससे बजट सत्र में लगातार दूसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए निजी विधेयक पेश किये जाने का उल्लेख किया तभी कुछ विपक्षी सदस्य जोर जोर से बोलने लगे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के संजय सिंह अपनी सीट से उठकर सदन के बीचोबीच आने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान धनखड़ ने कहा कि जब सभापति ने व्यवस्था दे दी है तो उस पर किसी भी सदस्य को बोलने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन करोड़ों देशवासियों के हितों में काम नहीं कर रहा है और करोड़ों रुपये बहाये जा रहे हैं। इस दौरान भी सिंह अपनी सीट से उठकर गलियारे में खड़े और कुछ जोर-जोर से बोलते देखे गये। इस पर सभापति ने सिंह का नाम लेते हुये कहा कि आप अपनी सीट पर चले जायें। उन्होंने हंगामा करने वाले सदस्यों को चेतावनी देते हुये कहा कि अभी सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित की जा रही है लेकिन सोमवार को हंगामा करने वाले सदस्यों पर कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह में धनखड़ ने नियम 267 के अंतर्गत 15 सदस्यों के स्थगन नोटिस मिलने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये नोटिस प्रावधानों के अनुरूप नहीं होने के कारण खारिज किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये नोटिस कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रमोद तिवारी और एमी याग्निक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की प्रियंका चतुर्वेदी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के तिरुचि शिवा, वामपंथी दलों के जॉन ब्रिटास, के इलावराम और के शिवदासन, तेलंगाना राष्ट्र समिति के के केशव राव तथा अन्य सदस्यों ने दिए हैं। इसके बाद सभापति ने सदन में शून्यकाल चलाने का प्रयास किया तो कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्य जोर-जोर से बोलने लगे। सभापति ने कहा कि सदन में व्यवस्था होने के बाद ही कार्यवाही का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने सदस्यों से शांत होने की अपील की लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। इस पर श्री धनखड़ ने सदन की कार्यवाही ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# लापरवाह वन विभाग : 6 माह में हो चुकी है 4 से अधिक हिरणों की मौत

**छत्तीसगढ़ का वन अमला सजग नहीं**

दिलीप महेश्वरी ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ का वन अमला वन्य जीवों को लेकर तनिक भी सजग नहीं है। छत्तीसगढ़ में अब तक विभिन्न घटनाओं में कई हाथियों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। अब भी वन्य प्राणियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों के साथ ही अब हिरण भी काल के गाल में समाते जा रहे है। ताजा मामला बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत लटुवा से लगे सोनबरसा जंगल में इन दिनों हिरणों की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार 1 हिरणों की मौत हो चुकी है लेकिन विभागीय कर्मचारी हिरणों की मौत से लगातार अनभिज्ञता जाहिर कर रहे है। स्थानीयो से मिली जानकारी अनुसार लगभग 6 माह के अंदर लटुवा इलाके से लगे खेतो में और गांव में 4 से अधिक हिरणों की मौत कुत्तों के द्वारा शिकार करने के चलते हुई है, लेकिन विभागीय अधिकारी और कर्मचारी है की इन जंगली जीव जंतु की सुरक्षा के लिए उचित उपाय करने के बजाय इस बात को छुपाते फिरते नजर आते है, जिसके चलते वन्य जीव प्रेमियों, ग्रामीणों में और जनप्रतिनिधियों, में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है, विभाग द्वारा जंगल को चारो तरफ से पत्थर की दीवार और लोहे की जाली से घेर कर सुरक्षित रखने के दावे किए जाते है। हिरण की मौत गुरुवार और शुक्रवार की रात हुई जिसकी लाश वनविभाग के कर्मचारियों द्वारा वनविभाग के नर्सरी के पास लगे खेतो में ग्रामीणों की जानकारी के बाद मिली। यह सिर्फ उन हिरणों की बात हो रही है जो लटुवा के आसपास के क्षेत्र के है बाकी जंगल के दूसरे सिरे में और भी हिरणों की मौत होती होगी जिसको विभाग द्वारा दबा दिया जाता है, वही विभाग के


कार्यालय ग्राम पंचायत लटुवा

अधिकारियों से जानकारी मांगने पर उनके द्वारा किसी भी हिरण की मौत से इंकार कर दिया गया, जिस पर ग्राम लटुवा के पंचायत प्रतिनिधियों का ये सवाल है की ये सब विभागीय अधिकारियों की जानकारी में है या उनको अंधेरे में रखा जा रहा है।

- उक्त संदर्भ में डीएफओ मयंक अग्रवाल ने बताया हमने विधिवत कार्यवाही की है एक हिरण की मौत हुई है।
- वही इसी संदर्भ में बलौदाबाजार कलेक्टर रजत बंसल ने कहा की मामले को लेकर जांच के आदेश दिए गए है।

# 10 आईएएस का तबादला यशवंत बनें रायपुर कमिश्नर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों छत्तीसगढ़ शासन ने तबादला किया। इसमें 2007 बैच के पांच अधिकारियों को पदोन्नित के बाद नई जिम्मेदारी दी गई। साथ ही 2019 बैच के पांच अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ किया गया। आदेश में 2007 बैच की शम्मी आबिदी को आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित विभाग और अतिरिक्त प्रभार संचालक अंत्यवासी सहकारी वित्त्त एवं पिकास निगम, संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, आयुक्त वक्फ सर्वे की जिम्मेदारी गई है। बसवराजू एस को सचिव गृह विभाग, अतिरिक्त प्रभार सचिव वन विभाग, हिमशिखर गुप्ता को सचिव सहकारिता विभाग, अतिरिक्त प्रभार वाणिज्यकर, सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मोहम्मद कैसर अब्दुल हक को सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ आयुक्त मनरेगा, ओएसडी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभााग, यशवंत कुमार को आयुक्त रायपुर संभाग पदस्थ किया गया है।

**नवीन पदस्थापना**

- **नम्रता जैन**–सीईओ जिला पंचायत कोरिया
- **रेना जमील**–सीईओ जिला पंचायत बलरामपुर
- **ललितादित्य नीलम**– सीईओ जिला पंचायत दंतेवाड़ा
- **विश्वदीप**–सीईओ जिला पंचायत सरगुजा
- **जितेंदर यादव**–सीईओ जिला पंचायत जशपुर
- **अमित कुमार**–सीईओ जिला पंचायत राजनांदगांव

# अब फॉर्च्यूनर से चलेंगे कका...



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (कका) अब पजेरो नहीं ब्लैक फॉर्च्यूनर में नजर आएंगे। मुख्यमंत्री बघेल के काफिले में 1 दर्जन से अधिक वाहनों को शामिल किया गया है। गाड़ी का नंबर भी स्पेशल सीजी 02 बीबी 0023 है। जानकारों कहना है नंबर में शामिल डबल बी के पहले अक्षर का मतलब बी-भूपेश तथा दूसरे अक्षर बी-का मतलब बघेल है। वही 0023 के दो मायने निकाले जा रहे है। एक तो 23 अगस्त को भूपेश बघेल का जन्मतिथि है। दूसरा राजनीतिक मायने यह निकाला जा रहा है कि 2023 के चुनाव में वापसी के लक्ष्य के साथ नए वाहन पर सीएम बघेल सवार होगे। सुरक्षा दृष्टिकोण से भी वाहनों के उपयोग में परिवतन करने की बात सामने आ रही है। सीएम बघेल के काफिले में अत्याधुनिक सुरक्षा मानकों से लैस काले रंग के नए टोयोटा फॉर्च्यूनर वाहन शामिल किए गए हैं।

**बजट की खूबियां गिनाने के साथ भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

# भाजपा आ रही, कांग्रेस जा रही : डॉ. रमन सिंह

**भूपेश बघेल अपनी चिंता करे**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार जा रही है और भाजपा की सरकार आ रही है। रही बात मुख्यमंत्री की तो भाजपा में घंटे भर के भीतर मुख्यमंत्री का नाम तय हो जायेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने बारे में सोचें भाजपा की चिंता न करें। केंद्रीय बजट की तारीफ करने आए पूर्व सीएम डा रमन सिंह ने आम बजट की खूबियां सिलसिलेवार गिनाई। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी समाज के लिए है, सर्वग्राही है, मध्यम वर्गीय परिवारों सप्तऋषि यानि 60 बिंदुओं वाला बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में अधोसंरचना और कौशल विकास को बढ़ावा देने ,युवा शक्ति को इस अमृत काल के बजट में ज्यादा महत्व दिया गया है। कोई भी वर्ग इस बजट से नहीं छूटा है। पूरी दुनिया की नजर भारत की ओर है। बजट सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा बजट में पूंजीगत व्यय बजट की आत्मा होती है। अधोसंरचना व्यय के लिए दस लाख करोड़ रुपए का प्रावधान है। राज्य सरकारों और केंद्र सरकार वित्तीय प्रबंधन के लिए ऋण लेते है। उन्होंने केंद्र सरकार के कर्ज लेने को जायज ठहराते हुए कहा कि राज्य सरकार तो कर्ज की सारी राशि नरवा, घुरुवा बाड़ी में खर्च कर रही है। उन्होंने आयकर की राशि को 7 लाख रुपए करने का स्वागत किया। डॉ. रमनसिंह ने कहा पी एम आवास की राशि को बढ़ाकर 79 हजार करोड़ किए का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछ्ले 4 सालों में एक भी पी एम आवास नही बनवाया इसलिए इस बजट में छत्तीसगढ़ सरकार को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा बजट में रेलवे को 9 गुना ज्यादा राशि मंजूर किया गया है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि मैंने तीन बार चुनाव लड़ा चुनाव आयोग में जानकारी दी थी आई टी ने इसकी जांच कर क्लीन चिट दे दिया है इसमें बार बार सीएम बघेल के बोलने का क्या मतलब है, मामला कोर्ट में भी चल रहा है तो इसपर बोलने का कोई मतलब नही है। बीजेपी में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर रमन सिंह ने कहा कि भूपेश की सरकार आने वाली नही है बीजेपी की सरकार बनने वाली है और एक घंटे में तय हो जाएगा कि कौन बनेगा मुख्यमंत्री, भूपेश बघेल को इसकी चिंता करने की जरूरत नही है, मुलायम सिंह को सामाजिक व्यक्ति बताते हुए रमन सिंह ने उनको पद्मश्री देने की वकालत की है।14 विधायक की टिकट कटने के मामले में रमन सिंह ने कहा कि पहले भूपेश बताए की उनके विधायक भाग क्यो रहे है? चुनाव लड़ने से मना क्यो कर रहे है, टी एस सिंहदेव कह रहे है चुनाव नही लड़ेंगे। कांग्रेस में निराशा है इसलिए विधायक चुनाव नही लड़ना चाहते और इधर उधर भाग रहे है। कांग्रेस विधायकों के संपर्क में आने के सवाल पर रमन सिंह में कहा कि ये संमय आने पर पता चलेगा।पूर्व सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, सांसद गुहाराम अजगले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, हर्षिता पाण्डेय रामदेव कुमावत ,गुलशन ऋ




# अदाणी फाउंडेशन ने ग्राम तुलसी में आयोजित किया नेत्र शिविर, 500 से अधिक मरीजों की हुई जांच

## यातायात के लिए मुफ्त में बस सुविधा, दवाइयां और चश्मा भी कराया गया उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





ग्रामीण स्तर में नेत्रों की बीमारी और उसके निदान के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन ने एक निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत तुलसी में किया। शिविर में रायपुर एनेर्जेन लिमिटेड के आसपास के ग्राम रायखेड़ा, चिचोली, गैतरा, ताराशिव, खम्हरिया, मुरा, कोनरी तथा ग्राम तुलसी के 500 से अधिक ग्रामीणों ने अपनी आँखों की जांच करायी। राजधानी रायपुर के प्रतिष्ठित एमजीएम आई हॉस्पिटल के नेत्र चिकित्सकों द्वारा शिविर में मरीजों की जाँच की गयी और उन्हें परामर्श दिया गया। मरीजों को अवश्यकतानुसार मुफ्त में दवाइयां तथा 150 से अधिक मरीजों को मुफ्त चश्मे का भी वितरण भी किया गया। अदाणी फाउंडेशन द्वारा रायपुर एनेर्जेन लिमिटेड रायखेड़ा ने अपनी सामुदायिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए सयंत्र के नजदीक से लगे ग्रामीणों को हेंड बिल, पैम्पलेट एवं माइक के द्वारा ग्राम स्तर पर सूचित किया तथा मरीजों को सम्बंधित स्थान पर लाने और ले जाने के लिए बस की सुविधा उपलब्ध कराई। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरपंच गुलाब यदु, पञ्च गण, सयंत्र प्रमुख, एचआर प्रमुख एवं चिकित्सकों के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर सरपंच गुलाब यदु ने कहा, इस क्षेत्र में 40 से 50 किलोमीटर के पहले राजधानी रायपुर के अलावा कहीं भी नेत्र चिकित्सा केंद्र या चिकित्सक नहीं हैं, जिसकी वजह से मरीजों के लिए रायपुर ही एक मात्र विकल्प है। ग्रामीण जनों के लिए इस तरह की स्वास्थय सुविधा ग्राम स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए अदाणी फाउंडेशन की जितनी सराहना की जाए वो कम है।

आँखों की विशेष चिकित्सा और इतने विशाल स्तर पर शिविर आयोजित करते हुए दवाइयाँ एवं चश्मा उपलब्ध करवाने के लिए सभी ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन की सराहना की। शिविर में फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त टीम और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अदाणी फाउंडेशन द्वारा रायपुर एनेर्जेन लिमिटेड रायखेड़ा के सामाजिक सहभागिता के तहत शिक्षा स्वास्थ्य आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास के कई कार्यक्रमों का सञ्चालन किया जाता है, जिसमें गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधा हेतु मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट चलाने के साथ-साथ समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य शिविर भी शामिल है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल के छात्रों के लिए नवोदय कोचिंग युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयास कोचिंग तथा छात्राओं को महाविद्यालय आने जाने के लिए ÷नोनी लारी÷ जैसी बस सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com





सेंट जेवियर हाई स्कूल कोटा के प्रांगण में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि विजय टोंडे (बी.ई.ओ. कोटा) मुख्य वक्ता डॉक्टर जी. एस. पटनायक (चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर सेंट जेवियर स्कूल) लेखाश्री पटनायक (डायरेक्टर सेंट जेवियर्स चैन ऑफ़ स्कूल) जी. प्रभाकर पटनायक (सी.ओ.ओ. सेंट जेवियर चैन ऑफ स्कूल) मुकेश सराफ तथा अतिथिगण के रूप में प्रकाश चंद्र साहू (तहसीलदार सकरी) दिनेश चंद्र (टीआई कोटा) आशा दत्ता (नोडल ऑफिसर कोटा) आलोक कुमार सोनी (क्लस्टर एकेडमिक को ऑर्डिनेटर) रवि राज रजक (पत्रकार समय समाचार) तथा समस्त एस.एम.सी. मेंबर सेंट जेवियर हाई स्कूल कोटा तथा विभिन्न शाखाओं से प्राचार्य,उपप्राचार्य, प्रधानपाठक प्रधानपाठीकाएं आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय अतिथियों को भेंट स्वरूप पौधे अर्पण कर किया गया जिसका उद्देश्य समस्त समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।तत्पश्चात मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई तथा सेंट फ्रांसिस के फोटो के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित की गई। फादर लॉरेंस राज द्वारा बाईबल के प्रमुख वचनों द्वारा समस्त विद्यालय को आशीष प्रदान किया गया। तत्पश्चात विद्यालय कि छात्राओं द्वारा मनमोहक व आकर्षक ढंग से गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मोंटेसरी के बालक व बालिकाओं द्वारा बटरफ्लाई नृत्य की रोचक प्रस्तुति की गई नन्हे बच्चों को देखकर दर्शक व अभिभावकगण भाव विभोर हो उठे। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद कटारे जी द्वारा सभी के समक्ष विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कि गई जिसमें उन्होंने विद्यालय द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों को वर्णित किया तत्पश्चात अतिथिगणों को प्रतीक चिन्ह व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति की गई समस्त प्रस्तुतियां पुष्पगुच्छ के विभिन्न आकर्षक फूलों की भांति प्रतीत हो रही थी। विभिन्न नृत्य नाटिका के द्वारा समस्त दर्शकगण अत्यंत आनंदित हुए इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय टांडे जी ने शिक्षक के जीवन के महत्व एवं उसके द्वारा संपादित अनेकानेक कर्तव्यों की परिपालन करने के विषय में बताया एवं समयानुकूल अपने आपको ढालने एवं तैयार रहने के लिए सलाह दी साथ ही साथ उन्होंने नई शिक्षा नीति का पालन करने एवं बच्चों के आदर्श के रूप में स्वयं को प्रतिस्थापित करने की बात कही उन्होंने सेंट जेवियर्स स्कूल के द्वारा आकर्षक एवं प्रेरणादायक वार्षिक उत्सव का आयोजन करने के लिए शाला प्रबंधन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट नियमों का पालन करते हुए अपनी सर्वश्रेष्ठता का प्रदर्शन शैक्षणिक क्षेत्र में करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता समापन के समारोह में पहुंचे भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com





अंचल (नीलांचल सेवा समिति पिरदा सेक्टर) के ग्राम सीतापुर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। प्रतियोगिता आयोजन समिति सदस्यों ने बाजे गाजे के साथ फुलमाला से स्वागत सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम जीराडबरी टीम एवं ग्राम परसकोल के बीच चल रहे मैच को देखा जिसमें ग्राम जीराडबरी की टीम मैच अपने नाम करने में कामयाब रहा। वहीं दुसरे मैच जो कि महाकाल चनौरडीह एवं सराईपतेरा के बीच खेला जाना है खिलाड़ियों से भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन करते बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान बालिकाओं ने पारंपरिक परिधान में लोकगीतों में नृत्य प्रस्तुत किया। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने प्रतियोगिता आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभकारी है। खेलों से अनुशासन और संयम की भावना का विकास होता है। खेलों से मनुष्य में उचित निर्णय क्षमता का विकास होता है। शिक्षा के साथ खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सहयोगी होता है।ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने आगे नीलांचल सेवा समिति के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

# भैरमगढ़ ब्लॉक में शुरू हुआ हाथ से हाथ जोड़ो महाअभियान

## नीना रावतिया उद्दे कांग्रेस सिपाहियों संग पहुंची डोर टू डोर

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आज भैरमगढ़ ब्लॉक के पर्यवेक्षक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य नीना रावतीया उद्दे के नेतृत्व में ग्राम ग्राम माटवाड़ा, जैवराम, जांगला में कांग्रेस के सिपाहियों के साथ डोर टू डोर व दुकानों, बाजार में पहुंचकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के बारे में आम नागरिकों को विस्तार पूर्वक बताया। नीना रावतीया उद्दे ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो महाअभियान में सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां एक दिन में कम से कम 10 किमी यात्रा करेगी। पदयात्रा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करेगी। यह जनसंवाद कार्यक्रम सफल भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार है। यह विशाल अभियान पदयात्रा के रूप में जिले के सभी ग्राम पंचायतों, गांवों, मतदान केंद्रों और हर घर तक जाएगी। नीना रावतीया उद्दे ने यह भी कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को जनता तक पहुंचाने कांग्रेस पार्टी हाथ जोड़ो यात्रा जिले भर में निकाल रही है जिसके माध्यम से सामाजिक सौहादर्य देश की एकता अखंडता का संदेश दिया जायेगा। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की योजनाओं और कार्यो को तथा मोदी सरकार की विफलता को भी कांग्रेसी प्रचार करेंगे। इस हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेसी घर-घर जायेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मौर्य, ज़िला पंचायत सदस्य संत मंडावी, पार्वती कश्यप, जनपद सदस्य भावेश कोरसा, सुद्दो राम मंडावी, सुषमा कडती, जोन अध्यक्ष मुन्ना राम, बूथ अध्यक्ष पण्ड्र राम, वरिष्ठ कॉंग्रेसी गोपाल मिश्रा, हमीद बेगम, जानकी साहनी, घासीराम, मरीदास, लाल राम, ममता ठाकुर, मिना ठाकुर, साइलोमी कुडियम, मंगू तेलम, पोदीया लेकाम, सोमनाथ, सन्तोष राठौर, सन्तलाल यादव, दिलीप यादव, छोटू यादव, मन्नी राम, सरस्वती एवं बड़े संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बजट पर बरसे कांग्रेसी : गरीब व मध्यम वर्ग नहीं अडानी अमंनी पर बरसी है कृपा : हाफिज खान

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफ्जि खान ने मोदी सरकार के अंतिम पूर्ण आम बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट देश की गरीब आम मध्यम वर्ग की जनता के लिए नहीं है। यह बजट देश के अमीर उद्योगपतियों के लिए ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यह बजट देश की आम जनता के लिए महंगाई कम करने और युवाओं को रोजगार देने वाला बजट नहीं है। बजट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। जिससे सीधे सीधे साबित होता है कि यह बजट गरीब व आम जनता के लिए न होकर मोदी सरकार के चंद चहेते उद्योगपतियों के लिए है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफ्जि खान ने कहा कि कांग्रेस की सरकार देश की गरीब जनता,आम मध्यम वर्ग, युवाओं, महिलाओं,बुजुर्गो के लिए आम बजट लाती थीं। आम बजट आम जनता के लिए होता था। कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सिंह सरकार ने पूरे देश की जनता और सभी राज्यों के विकास के बजट दिए। महंगाई कम करने वाले बजट दिए। जनता को राहत देने वाले बजट दिए। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले बजट दिए। मोदी सरकार ने हर बार अडानी अम्बानी जैसे उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने बजट बनाये और यह अंतिम पूर्ण बजट भी उसी श्रृंखला की कड़ी है। आम बजट ने देश की आम जनता को अपना आखिरी निराशाजनक बजट दिया है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अहसन मेमन ने केंद्र की मोदी सरकार कि सप्तऋषि बजट को बताया झुनझुना और कहा कि मोदी सरकार ने 2 करोड रोजगार कि कहीं पर जिक्र भी नहीं किया गया।

# मुख्यमंत्री के निर्देश ही मेरा राजनीति डगर : शैलेंद्र साहू

## तेल घनी विकास बोर्ड सदस्य से विशेष चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



तेल घानी विकास बोर्ड के गठन में गरियाबंद जिला के सक्रिय राजनीतिज्ञ शैलेंद्र साहू को सदस्य बनाया गया है जो प्रारंभ से ही क्षेत्र के कांग्रेस की राजनीति में अहम स्थान रखते हैं । बीते दिनों पांडुका में पत्रकारों से चर्चा करते हुए वे कहते हैं तेल घनी विकास बोर्ड के अंतर्गत मुख्यमंत्री की सोच लोगों को आसान, सुलभ शुद्ध पदार्थ लोगों को मिले विभिन्न प्रकार के फल फूलों से निकलने वाले तेल जो कि काफी उपयोगी होते हैं उनके समुचित लाभ आम जनों को मिले और जिससे बीमारी का खतरा न हो दरअसल आज जो तरह-तरह की बीमारी देख रहे हैं वह गलत खानपान और मिलावटी पता खाद्य पदार्थों के चलते इसका परिणाम भुगतना पड़ रहा है इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तेल घनी विकास बोर्ड का गठन किया है अब इसे रिपा के माध्यम से विस्तार दिया जा रहा है। प्रदेश के 60 गांव में गौठान के माध्यम से शुद्ध तेल निकालने हेतु मशीन लगा रही है जिससे लोगों का रुझान इस तरफबढे और तेल के माध्यम से समाज का आय भी बढे आर्थिक उन्नति हो और फसल परिवर्तन भी इससे हो और आम लोग खुशहाल हो उन्हें प्रोत्साहन मिले आम लोगों के आय बढोतरी होने से खुशहाल होंगे। दरसल प्रदेश के अनेक स्थानों पर स्थित गौठानो में मसिन लगाये जायेंगे ।जो भी राशि खर्च होगी उसे सरकार वहन करेगी और लोगों को शुद्ध तेलों के उपयोग के लिए प्रेरित करेगी। प्रदेश में 32 प्रतिशत साहू समाज के लोग हैं और उनके आय में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है इसे देखते हुए समूह साहू समाज भी काफी चिंतित था किंतु मुख्यमंत्री के दूरदर्शिता एवं इस सोच के बाद निश्चित रूप से साहू समाज की उन्नति और आर्थिक प्रगति के नये रास्ते तय होंगे अब गौठानो में इसका तेल निकालने का कार्य प्रारंभ होगा।

# श्रीरामकृष्ण विद्यालय हायर सेकण्डरी स्कूल मंगल बाजार का 10वां वार्षिक उत्सव रंग मंदिर में धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्रीरामकृष्ण विद्यालय हायर सेकण्डरी स्कूल मंगल बाजार का 10वा वार्षिक उत्सव रंग मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में खेलकूद के विजेताओं को मेंडल व सर्टिफिकेट दिया गया। छोटे छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, 12वीं की छात्राओं के द्वारा मनुष्य तु बड़ा महान है बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। नर्सरी क्लास के छोटे बच्चो ने हर हर शम्मू गाने में डांस किया। कार्यक्रम में सस्था की अध्यक्षा तारादेवी तिवारी, प्राचार्या पुष्पा तिवारी, स्कूल संचालक विवेक तिवारी व स्कूल इन्चार्ज दीपक तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा व छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नृत्य, मराठी नृत्य, राजस्थानी डास, व लहरा दो तिरंगा गीत पर मनमोहक प्रस्तुति बच्चों के द्वारा दी गयीं । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

# केंद्र की मोदी सरकार और बीजेपी के किसान विरोधी आदिवासी विरोधी नीतियों को जन -जन तक पहुंचाया जायेगाः राव

## आवापल्ली में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आग़ाज़

पायनियर संवाददाता ◄ आवापल्ली
www.dailypioneer.com



बीजापुर जिले के सुदूर आवापल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी के मार्ग दर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उसूर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आग़ाज़ किया है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करने से पहले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के ब्लॉक पर्यवेक्षक आर वेणुगोपाल राव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष व यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कमलेश कारम, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव व विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम, जनपद अध्यक्ष अनिता तेलम ग्राम पंचायत आवापल्ली की सरपंच एन मीनाक्षी सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आवापल्ली के न्यू बस स्टैण्ड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर अभियान की विधिवत शुरुआत की है। ब्लॉक पर्यवेक्षक आर वेणुगोपाल राव ने कहा कि ÷कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज़ पर हो रहा है इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार और बीजेपी के किसान विरोधी, आदिवासी विरोधी नीतियों को जन जन तक पहुँचाया जायेगा साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी को कम करने में मोदी सरकार पूरी तरह विफल हुई है। आज पेट्रोल, डीज़ल, घरेलू गैस और खाद्य सामग्री के दाम आसमान छू रहे है जिनके क़ीमतों को भी कम करने में मोदी सरकार बीजेपी पूरी तरह नाकाम है। यात्रा के दौरान पीसीसी सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, जिला मंडी सदस्य रत्ना सोडी, अनीता मड़काम, महामंत्री राजेश वासम, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कामेश मोरला, नागेश सोडी, नागेश अंगनपल्ली, लक्ष्मी कट्टम, विनोद तालुकदार, वीरेंद्र वासम, रामलू सोडी, तिरूपति भंडारी, कड़ती मारैया, सरवर अंसारी, शंकर खटबिना, गोपाल बुरका, जीवन कलमु, सीपी अशोक, प्रमिला काका, मनीष कोरम एवम् सुनील मीडियम सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उसूर के कार्यकर्ता यात्रा में शामिल रहे।

# डॉ रमेश सोनसायटी को मिला विभूति अलंकरण सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वक्ता मंच के वार्षिक समारोह के अवसर पर आज वृंदावन सभागृह में विविध क्षेत्रों की 100 छात्र युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। विशेषकर स्कूल व कालेज से आई प्रतिभाओं के चेहरे सम्मान पाकर खिल उठे। इस कार्यक्रम का हर एक पल अविस्मरणीय रहा। सबने कहा कि प्रदेश में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने वक्ता मंच बहुत ही सूझ बूझ से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त श्रम एवं भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल थे। उन्होंने कहा कि कामगारों की श्रम और प्रतिभा ही दुनिया को खूबसूरत बनाती है। उन्होंने श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वक्ता मंच के इस कार्यक्रम ने बच्चों के हौसलों को पंख दिये है। वक्ता मंच द्वारा शैक्षणिक परिसरों में जारी भाषण, ड्राईंग, नृत्य, निबंध लेखन, सामान्य ज्ञान, रंगोली, गायन, कविता पाठ जैसी स्पर्धायें विद्यार्थियों को देश व समाज के प्रति जिम्मेदार बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ आर के पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर डॉ मनोज अग्रवाल, डॉ करुणा कुर्रे, टी पी भोई, सुनीता पाठक 'सत्या', अजय बघेल एवं डॉ उदयभान सिंह चौहान विराजमान थे। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम में साहित्य, पत्रकारिता, खेल, शिक्षा, समाज सेवा, पुलिसिंग व पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत प्रदेश की 21 विभूतियों को विभूति अलंकरण सम्मान भी प्रदान किया गया। हाल ही में उत्तराखंड की 12500 फीट ऊँची चोटी केदारकंठा को माईनस 18 डिग्री तापमान में फ्तह कर लौटनेवाली छत्तीसगढ़ की टीम के जांबाज युवाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुशील सनी अग्रवाल ने इन युवाओं को राज्य शासन के द्वारा सम्मानित करवाये जाने की घोषणा की। समारोह में काव्य पाठ के साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। यातायात प्रशिक्षक टी के भोई ने सड़क सुरक्षा के प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। प्रदेश में 11 से 17 जनवरी तक सफ्लतापूर्वक यातायात सुरक्षा सप्ताह चलाने हेतु रायपुर व दुर्ग के यातायात पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। शैक्षणिक परिसरों में संपन्न स्पर्धाओं में सर्वाधिक प्रविष्टि प्रदान करने हेतु लक्ष्मी नारायण कन्या शाला, राष्ट्रीय विद्यालय एवं बिंदा सोनकर विद्यालय को बेस्ट एंट्री अवार्ड प्रदान किया गया। आज के समारोह में राजेश पराते, शुभम साहू, विवेक बेहरा, ज्योति शुक्ला, राजू छत्तीसगढिया, दुष्यंत साहू, ईश्वर साहू, संतोष धीवर, धनेश्वरी नारंग, पूर्नेश डडसेना, खेमराज साहू, यशवंत यदु, हेमलाल पटेल, भावेश यदु, प्रीतिश तिवारी सहित वक्ता मंच के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। समारोह के दूसरे सत्र में प्रदेश भर से आये वक्ता मंच के सदस्यों ने मंच द्वारा जारी जन सापेक्ष कार्यो को तीव्र करने की योजना बनाई। वक्ता मंच वर्ष 2023 में बड़े रचनात्मक अभियानों व समाज सेवा के नये प्रकल्पों के साथ युवा पीढी को दिशा देने का कार्य जारी रखेगा।

डॉ रमेश सोनसायटी को पत्रकारिता एवं चिकित्सा के माध्यम से समाज सेवा के लिए विभूति अलंकरण सम्मान से नवाजा गया सम्मानित होने पर शुभचिंतकों मैं हर्ष व्याप्त है एवं बधाई प्रेषित की है

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ नवापारा राजिम
www.dailypioneer.com



इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य मंत्री के बंगले पहुंचकर स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से संबंधित ज्ञापन सौंपा जिसमें अवगत कराया गया है कि अपने ही पद्धति में चिकित्सा कार्य पठन-पाठन अनुसंधान हेतु स्वीकृति प्रदान करें जो कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मध्य प्रदेश के आदेशानुसार भारतीय संविधान के अनुसार चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान कार्य पर रोक नहीं है 14 फ्रवरी 2011 आरटीआई के पत्र अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अनुसार पूरे भारत में इस चिकित्सा पद्धति पर क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 लागू नहीं होता है उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली 22 जनवरी 2015 के पत्र अनुसार शिक्षा अनुसंधान एवं चिकित्सा कार्य पर रोक नहीं है एवं आयुक्त स्वास्थ्य एवं सेवाएं छत्तीसगढ़ के पत्र अनुसार 5 सितंबर 2017 इलेक्ट्रो होम्योपैथी से शिक्षित व्यक्ति को अपने ही पद्धति में चिकित्सा कार्य किए जाने हेतु अनुमति दिया जाना प्रस्तावित है इसी तरह से मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल 14 नवंबर 2017 पत्र अनुसार भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी एवं अल्टरनेटिव मेडिसिन के चिकित्सकों को अपने ही पद्धति में कार्य करने हेतु अनुमति प्रदान किए हैं।

# गौरव विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com




श्री शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव कायक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डोल चंद पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कार्यक्रम मैं अध्यक्षता कर रहे प्रदीप गुप्ता प्रमुख ट्रस्टी गायत्री परिवार विवेक अग्रवाल मंडी उपाध्यक, शाहिना परवीन, संतलाल पटेल, सीता सतपथी पार्षद वार्ड क्रमांक 7, एवं विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया स्वागत गीत व स्वागत नृत्य ,विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया त्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल सर किशोर भारतीय अध्यक्ष हिमांशु साहू कन्या भारतीय अध्यक्ष कुमारी दिव्या पटेल किशोर भारती उपाध्यक्ष हेमंत साहू किशोर भारती सचिव भावेश साहू क्रिड़ा प्रमुख उपेंद्र साव तथा सह सचिव आलोक भाई द्वारा क्रमशः साल एवं श्रीफल तथा बेच लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया इसके पश्चात कक्षा दसवीं व कक्षा बारहवीं के प्रतिभावान छात्र छात्रा आयुष साहू 10वी एवं खिरोदिनी पटेल 12वी को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन का वाचन किया गया इसके उपरांत विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## 45 गांव के देवी देवता होते है शामिल, ढोल नगाड़े बजाकर नाचते हैं देवी-देवता

# कोकोड़ी में तीन दिवसीय जात्रा शुरू करगाल परगना के देवी-देवता हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

ज़िला मुख्यालय से लगभग 10 किमी मे बसे ग्राम कोकोड़ी में तीन दिवसीय जात्रा का शुभारंभ हुआ माता मावली मेला शुरू होने के पूर्व कोकोड़ी में जात्रा का आयोजन होता है इस जात्रा में माता की अनुमति मिलने के बाद ही माता मावली मेले का आगाज हो जाता है शुक्रवार को कोकोड़ी में जात्रा की शुरुआत हो गई। आदि काल से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए कोकोड़ी जात्रा में 45 गांव के देवी देवताओं ने शिरकत करते हुए नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया वही देवी देवताओं ने एक दूसरे से मेल मिलाप कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया 3 दिनों तक चलने वाले इस जात्रा में अबूझमाड़ सहित दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों ने पहुंचकर इसका आनंद लेकर अपने-अपने देवी देवता की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद लिया। पहले दिन देवी देवताओं का आगमन होता है देवी देवताओ के पहुंचने के बाद मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर नगाड़ा बजाने की शुरुआत की जाती है नगाड़ों की गूंज के बाद देवी देवता मंत्रमुग्ध होकर नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमते हैं वही कुछ देवी देवता मांदर की धुन में शक्ति प्रदर्शन करते हुए नजर आते हैं वही जात्रा में पहुंचे ग्रामीण अपने-अपने देवी-देवताओं को तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लेते हैं।





### दूर दूर से आए देवी देवता एक दूसरे को लगाते हैं गले

वही जात्रा के दूसरे दिन दूरस्थ अंचल से आए देवी देवता एक दूसरे के साथ में मेल मिला कर एक दूसरे को गले लगाते हैं जिसके बाद तीसरे दिन देवी देवताओं को चावल एवं श्रीफल देकर अपने-अपने गृह ग्राम के लिए विदाई दी जाती है इस कोकोड़ी जात्रा का आयोजन 3 दिनों तक चलता है इसमें सैकड़ों गांव के ग्रामीण सम्मिलित होकर इसका आनंद उठाते हैं इस कोकोड़ी जात्रा में माता की अनुमति मिलने के बाद ही माता मावली मेले की शुरुआत होती है।

### आदिवासी क्षेत्रों में जात्रा का एक अलग ही महत्व है

आज भी यहां के आदिवासी इस परंपरा एवं संस्कृति को संभाल कर रखे हैं परंपरा का निर्वहन करते हुए माता मावली मेले से पूर्व कोकोड़ी जात्रा का आयोजन होता है इस जात्रा में करगाल परगना के 45 गांव के देवी देवता सम्मिलित होते हैं मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर कोकोड़ी गांव में कोकोड़ी तराई माता के मंदिर में इस जात्रा का आयोजन होता है 3 दिनों तक चलने वाले इस जात्रा में शामिल होने के लिए देवी-देवताओं को पहले आमंत्रित किया जाता है।

### रेला गीत गाकर महिलाए करती हैं नृत्य

जात्रा के पहले दिन देवी देवता नगाड़ों की छाप में झूमते हैं इसके साथ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी नगाड़ों की थाप पर सामूहिक रूप से रेला गीत गाकर नृत्य करते हुए नजर आती हैं।

## भ्रष्टाचारी कांग्रेस हटाओ छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन

# कोण्डागांव भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



भाजपा भांटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा जब कांग्रेस की सरकार ने सत्ता में आने से पहले जो झूठे वादे किए थे, वो सभी कार्यकर्ताओं को याद करना होगा और जनता तक पहुंचाना होगा। शर्मा ने कहा कि, सरकार ने चिटफंड का 2 करोड़ रुपये वापस करवाया और उसके प्रचार में 99 करोड़ रुपये खर्च कर दिए शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा चुनाव का समय लगभग 10 महीने का बच गया हैं, सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनावी कार्य मे लग जाए। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि, कांग्रेस ने सरकार में आने के लिए हर वर्ग को छला हैं, जब भाजपा की सरकार थी तब भाजपा की सरकार में पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया गया था, लेकिन आज कांग्रेस की सरकार हर क्षेत्र में विफल रही हैं, किसानों को बारदाना देने में भी सक्षम नही हैं। भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य लता उसेण्डी ने कहा कि, कांग्रेस की सरकार में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने में असफल हैं, आज आंगनबाड़ी की बहने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठी हैं। लगातार कांग्रेस सरकार के द्वारा धर्मांतरण को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को जेल भेजकर प्रताड़ित किया जा रहा हैं, कांग्रेस सरकार हर छेत्र में विफल रही हैं, आने वाले समय मे सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ कार्य करके दुबारा विधानसभा जीतकर भाजपा की सरकार बनाएंगे और छत्तीसगढ़ में जो विकास रुका हुआ हैं, उसे दुबारा विकास की ओर ले जाएंगे। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यरूप से जिला प्रभारी महेश जैन सहप्रभारी बृजमोहन देवांगन विधानसभा प्रभारी संजय पांडे जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, दयाराम पटेल, गोपाल दिक्षित, मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र ठाकुर, मीनू कोर्राम, मंगतू नेताम, कृष्णा पोयाम, दीपेंद्र नाग, जसकेतु उसेण्डी, जितेंद सुराणा, बलसिंह बघेल, सुरेश देवांगन, संजू पोयाम, इना श्रीवास्तव, लक्ष्मी ध्रुव, सोनामणी, बसन्ती ठाकुर, रेखा साहू, मोहिता पटेल, विद्या देवांगन, केसर देहारी, दिलावर कपाड़िया, रौनक पटेल, अंकुश जैन, बंटी नाग, महेंद्र पारख, अविनाश सोरी, नानू सेन, हर्ष ढिल्लन, पोलटू चौधरी, दिनेश राव और अन्य कार्यकर्तागण उपस्तिथ रहें।

# 165 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



165 बटालियन केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की 03 कम्पनी के जगरगुन्डा में तैनाती के बाद दुसरी बार 01/02/2023 को सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया गया। यह देखकर काफी प्रसन्नता हुई कि शुरूआती झिझक के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों, बच्चों एवम युवाओं ने अपने सरपंच के साथ इस प्रोग्राम में भाग लिया और मदद के लिये 165 बटालियन केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की उन तक पहुँचने के हमारे प्रयासों में अपना अपेक्षित विश्वास प्रदर्शित किया। इस दौरान 165 वी वाहिनी द्वारा खेलकुद के सामग्री का वितरण किया गया। उक्त प्रोग्राम के दौरान बच्चों को केम्प में रखकर चिकित्सा शिविर का आयोजिन किया गया तथा जीवन रक्षक दवा विशेष रूप से मलेरिया रोधी दवाऐं वितरित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच सूखा राशन भी वितरित किया गया और सभी बच्चों को चॉकलेट एवम बिस्कुट भी दिये गये। इस आयोजन के दौरान 165 बटालियन के धर्मेन्द्र कुमार झा कमान्डेंट संजय ठाकुर सहा0कमां0 , सावंत योगेष शिवजी सहा0कमां0 मारूति वी नायक सहा0कमां0, एवम प्रभात कुमार चिकित्सा अधिकारी, उपस्थित रहे।

इस शुभ अवसर पर कमान्डेंट महोदय ने युवाओ को आगे आकर अपनी उर्जा से समाज एवम देश को नई दिशा दिखाने के लिये एवम विध्वंशकारी असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने का भी आहवान किया। उन्होने कहा कि ये समाज के बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, यदि आज इन्हे समूचित शिक्षा और खेलकुद का अवसर दिया जाता है और उपयुक्त माहौल उपलब्ध करवाया जाता है, तो निश्चित रूप से ये सभी बच्चे ,आने वाले समय में देश के लिये प्रशिक्षित मानव संसाधन बनकर देश के विकास में अपना महती योगदान देंगें। बदलते समय के साथ ये बच्चे अपने जीवन शैली में आवश्यक बदलाव करें, तभी बदलती आधूनिक दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकेगें। उन्होने उपस्थित छात्र छात्राओं को पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ अपने सार्थक उद्देश्य को पाने का प्रयास करने का अनुरोध किया तथा उनके प्रयासों मे उन्हें 165 बटालियन के तरफ से हर संभव सहयोग एवम उनके सुरक्षा के लिये हमसाये के तरह खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

## उप-जेल नारायणपुर का कोंडागांव न्यायाधीश ने लिया जायजा



**कोंडागांव।** उत्तरा कुमार कश्यप जिला व सत्र, अध्यक्ष, जिला सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा उप जेल नारायणपुर का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर का का आयोजन किया गया और साथ ही उपस्थित विचाराधीन को निःशुल्क विधिक सलाह अदालत संबंध में जानकारी देते हुए, राजीनामा योग्य में आपसी समन्वय से निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। इस उक्त विधिक शिविर में सहायक जेल अधीक्षक नारायणपुर, अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण हेतु पंजीयन शिविरों का आयोजन

**कोंडागांव।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के द्वारा एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सुरक्षा में कार्यों हेतु जिले में ईच्छुक युवाओं को सरुक्षा गार्ड का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 3 फरवरी को जनपद पंचायत फरसगांव, 6 फरवरी 2023 को जनपद पंचायत कोंडागांव और 7 फरवरी को लाईवलीहुड कॉलेज कोंडागांव में पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस बारे में जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम ने बताया कि, इन पंजीयन शिविरों में पंजीकृत युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत प्लेसमेंट के जरिये स्थायी रोजगार प्रदान करने पहल किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



## पूर्व विधायक मंतूराम पवार ने किया समर्थन दिया


पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com

अपने 6 सुत्रीय मांगो को लेकर कोयलीबेड़ा बलॉक के चार सेक्टर के 102 आंगनबाड़ी केंद्र के महिला कार्यकर्ता व सहायिका ने सरकार के खिलाफ अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दिया हैज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने कलेक्टर दर पर मानदेय बढ़ाने सहित अन्य मांगो को लेकर हड़ताल पर चले गए है,वही हड़ताल का समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक मंतूराम पवार कहा कांग्रेस सरकार ने चूनावी वादा किया था ,कांग्रेस की सरकार बनने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को कलेक्टर की दर पर मानदेव दिया जयगा मगर सरकार बनने का चार साल से भी ज्यादा होने पर भी मांग को पूरा नही किया गया,मंच पर ही बैठे मंत्री अनिला भेड़िया से फोन से बात किया, मंत्री ने मंतूराम पवार को आस्वत किया कि एक दो दिन के अंदर निराकरण किया जायेगा। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला जड़ दिया है,नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम के सामने में धरना शुरू कर दिया हैज्बता दे कि बीते दिनों से लगातार मांगो को पूरा करने के लिए धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, अब अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन हड़ताल शुरू कर दिया है.. और जब तक मांगे पूरी नही होती हैं.. तब तक आंदोलन जारी रखने की बात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कही हैं। पूरे छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हड़ताल मे जाने से जिसका सीधा असर आंगनबाड़ी जाने वाले छोटे छोटे ननिहाल बच्चो, गर्वबती महिला एवं कुपोषित बच्चों को पोस्टिक आहार से वंचित होना पड़ रहा है इधर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस सरकार की चूनावी वादा किया था, जब तक हमारी 6 सूत्री मांगे पूरी नहीं होती है तब तक लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता व सहायिकाओं की मांग जायज

# अपने घोषणा पत्र में किए वादों को निभाए कांग्रेस सरकार : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता और सहायिका अपनी छह सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बखरुपारा स्थित बाजार स्थल मे धरने पर बैठी हुई है। वही गुरूवार को पूर्व शिक्षामंत्री व भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप भी धरना स्थल पहुंच उनकी जायज मांगो का समर्थन करते भुपेश सरकार को जनविरोधी सरकार कहते हुए कहा की आप लोगो की सभी मांगे जायज है भुपेश सरकार ने जनघोषणा पत्र के माध्यम से आपकी मांगो को पुरा करने का वादा किया था लेकिन आज चार साल से अधिक का समय बीतने के बावजूद सरकार अपने वादे पर अमल नहीं कर रही है ये प्रदेश के लिए दुर्भाग्य की बात है।कांग्रेस सरकार झूठ के सहारे सत्ता मे आयी है इनकी कथनी और करनी मे फर्क साफहै।आगे कश्यप ने कहा जँहा एक ओर केंद्र की मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रगतिशील है तो दूसरी ओर प्रदेश की भुपेश सरकार महिलाओ से उनका रोजगार रेडी टू इट बनाने का काम छीनकर उन्हें आर्थिक चोट पहुंचाने का काम कर रही है, जो कांग्रेस सरकार की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। वही आगे उन्होंने ने कहा जन्म से मृत्यु तक सरकार के तमाम योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता व सहायिका बहुत कम मानदेय पर अपना दायित्व निर्वहन कर रही है लेकिन कांग्रेस सरकार का इस ओर ध्यान न जाना इनके साथ विश्वासघात है।इस दौरान भाजपा जिला संगठन प्रभारी भरत मटियारा,भाजपा नेता गौतम गोलछा, भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष रतन दुबे,सोनू कोर्राम, प्रताप मंडावी, जयप्रकाश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में 2 लाख 16 हजार 117 मेट्रिक टन धान की खरीदी

## कुल 47 हजार 507 किसानों में से 40 हजार 550 किसानों ने बेचा धान

पायनियर संवाददाता < कांण्डागांव
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की किसानों को कृषि उपज की वाजिब दाम सुलभ कराने की किसान हितैषी नीति के फलस्वरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले कृषकों में ईजाफा होने के साथ ही धान खरीदी मात्रा में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। यही वजह हैं कि, इस वर्ष कोंडागांव जिले में 40 हजार 550 किसानों से रिकार्ड 2 लाख 16 हजार 117 मेट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई हैं, जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य एक लाख 72 हजार 130 मेट्रिक टन के विरूद्ध करीब 25 प्रतिशत अधिक हैं। वहीं यह विगत खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी से करीब 41 प्रतिशत ज्यादा हैं। इसके साथ ही जिले में गत वर्ष की अपेक्षा इस साल लगभग 6 हजार अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की दिशा में 47 लैम्प्स समितियों के 61 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1 नवंबर से 31 जनवरी तक धान की खरीदी की गई। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन पर भी ध्यान केन्द्रीत कर दूरस्थ ईलाके के किसानों सहित वनाधिकार पट्टेधारक कृषकों के पंजीयन पर फोकस किया गया। जिससे धुर नक्सली प्रभावित दूरस्थ कुधूर, तुमड़ीवाल ईलाके के किसानों का भी पंजीयन कर उनके धान का परिवहन हेतु आवश्यक सहायता सुलभ कराया गया। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को टोकन की सुगम उपलब्धता, पर्याप्त बारदाना की सुलभता सहित समय पर किसानों के धान की तौल, पेयजल की सुलभता ईत्यादि समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं सहकारिता विभागों के अधिकारियों की टीम द्वारा धान खरीदी की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई। जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध धान की आवक रोकने सहित धान खरीदी केन्द्रों पर जिले के पंजीकृत किसानों को धान विक्रय करने में आसानी हुई।

### अंतिम दिवस तक धान खरीदी पर फोकस, किसानों ने समुचित व्यवस्था के लिए दिया धन्यवाद

जिले के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु समुचित व्यवस्था करने के फलस्वरूप अंतिम दिवस तक धान वि य के लिए आये सभी किसानों का धान उपार्जन सुनिश्चित किया गया। जिससे जिले के सभी किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु बेहतर व्यवस्था करने के लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस बारे में बड़ेकनेरा के किसान लोकमन दीवान बताया कि, इस वर्ष धान खरीदी केन्द्र में टोकन, बारदाना की सुलभता सहित धान की तौल सभी व्यवस्था दुरूस्त थी, जिससे किसानों को धान वि य करने में सहूलियत हुई। वहीं लंजोड़ा धान खरीदी केन्द्र में अंतिम दिवस 31 जनवरी को 80 क्विंटल धान बेचने वाले किसान घसियाराम सहित 30 क्विंटल धान विक्रय करने वाले कृषक अर्जुन और 80 क्विंटल धान बेचने वाले किसान उत्तम कुमार ने कहा कि, इस साल धान खरीदी करने हेतु आखिरी दिन तक राज्य सरकार की बेहतर व्यवस्था के फलस्वरूप सभी किसानों को धान बेचने का अवसर मिला।

## सम्मेलन में शामिल हुए हजारों की संख्या में छात्र, छात्राए

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्र शक्ति संगम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नारायणपुर के द्वारा छात्र शक्ति संगम जिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व बस्तर कमिश्नर गणेश शंकर मिश्रा, अभाविप के प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी पवन सुराना नगर के अलावा गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में जिलेभर के विद्यार्थियों का जनसैलाब छात्र तरुणाई के रूप में उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के क्रीड़ा परिसर खेल मैदान में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन पुष्पांजलि कर किया। मुख्य अतिथि गणेश शंकर मिश्रा के वक्तव्य में विद्यार्थियों को शिक्षा से स्वावलंबन एवं व्यक्तित्व विकास पर अपने विषय रखे गए तथा कैरियर मार्गदर्शन को लेकर विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा हेतु शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किए साथ ही प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णव द्वारा वर्तमान शिक्षा के परिदृश्य पर अपना विषय सभा में संबोधित किया जिसमें वर्तमान शिक्षा की समस्या तथा उसके समाधान के लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा पूरे देश भर में किए जा रहे प्रयास को अपने भाषण में विद्यार्थियों के लिए संदेश दिया।प्रास्ताविक सत्र में जिला संयोजक नरेंद्र शोरी द्वारा नारायणपुर की शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य पर वर्तमान शिक्षा के भ्रष्टाचार तथा व्यापारीकरण के संघर्ष के लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। बता दे कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 75 वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर पर मां मावली की पावन धरा नारायणपुर अबूझमाड़ में छात्र शक्ति के उत्साह को मजबूत करने के लिए जिले में प्रथम बार सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जिले के हजारों छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए।

### अभाविप ने निकाली भव्य शोभायात्रा

विद्यार्थी परिषद ने अमृत महोत्सव का संदेश लोगों तक पहुंचाने कार्यक्रम स्थल से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान भारत माता की जय ,वंदे मातरम के नारों की गूंज नगर के गणमान्य नागरिक व प्रत्येक व्यक्ति के लिए हर्ष एवं उत्साह का वातावरण बना। इस मौके पर शेख नाहिद, तरुण नाग कांकेर विभाग संयोजक सूरज कुमार साहू प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हेमलता कुलदीप, रोहित नाग हेमंत प्रकाश, देवेन्द्र कड़ियाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगरमंत्री इशांत जैन ने आभार व्यक्त किया।

# बाढ़ आपदा से बचाव के लिए दलपत सागर में किया गया मॉक ड्रिल

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बाढ़ आपदा के दौरान लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल के जवानों द्वारा दलपत सागर में संयुक्त रूप से अभ्यास किया गया। इस दौरान बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने, नाव पलटने की घटना में लोगों को बचाने, कामचलाउ तौर पर घरेलू अनुपयोगी सामग्री से तैयार तैराकी उपकरण से लेकर आधुनिक रिमोट संचालित लाइफ बॉय एवं गोताखोरी के माध्यम से लोगों के जीवन को बचाने के का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही लोगों को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर देने की सही विधि भी बताई गई। यहां इस दौरान अंडर वाटर कैमरा, डिप डाइविंग सूट, एलिकेन टावर लाइट, आस्का लाइट, लाइफ जैकेट, पेट्रोल चेन सॉ, वॉल पुल्डर, बोल्ट कटर, लाइन रोप, ट्यूब, हैवी कटर, हाइड्रोलिक स्प्राइडर कटर आदि आधुनिक उपकरणों से लेकर प्लास्टिक की खाली बोतल, सीखा नारियल, टिन या प्लास्टिक के डब्बों से तैयार तैराकी उपकरणों का जीवन बचाने के लिए उपयोग की विधि बताई गई। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफके 30 और एसडीआरएफ के 20 जवान शामिल हुए। मॉक ड्रिल को बस्तर फाइटर्स के साथ ही स्कूली बच्चों ने भी देखा और जीवन रक्षण की विधि सीखी। इस दौरान उपस्थित अपर कलेक्टर हरेश मंडावी ने कहा कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से हमें अपने उपकरणों को परखने का अवसर प्राप्त होता है। प्रशिक्षण से कई नई बातें जानने को भी मिलती है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर आस्था राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी नंदकुमार चौबे, एनडीआरएफ के टीम कमांडर एसके त्रिपाठी, टीम टू आईसी पंकज खुलबे, डीके सिंह, नगर सेनानी एसके मार्बल, तहसीलदार पुष्पराज पात्र, रेड क्रॉस सोसायटी बस्तर जिला के सचिव एलेकजेंडर चेरियन, सहित राजस्व विभाग, नगर सेना, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, रेड ॅास सोसायटी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजधानीवासियों को मिली दो बड़ी सौगातें, तेलघानी आरओबी और गोगांव आरयूबी का हुआ लोकार्पण

## 6 लाख से अधिक शहर वासियों को मिलेगी अबाध यातायात की सुविधा

■ आम जनता के हितों का खयाल रखने के लिए मुख्यमंत्री का लोक निर्माण मंत्री ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com







रायपुर शहरवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग आज पूरी हो गयी है। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रायपुर रेलवे स्टेशन के पास 35.54 करोड़ रूपए की लागत से बना 526 मीटर लंबा तेलघानी रेलवे ओवरब्रिज ब्रिज तथा उरकुरा- सरोना बायपास रेल लाइन में 15.73 करोड़ रूपए की लागत से तैयार 407 मीटर लंबे और 7.5 मीटर चौड़े गोगांव रेलवे अंडर ब्रिज का लोकार्पण किया। इन दोनों बड़े निर्माण कार्यों की सौगात मिलने से रायपुर शहर की जनता को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी और यहां लगने वाले जाम से निजात मिलेगी।

**6 लाख से अधिक शहर वासियों को मिलेगी सुविधा :** तेलघानी आरओबी से लगभग 3 लाख से अधिक आम नागरिकों के साथ-साथ संपूर्ण नगरीय क्षेत्र को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 6 एवं 7 के लिए सुगम यातायात उपलब्ध होगा। इसी तरह से गोगांव आरयूबी के शुरू हो जाने से इस क्षेत्र की लगभग 3 लाख से भी अधिक की आबादी को लाभ मिलेगा। इन दोनों सुविधाओं के लिए साहू ने छः लाख से अधिक शहर वासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि ये दोनों ही ब्रिज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्राथमिकता वाले कामों में थे और इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए थे।

**सुगम यातायात उपलब्ध होगा :** लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि अब इन दोनों ब्रिजों से शहर वासियों को आने जाने में कोई तकलीफ नहीं होगी। शहर का एक कोना दूसरे कोने से आज जुड़ गया है और अब इस पार- उस पार की सीमाएं भी खत्म हो गयी हैं। दोनों ब्रिजों से शहर के दोनों तरफ आवागमन केसाथ साथ व्यापार व व्यवसाय और मेलजोल भी तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने यहा भी बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए पुराने तेलघानी ओवरब्रिज से भारी वाहनों का आवागमन भी बंद कर दिया गया है अब इस ब्रिज से केवल दो पहिया और छोटे चार पहिया वाहन ही गुजर सकेंगे। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री बघेल की अगुवाई में कई ऐसी योजनाएं चलाई हैं जिससे लोगों की जेब में पैसा आया है। पहले शहर की यातायात व्यवस्था 7-8 लाख की आबादी के हिसाब से थी परन्तु अब यह बढ़कर लगभग 25 लाख की आबादी तक पहुंच गयी है। शासन की योजनाओं से लाभ लेकर लोगों ने अपनी सहूलियत के लिए वाहन भी खरीदे हैं तो उनको चलाने के लिए अच्छी सड़कें देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी को निभाते हुए शहर में दो नए ब्रिजों का आज लोकार्पण हुआ है। लोगों को निरंतर अबाध आवागमन की सुविधा मिलेगी इसके लिए मैं मुख्यमंत्री सहित लोक निर्माण मंत्री का भी आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, महापौर ऐजाज ढेबर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्यनारायण शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित लोक निर्माण विभाग एवं रेल विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अमृत काल का पहला बजट शानदार

पायनियर संवाददाता ✓ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा आदिवासी नेत्री डिंपल (डाली) ध्रुव ने कहां है की वित्त मंत्री सीतरमण द्वारा बजट 2023इ 24 पेश किया गया उन्होंने कहा कि देश इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और 25 वर्ष के बाद स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष पूरा होने पर वित्तमंत्री ने अमृत कालका पहला बजट इसी पर फोकस किया है डाली ध्रुव ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मैं बजट में ऐसे जरूरी प्रावधान किए हैं जो देश को आधुनिक की तरह ले जाएगा देश को भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना आत्मनिर्भर भारत जिसमें देश का हर नागरिक अपने आप से सक्षम हुनरमंद और आत्मनिर्भर हो और आने वाले पीढ़ी के लिए एक समृद्ध शाली भारत के निर्माण यहां बजट दूरगामी परिणाम देने वाला साबित होगा उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं महिलाओं की कृषको अनुसूचित जातिइजनजाति व्यापारियों सहित सभी लोगों का ख्याल रखा गया है डाली धुव ने इस बजट को कृषि व किसान हितेषी बताते हुए कहा कि इस बजट में कृषि ऋ्ण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रूपए करने से किसानों को अत्यंत आवश्यक वित्त उपलब्ध होगा और खाधान्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के परिव्यय को 65 प्रतिशत बढ़ाकर 79.000 करोड़ किया गया है मोदी सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षा को और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी इसके अलावा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की शुरुआत की जाएगी युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनानी विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे देश की आधी आबादी महिलाओं के लिए मोदी ने महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी होगी इसमें महिलाओं को2.00 लाख की बचत पर7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा मोदी सरकार ने विशेष रूप से जनजातीय समूहो की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री पीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जाएगा ताकि प्रधानमंत्री पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके और इस योजना के लिए15.000 करो राशि उपलब्ध मोदी सरकार उपलब्ध कराएंगे इस शानदार अमृत काल बचत के लिए भाजपा आदिवासी केंद्र नेत्री डॉली ध्रुव ने केंद्र के मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड 'छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग' के अध्यक्ष नियुक्त



**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा पूर्व मुख्य सचिव और रेरा के पूर्व चेयरमैन विवेक ढांड को 'छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यहां महानदी भवन, नवा रायपुर से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किए जाने वाले प्रशासनिक नवाचारों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समय-समय पर राज्य सरकार की सुझाव देने के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग' का गठन किया गया है।

# किराये में रखा था शिक्षक, देवरूंग में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी समीर कुमार मिश्रा निलंबित

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने मीडिया के माध्यम से मिली शिकायतों एवं जांच के आधार पर कसडोल विकासखण्ड के ग्राम देवरूंग के प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी समीर कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव ने आदेश जारी की है। गौरतलब है कि समीर मिश्रा विगत 7 माह से कभी-कभी स्कूल आने एवं अपने स्थान पर किराये की एक शिक्षिका रखकर स्कूल में बच्चों को अध्ययन कराये जाने की गम्भीर शिकायत समाचार एवं मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। उक्त शिकायत की जांच में अध्ययनरत छात्रों द्वारा भी उक्त शिक्षक कभी-कभी स्कूल आने, उनके स्थान पर किराये की शिक्षिका द्वारा अध्यापन किये जाने की पुष्टि स्वयं शिक्षिका द्वारा की गयी है। उन्होंने बताया कि समीर कुमार मिश्रा द्वारा उन्हे महीने में 6 हजार रुपये देने की बात कह कर स्कूल में पढ़ाने रखा गया है और 4 हजार रुपये वेतन दे रहे है। समीर कुमार मिश्रा का उपरोक्त कृत्य प्रथम दृष्टया कर्तव्य में घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है जो सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के निहित नियम के विपरीत होने से छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार होगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# सिकाशेर नहर परियोजना का विस्तार महासमुंद जिला में किया जाए : जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



जिला क्षेत्र में सिंचाई के कोई ठोस साधन नहीं होने से यहां के किसान प्रति वर्ष अकाल व सूखा का सामना करते हैं। बार बार सूखा व अकाल से यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खस्ताहाल है अकाल व सूखा से किसानों को मुक्ति दिलाने का एक मात्र जरिया सिकाशेर जलाशय के पानी को छुरा, खल्लारी, फिंगेश्वर महासमुंद, पिथौरा क्षेत्र के किसानों के प्यासे खेतों की प्यास बुझाने गरियाबंद जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित नहर परियोजना की सर्वे की प्रशासकीय स्वीकृति एवं मुख्य नहर कार्य को आगामी बजट में प्रावधान कराने की मांग को लेकर अंचल के सैकड़ों किसान 6 फरवरी 2023 को सुबह आठ बजे खल्लारी माता के दर्शन कर राजधानी रायपुर के लिए पदयात्रा प्रारंभ करेंगे।

पदयात्रा का समर्थन करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर ने क्षेत्र के तमाम किसान और किसान जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे सब दलगत भावना से उपर उठकर किसानों के तरक्की और क्षेत्र की बेहतरी के लिए पदयात्रा में अपनी सहभागिता जरूर दें ताकि यह सिंचाई यात्रा सफल हो सके और सिकाशेर जलाशय से महासमुंद कोडार, चरौदा, कोमा एवं अन्य जलाशय को नहर द्वारा भरकर जल संग्रहण किया जा सके जो आवश्यकता होने पर पर्याप्त सिंचाई के लिए किसानों को पानी मिल सके।

# संजय कानन में सुहागिनों का हुआ हल्दी कुमकुम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



बागबाहरा रोड स्थित संजय कानन में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के द्वारा हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाराष्ट्रन समाज की सुहागीन के अलावा सभी समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सुहागिनों ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगा कर अमर सुहाग का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि मराठा समाज में हल्दी कुमकुम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

इस परंपरा को आज सभी महिलाओं के साथ मिलकर मनाने से सभी बहनों में आपसी प्रेम बनती है। बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पार्षद मीना वर्मा, सरला गोलू मदनकार, सरिता तिवारी, राजश्री ठाकुर, राखी ठाकुर, रानू वर्मा, वर्षा मोदघडे, संगीता माकड़े, संगीता कापसे, यनिता घाडगे, श्रद्धा भंडेकर, भारती देवांगन, पदमिनी साहू, लक्ष्मी दीवान, संगीता गुर्वेकर, लता कैलाश चंद्राकर, सती चंद्राकर, ममता राठौर, सपना गोलछा, रमा महानंद आदि उपस्थित थे।

# अल्ट्राटेक रावन ने किया चार शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में उन्नतीकरण कार्य

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र के गुणवत्ता विकास हेतु विभिन्न आधारभूत संरचना के विकास हेतु कार्य प्रारंभ किया गया है।

जिसमें खपराडीह एवं निवारी में स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री तथा भवन नवीनीकरण पेंटिंग तथा ग्राम चुचरूगपुर स्वास्थ्य केंद्र में टाइल्स फिटिंग, लेबर रूम प्लेटफार्म एवं रोगियों के बैठने हेतु टाइल्स प्लेटफार्म एवं भवन बाउंड्रीवाल की पेंटिंग एवं योगा मंच के सामने योगा करने हेतु बड़े साइज का योग प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। ग्राम गुमा में स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कांक्रीटीकरण, लेबर रूम, प्लेटफार्म तथा बाउंड्रीवाल एवं भवन की पेंटिंग की जा रही है। कार्य के शुभारंभ हेतु ग्राम खपराडीह के सरपंच उर्मिला ध्रुव, योगेश्वर साहू (आर एच ओ) नेवारी सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम साहू, विजय साहू (आर एच ओ) सरपंच प्रतिनिधि मनी माण्डले, रेशम साहू (आर एच ओ) एवं चुचरूगपुर सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सोनवानी, पद्मनी मारकंडे (आर एच ओ) के साथ ग्रामीण,पंच आदि भी उपस्थित थे। समस्त स्थानों पर कार्य शुभारंभ के अवसर पर अल्ट्राटेक संयंत्र प्रबंधन एवं सीएसआर से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी रोहित श्रीवास्तव व टीम तथा सिविल से कपिल तिवारी उपस्थित थे।समस्त ग्राम प्रमुखों ने कहा कि कार्यों के संपादित होने से स्वास्थ्य केंद्रों की सेवा प्रदान करने की गुणवत्ता का विकास होगा।

# ऐसे कबड्डी प्रतियोगिता से आपसी जुड़ाव के साथ ही भाईचारा भी बढ़ता है : त्रिभुवन

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



झलप के नव युवक समिति के द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने की।

झलप टिकरापारा के नव युवक समिति के तत्वावधान में बुधवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने की। अध्यक्षता सरपंच किशन कोसरिय रहे। विशेष अतिथि के रूप में बलविंदर सिंह सीटू,सरपंच देवा नायक, भागीरथी मार्कण्डेय, अतुल गुप्ता, कौशल देवांगन, हेमंत साहू, पार्षद बबलू हरपाल, राजेश जैन, जमुना पटेल, ललिता ध्रुव, सम्मी सलूजा, सागर साहू, सदराम ध्रुव, कीर्ति साहू मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलांग ने कहा ग्रामीण अंचलों में ऐसे कबड्डी प्रतियोगिता से लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं, साथ ही आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने कहा आज लोगों के जीवन में कोई भी खेल (गेम्स) को खेलना आवश्यक हो गया है। लोग किसी न किसी रोग से ग्रसित हो रहे हैं, इससे बचने के लिए शारीरिक परिश्रम करना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि, कबड्डी जैसे प्रतियोगिता में भाग लेकर शरीर निरोगी रहता है। उन्होंने इस मौके पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष भागवत यादव, उपाध्यक्ष गजेंद्र ध्रुव गज्जु, सचिव रवि पटेल, कमलेश पटेल, जितेंद्र ध्रुव देवी सेन उपस्थित थे।

## नगर विकास के लिये लाये गये प्रस्ताव पर दी गई सहमति

# नपा के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद के सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल की अध्यक्षता में आहूत बैठक के दौरान 49 विषयों पर परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, नगर वासियों को भूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जानें के साथ ही आवश्यक विकास कार्य किये जानें सहित भवन भूमि दुकान नामांतरण, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण, सोलर हाई मास्ट लाईट लगाये जानें सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। नगर पालिका क्षेत्र के दुकानों के दर वृद्धि को कम करनें व्यापारियों की मांग अनुरूप दुकानों के पूर्व में बढ़े हुए दर को कम करनें का प्रस्ताव पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में व्यापारियों के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व पार्षद लक्ष्मी साहू, की उपस्थिति में दुकानों के दर वृद्धि पर चर्चा की गई, जिसमें परिषद द्वारा दर कम करनें का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे जानें का निर्णय लिया गया है। परिषद के सामान्य सभा की बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन के द्वारा लाये गये विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुये बैठक पंजी में प्रस्ताव के संकल्पों को दर्ज कराया गया।अन्य विषयों में जल आवर्धन योजना अंतर्गत पाईप लाईन से नल कनेक्शन प्रदाय, शिक्षा उपकर, 15 वें वित्त से शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर हेतु शहरी स्वास्थ्य केन्द्र हेतु अनापत्ति दिये जानें पर सहमति दी गई, राष्ट्रीय परिवार सहायता के प्राप्त आवेदनों सहित, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, देवराहा तालाब सौंदर्यीकरण एवं चौपाटी निर्माण, दशहरा मैदान सौंदर्यीकरण, पाथवे निर्माण, कांक्रीट सड़क निर्माण व बी.टी. रोड निर्माण, मटन मार्केट की दुकानों का व्यवस्थापन एवं निलामी राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत मुक्ति धाम सौंदर्यीकरण, पुष्प वाटिका उद्यान सौंदर्यीकरण, तालाब सौंदर्यीकरण, खेल मैदान सौंदर्यीकरण, हाईटेक बस स्टैण्ड निर्माण, ट्रांसपोर्ट नगर व बलौदाबाजार प्रवेश द्वार लगाये जानें व निर्माण कार्यों पर सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। विकास कार्यों के अंतर्गत रामसागर तालाब से परसा भदेर मार्ग स्थित नहर तक ह्युम पाईप डालनें, पाथवे निर्माण, बी.टी. टाप निर्माण, हार्ट बाजार निर्माण, दिव्यांगजनों के लिए सामुदायिक रैन बसेरा निर्माण के संबंध में चर्चा की गई व आहूत परिषद की बैठक में प्रमुख जनहीत के विषयों पर सर्वसम्मति से स्वीकृति देते हुए जन कल्याणकारी कार्य एवं नगर में निर्माण कार्यों पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। परिषद के समान्य सभा की बैठक के दौरान पार्षद एवं सभापति संकेत शुक्ला, जितेन्द्र माहले, रोहित साहू, अंजनी भारद्वाज, सतीष पटेल, रीटा केशरवानी, अमितेश नेताम, गौतम ठेठवार, धर्मेन्द्र वर्मा,मंजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पुरैना, कमल टण्डन, रूपेश सिंह ठाकूर, सविता साहू, प्रियंका सोनी, डिगेश्वरी नामदेव, पंकज मरैया (गोल्डी), क्रांति साहू, सुरेन्द्र जायसवाल, एल्डरमेन गंभीर सिंह ठाकूर, मनोज प्रजापति, हेमचंद केशरवानी, सुखदेव साहू, अमित पंजवानी सहित नगर पालिका के उपअभियंता राकेश सोनी, प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रसून शर्मा, गणेश पाड़े, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप शतेन्द्र सिन्हा समयपाल जय वर्मा, भुनेश्वर साहू, सुरेन्द्र सोना, आनंद राठौर, कृष्णकांत कुर्रे, गुरूदत्त तिवारी, खिलेश गोस्वामी उपस्थित थे।

# फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी लेने कलेक्टर पहुंचे विभिन्न शासकीय संस्थान

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी लेने सिमगा विकासखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा कर विभिन्न शासकीय संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पंचायत सिमगा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल, प्राथमिक कन्या शाला, निर्माणाधीन सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट, गौठान एवं ग्राम पंचायत कामता, रोहरा के गौठान में पहुंच कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रिकार्ड रजिस्टर का परीक्षण, विभिन्न वार्डो, लैब, स्टोर, एक्सरे कक्ष सहित विभिन्न कक्षो का जायजा लिया एवं भर्ती हुए मरीजों से हॉस्पिटल के संबंध में फीडबैक लिया। जनरल वार्ड में भर्ती हुए मरीज ग्राम मुसवाडीह निवासी जगतूराम विश्वकर्मा ने कलेक्टर रजत बंसल को बताया कि मैं कल से भर्ती हूं, मुझे अस्पताल में समय पर खाना एवं दवाईयां आदि मिल रही है। कलेक्टर ने हॉस्पिटल में सुविधाओं के विस्तार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान एवं शीघ्र ही धनवंतरी जेनेरिक मेडीकल स्टोर का संचालन प्रारंभ करने का निर्देश दिए है। सुविधाओं के विस्तार के तहत जल्द ही स्त्रीरोग विशेषज्ञ की उपलब्धता,सोनोग्राफी की सुविधा, ब्लड बैंक, ट्रामा यूनिट, सीजेरियन ऑपरेशन शामिल है। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल एवं प्राथमिक कन्या शाला में पहुंचकर स्कूली बच्चों से रूबरू हुए एवं पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान प्राथमिक कन्या शाला में जर्जर हो गए पुराने भवन को डिस्मेंटल करने एवं स्कूलों के बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश एसडीएम सिमगा को दिए है। नगर पंचायत द्वारा निर्माणाधीन सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का भी अवलोकन कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट में धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने क्रियान्वयन एजेंसी को समय सीमा भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# अवैध प्लाटिंग पर दो लोगों के विरुद्ध निगम ने दर्ज कराया एफआईआर

## भू-माफिया पर लगाम लगाने निगम की बड़ी कार्रवाई, पंजीयन शून्य करने पंजीयक को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





अवैध प्लाटिंग के मामले में भिलाई निगम ने बड़ा कदम उठाया है। 2 लोगों के विरुद्ध अवैध प्लाटिंग के मामले को लेकर एफआईआर दर्ज हुआ है। कोहका एरिया में अवैध प्लाटिंग को लेकर यह कार्यवाही की गई है। अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में हाल ही में कुरूद के पांच अलग-अलग स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई थी। इधर शुभम कॉलोनी आर्य नगर कोहका के खसरा नंबर 728/1 से 728/35 तक भू स्वामियों के द्वारा अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसको लेकर निगम ने पंजीयन को शून्य करने एवं रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए पंजीयक को पत्र प्रेषित किया था। इस खसरा नंबर पर भूस्वामी के द्वारा नगर पालिक निगम नियम 2013 के अंतर्गत अभिन्यास स्वीकृति भी नहीं ली गई और न ही भूस्वामियों को कॉलोनाइजर लाइसेंस जारी किया गया है। कोहका की इस भूमि पर जमीन को टुकड़ों में विक्रय कर अवैध प्लाटिंग को अंजाम दिया गया। बता दे कि बिना सक्षम स्वीकृति प्राप्त किए भूमि को भूखंडों में विभाजित करना अवैध कॉलोनी निर्माण की श्रेणी में आता है। जोकि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग का उल्लंघन है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 292 ग में दंड के कई प्रावधान निहित है। जिसके तहत कॉलोनी निर्माण करने वाला कोई व्यक्ति जो भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करते हुए या करके किसी भूमि या उसके भाग को व्यपवर्तित करता है व भूमि के अवैध व्यपवर्तन का अपराध करता है। कॉलोनी निर्माण करने वाला या कोई अन्य व्यक्ति को जो कॉलोनी वाला कोई व्यक्ति को कॉलोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि को या किसी अन्य व्यक्ति की भूमि या इस संबंध में बनाए गए नियमों में निहित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, भूखंडों में विभाजित करता है वह अवैध कॉलोनी निर्माण का अपराध करता है। जो कोई अवैध व्यापर्तन का या अवैध कॉलोनी का निर्माण का अपराध करेगा या उसके किए जाने का दुष्प्रेरण करता है वह कम से कम 3 वर्ष और अधिक से अधिक 7 वर्ष के कारावास से तथा न्यूनतम 1 लाख के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। इन्हीं कारणों से अवैध प्लाटिंग को लेकर भिलाई निगम के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक ने स्मृति नगर चौकी में भू स्वामी नारायण आ. कामता प्रसाद एवं हिलेंद्र कुमार आ. कामता प्रसाद निवासी कोहका के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाया है। अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगाने भिलाई निगम के द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही निगम प्रशासन की टीम अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने फील्ड पर जाकर कार्यवाही कर रही है। अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने आगे भी सख्ती से कदम उठाए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय चंद्राकर के योगदान को सराहा

## छत्तीसगढ़ राज्य स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी की सबसे बड़ी देन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर की सबसे बड़ी देन है। खेती किसानी को आगे बढ़ाने में छत्तीसगढ़ी अस्मिता को आगे बढ़ाने में रेल मिल आदि अनेक उद्योगों को बढ़ावा देने के मामले में चंद्राकर का बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज ग्राम तर्रा में आयोजित चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन तथा स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी की अनेक स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय चंद्राकर बहुत ही मिलनसार स्वभाव के थे। कोई भी उनके पास किसी भी मूड में आता, उनकी सहज मुस्कान देखकर शांत हो जाता। सिद्धांत की बातों पर स्वर्गीय चंद्राकर कभी नहीं डिगते थे और अंगद के पांव की तरह स्थिर हो जाते थे। वे हमेशा छत्तीसगढ़िया लिबास में रहते थे और जब भी तर्रा आते थे तब चना खाते थे। उनके योगदान को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि स्वर्गीय चंद्राकर का संबंध महात्मा गांधी, बिरला परिवार तथा देश के सबसे प्रतिष्ठित लोगों के साथ रहा। इसके बावजूद भी उन्होंने सामान्य जनों से संबंध कभी नहीं तोड़ा। आम आदमी से उनका वैसा ही संबंध रहा जैसा उनका व्यवहार बुद्धिजीवी लोगों के साथ रहा। संपादक के रूप में और खेल पत्रकार के रूप में उन्होंने देश विदेश का भ्रमण किया और अपनी प्रतिभा की छाप दुनिया भर में छोड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अक्सर मुझे कहते थे कि दुनिया घूमने के लिए पैसे की जरूरत नहीं होती। दुनिया घूमने के लिए हुनर की जरूरत होती है वह अपना एक कैमरा लेकर जाते और साथ ही उनकी इतिहास की गहरी दृष्टि भी होती जिससे वह अपनी इन विदेश यात्रा का खर्च निकाल लेते।चंद्राकर फक्कड़ स्वभाव के थे और हमेशा अपने लोगों के साथ खड़े रहते थे जब मासूरी प्रजाति के धान को मोटा घोषित कर दिया गया तब उन्होंने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त बोनस प्रदान करें और तब मध्यप्रदेश सरकार ने इसके लिए अतिरिक्त बोनस भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हम लोग स्वर्गीय चंद्राकर के सपनों के राज्य के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य हो या खेती किसानी को बढ़ावा देने की बात हो। हम सब स्वर्गीय चंद्राकर के दिखाए रास्ते पर चल रहे हैं।

# चंदूलाल चंद्राकर के पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब ने माल्यार्पण कर किया स्मरण

## चलाया विशेष सफाई अभियान, प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई भी की

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आज राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा सुपेला घड़ी चौक के पास एकत्रित होकर चंदूलाल चंद्राकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इससे पूर्व राजीव युवा मितान क्लब के लोगों ने परिसर की सफाई की तथा आसपास के स्थल को भी स्वच्छ किया। इस दौरान राजीव युवा मितान क्लब के समन्वयक अतुल श्रीवास्तव मौजूद थे। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा अलग-अलग सामाजिक गतिविधि, खेल गतिविधि तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड क्षेत्रों में सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है, जन जागरूकता भी प्रसारित किए जा रहे हैं, खेल के आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में चंदूलाल चंद्राकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुपेला घड़ी चौक में उनकी प्रतिमा स्थल की साफ, सफाई की गई और चंद्राकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया। गौरतलब है कि चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता जगत से भी जुड़े हुए थे राजनीति में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्र दुर्ग रहा है। समाज सेवा की दिशा में भी काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा महापौर नीरज पाल ने भी उन्हें याद कर नमन किया। चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब के युवा साथी सुपेला घड़ी चौक के पास एकत्र होकर उनकी स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

# पानी टंकी का मेन डिलेवरी वाल्व बदलने के साथ ही दो स्थान पर लिकेज रिपयेरिंग का कार्य किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत जलगृह विभाग के द्वारा जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 56 बघेरा स्थित पानी टंकी का मेन डिलेवरी वाल्व बदलने का व साथ ही दो स्थान पर लिकेज रिपयेरिंग का कार्य दिनांक- किया जायेगा। उक्त तिथि को इन प्रभावित क्षेत्रों के बधेरा वार्ड नं. 56, नयापारा वार्ड नं. 1, राजीव नगर वार्ड 02, मठपारा वार्ड नं.3, गयानगर वार्ड नं. 4, उरला व रामनगर वार्ड नं. 57 में प्रथम पहर में जल आपूर्ति की जावेगी।द्वितीय पहर में व प्रथम पहर में उक्त क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगी। मांग अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में निगम के द्वारा टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जावेगी।इसके लिए महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर और जलकार्य प्रभारी संजय कोहले ने नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि कहीं भी पानी की समस्या नहीं होने दी जाएगी। जिन जगहों पर पानी की डिमांड आएगी, वहां टैंकर से पानी सप्लाई की जाएगी। उन्होंने नागरिको से अनुरोध करते हुए कहा है कि सुबह की पाली में नल खुलने पर पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहण कर लें।

# बेहतर रेज्यूम तैयार करने भिलाई 3 महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

डॉ.के. सी. बी. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3 के वाणिज्य विभाग द्वारा समकालीन परिदृश्य में रोजगार की संभावनाएं तलाशने एवं उसके लिए तैयारी करने तथा अपना बेहतर रिज्यूमे तैयार करने की पद्धति से अवगत कराते हुए दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। पहले दिन आईसी एफएआई के प्रबंध अध्ययन शाला में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ अर्ची दुबे द्वारा एवं दूसरे दिन एसएस आईपीएमटी रायपुर में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ सपना शर्मा द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया। डॉ अर्ची दुबे ने पर्सनल एवं सॉफ्ट स्किल पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि पर्सनल स्किल का किसी भी रोजगार को प्राप्त करने में कितनी अनिवार्यता होती है। केश सज्जा मेकअप पहनावा जैसी छोटी-छोटी चीजों द्वारा किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का आकलन करने के महत्व पर प्रकाश डाला और यह बताया कि फिजिकल ग्रुमिंग किसी भी साक्षात्कार के लिए तैयारी का अनिवार्य हिस्सा है एवं मेंटल ग्रुमिंग करने के विभिन्न तरीकों पर उन्होंने छात्रों के साथ वृहद चर्चा की।

# पदमनाभपुर दुर्ग में दुग्ध वितरण केंद्र का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा द्वारा साहिवाल नस्ल की गाय के दूध का विक्रय केंद्र पदमनाभपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एन.पी. दक्षिणकर, पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अतिरिक्त संचालक डॉ.के.के. ध्रुव, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.आर.के.सोनवाने, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के. तिवारी, पशुधन विकास विभाग दुर्ग के उप संचालक डॉ.राजीव देवरस, डॉ. एस.के. यादव प्रभारी अधिकारी कुक्कुट पालन केंद्र दुर्ग, पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा के उपसंचालक डॉ. बी.पी.राठिया एवं पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ.ए.के.नायर, डॉ. बिंदेश्वरी सिरमौर, डॉ.पूजा जोल्हे एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में दुग्ध वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। अतिरिक्त संचालक डॉ.के.के. ध्रुव ने बताया कि इस दुग्ध विक्रय केंद्र का मुख्य उद्देश्य देसी गाय का शुद्ध दूध आम जनता तक सुगमता से पहुंचाना है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस सुविधा से लाभान्वित हो सके। उपसंचालक डॉ.बी.पी. राठिया ने दूध के विषय में बताया कि भारतीय गायों से प्राप्त दूध में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, दूध के सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, देसी गाय का दूध स्वादिष्ट एवं सुपाच्य होता है। दूध वितरण का समय प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक एवं संध्या में 6:00 बजे से 7:00 बजे तक होगा तथा दुग्ध प्राप्ति हेतु कूपन अनिवार्य होगा प्रत्येक शनिवार को कूपन का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पूजा जोल्हे एवंमोहित कामले तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.ए.के. नायर द्वारा किया गया।

# सभी जोन क्षेत्रों में वेंडिंग जोन बनाने युद्ध स्तर पर हो रहा है काम, ठेले व गुमटियां हो रही है व्यवस्थित

## पावर हाउस ब्रिज के नीचे से हटाए जा रहे कबाड़ ठेले व गुमटियां,

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्केट क्षेत्रों तथा व्यस्ततम क्षेत्रों में ठेले व गुमटियो को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में पावर हाउस ओवर ब्रिज के नीचे के कबाड़ एवं काफी लंबे समय से पड़े हुए कंडम ठेले व गुमटियो को हटाया जा रहा है। इस स्थान पर ट्रैफिक का अधिक दबाव रहता है तथा नंदनी रोड से पावर हाउस की ओर आने वाले व पावर हाउस से नंदनी रोड की ओर जाने वाले लोग भी इस रास्ते का उपयोग करते हैं। इस लिहाज से यहां पर काफी लंबे समय से पड़े हुए कबाड़ ठेले व गुमटियो को हटाने का काम किया जा रहा है। कई स्थानों एवं प्रमुख मार्केट क्षेत्रों में बेतरतीब लगे हुए ठेले व गुमटियो की वजह से ट्रैफिक दबाव अधिक हो जाता है तथा आवाजाही में परेशानी होती है इसके साथ ही दिखने में भी अव्यवस्थित नजर आता है इन सभी को ध्यान में रखते हुए भिलाई निगम के कई क्षेत्रों में वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है। भिलाई के नेहरू नगर में शहर का पहला वेंडिंग जोन तैयार हो चुका है। इसके बाद से वैशाली नगर क्षेत्र में गौरव पथ कन्या महाविद्यालय के समीप, मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में बनारसी चाय दुकान के समीप, खुर्सीपार क्षेत्र में नवीन महाविद्यालय के समीप युद्ध स्तर पर वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी की जा रही है। एक बेहतर प्लेटफार्म देने के साथ ही एक समरूप एवं एक ही पैटर्न में दुकाने व्यवस्थित तरीके से संचालित हो इस उद्देश्य से वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है। व्यस्ततम तथा ट्रैफिक दबाव वाले मार्केट क्षेत्रों में ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित करने भिलाई निगम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। इस दौरान कलेक्टर ने वेंडिंग जोन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में भिलाई निगम द्वारा वेंडिंग जोन तैयार को लेकर सभी जोन क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरें, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले व खिरोद्र भोई लगातार इसके लिए निरीक्षण कर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं तथा संचालन कर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर कार्य योजना को मूर्त रूप दे रहे है।

# छत्तीसगढ़ी एल्बम कारी सवरेंगी का ऑफिशियल वीडियो लॉन्च हुआ संगी म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




संगी म्यूज़िक द्वारा निर्मित -कारी सवरेंगी का ऑडियो जब डिजिटल प्लेटफार्म मे लाया गया तो काफी सुपर हिट रहा। बहुत सारे रील्स और कवर सॉन्ग बने हैं। अब संगी म्यूजिक कारी सवरेंगी का ऑफिशियल वीडियो जोर शोर से पब्लिसिटी के साथ 30 जनवरी 2023 को लेकर आया है। इस गाने को कमाल की यंग और टैलेंटेड टीम ने बनाया है। इस गाने में छत्तीसगढ़ फिल्मों के जाने माने मुख्य कलाकार खूबसूरत शानदार जोड़ी जयेश कामवरपु और जागृति सिन्हा है। इसके स्वर, गीतकार, कंपोजिशन हिरेश सिन्हा और जीतेश्वरी सिन्हा ने दिया है। म्यूजिक डायरेक्टर और अरेंजर परवेज़ ख़ान है। रायपुर के पीटीएफ स्टूडियो द्वारा वीडियो बनाया गया है। एल्बम के डायरेक्टर, एडिटर और पोस्टर डिजाइनर पुष्कर साहू है और स्टोरी स्क्रीनप्ले और क्रिएटिव डायरेक्टर सुमीत बसईवाला है। मेकअप श्रीवा तिवारी और प्रोडक्शन मैनेजर अमित पांडे और पारस रजक है। इस गाने का डिजिटल डिस्ट्रिब्यूशन ईलुजन वीएफक्स ने किया है। इस आयोजन मे छत्तीसगढ़ी फिल्म और एल्बम इंडस्ट्री से, जी स्वामीजी, श्रीनिवास रेड्डी, दुर्गा राव, अरुणा राव, रेणुका जयेश राव, राजेश राव, विद्या गुप्ता , रवि साहू, शीतल साहू, वीना सेंद्रे, तुषार सोलंकी, केतन राठौर, अमृता कुशवाहा, मोना वर्मा, अंकित कुशवाहा, निलेश पटेल, जागेश वर्मा, राज कटारे, अमित शर्मा, राकेश यादव और अन्य लोग उपस्थित थे। गाने की लांचिंग इवेंट रायपुर के हाइलर्स वर्ल्ड थिएटर क्लब में किया गया।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) OFFICE OF CHIEF ENGINEER (C&LM)
Block-4, Near CSPHCL Dispensary,Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2574221 Fax No. 0771-2574222
No. CE/C&LM/Works/EE-I/TR-589& TR-597/3316 Raipur, Date:03.02.2023
NOTICE INVITING TENDER
Sealed tenders are invited for following EHV work-

| TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-589 RFX No. 8100029721 | Replacement of existing cross arm with box cross arm at loc. No. 27 of 220 KV Raita - Siltara & Raita-Urla (DCDS) line | 6,000/- | 1180/- | 14.02.2023 |
| TR-597 RFX No.-8100029729 | Construction of 01 No. 132 KV feeder bay at 132/33 KV S/s Siltara-II | 10,300/- | 1770/- | 24.02.2023 |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices'.
-sd-
CHIEF ENGINEER (C&LM)
CSPTCL, RAIPUR
SAVE ELECTRICITY S-35556/3

# कॉलोनाइजर ने रहवासियों को सुविधा नहीं दी, उन पर होगी कार्रवाई

## कालोनियों का निरीक्षण कर रेजिडेंशियल एसोसिएशन और रहवासियों से फीडबैक लेने के लिए कहा

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिन कॉलोनाइजर्स ने वायदों के मुताबिक रहवासियों को सुविधाएं नहीं दी है उन पर कड़ी कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने इस संबंध में राजस्व और निगम की संयुक्त टीम बनाकर सभी कालोनियों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के लिए समीक्षा बैठक में कहा। कलेक्टर ने कहा कि रिपोर्ट में रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों तथा रहवासियों से फीडबैक लिया जाए तथा इस बात की जांच की जाए कि शर्तों के मुताबिक किस तरह की सुविधाएं देने का आश्वासन कॉलोनाइजर ने किया था और उसके अनुरूप किस तरह की सुविधाएं जमीनी स्तर पर कराई गई। जिन कालोनियों में कमी पाई जाती है वहां कॉलोनाइजर्स की संपत्ति कुर्क कर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, भिलाई चरोदा निगमायुक्त अजय त्रिपाठी, रिसाली निगमायुक्त आशीष देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। नेहरू नगर वेंडिंग जोन की तरह सुविधाजनक बनेंगे वेंडिंग जोन- कलेक्टर ने नगरीय निकायों में उपभोक्ताओं की सुविधा जनक उपभोक्ताओं तथा दुकानदारों के लिए सुविधाजनक स्थानों पर नेहरू नगर वेंडिंग जोन की तरह ही वेंडिंग जोन आरंभ करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इससे बेतरतीब रूप से किए जा रहे व्यवसाय पर रोक लगेगी। एक अच्छे सुविधा युक्त वेंडिंग जोन में व्यवसाय उपलब्ध होने पर उपभोक्ताओं की संख्या भी बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के लिए भी एक ही जगह पर खरीदी आसान होगी। इससे ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में भी मदद मिलेगी। ज़ोन में आकर्षक सजावट लाइटिंग एवं अन्य सुविधाएं नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। अगले 15 दिनों में इसके लिए कार्य योजना पूरी करने के निर्देश बैठक में दिए। बाजार में भी बढ़ेंगी सुविधाएं - कलेक्टर ने बाजारों में पर्याप्त पार्किंग, फंक्शनल टॉयलेट पेयजल की सुविधा, कवर्ड नाली तथा लाइटिंग आदि की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। पार्कों में बढ़ाएं ग्रीनरी का दायरा, प्ले जोन भी बनाए- कलेक्टर ने बैठक में कहा कि पार्कों में ग्रीनरी का दायरा बढ़ने से खूबसूरती बहुत बढ़ जाती है। फ्लावर शो के दौरान हमने देखा कि फूलों की सुंदर वैरायटी से उद्यानों को सजाया जाए तो उद्यान और भी बहुत खूबसूरत नजर आते हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए प्ले जोन भी बड़े उद्यानों में बनाया जाए। छोटी सी चौपाटी की व्यवस्था भी आसपास हो। इस तरह से शाम गुजारने की बहुत ही सुंदर जगह उद्यान हो जाएंगे। बड़े उद्यानों में मामूली शुल्क भी रखा जा सकता है ताकि उद्यानों का रखरखाव बेहतर हो सके। सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए अच्छी कार्रवाई ,कॉलोनी के भीतर भी ध्यान दें- कलेक्टर ने कहा कि प्रमुख सड़कों से मवेशियों को हटाने को लेकर अच्छा कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है इसी तरह का कार्य कॉलोनी और मोहल्लों की सड़कों में भी अपेक्षित है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मोर शहर मोर जिम्मेदारी के अंतर्गत रहवासियों का सहयोग लेना भी आवश्यक है।

# हेवी एवं लाईट वेहिकल का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदाय करने के लिए आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। जिले के निवासी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 8वीं उत्तीर्ण अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के युआवों को हेवी एवं लाईट वेहिकल का निःशुल्क वाहन चालक प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप 15 फरवरी तक कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास दुर्ग में आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा कलेक्टोरेट दुर्ग से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। वाहन चालक हेतु आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों की पात्रता चयन हेतु 8वीं के परीक्षाफल मेरिट सूची आधार पर, आवेदक गरीबी रेखा की सूची वर्ष 2002 में शामिल परिवार में होना चाहिए, छ.ग. का मूल निवासी, राज्य द्वारा अधिसूचित अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए।

संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय
रायपुर-छत्तीसगढ़
दूरभाष : 0771-2537404, टेलीफैक्स 0771-2234731
ई-मेल : deptt_culture@yahoo.co.in वेब साइट : www.cgculture.in
क्रमांक........../मुक्तां./पु.अ.सं./2023 रायपुर, दिनांक / /2023
// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पुरखौती मुक्तांगन संग्रहालय उपरवारा, नवा रायपुर अटलनगर में पाईप लाइन बिछाने का कार्य। | 9,97,000/- | 17.01.2023 |

निविदा के सामान्य शर्ते विस्तृत निविदा विज्ञप्ति एवं निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 02/02/2023 से देखी जा सकती है।
(विभाग की वेबसाईट में प्रसारित करने हेतु)
संचालक
पुरातत्व, अभिलेखागार
एवं संग्रहालय
G-98194/3

# अच्छा बजट सबका ध्यान

**वित्त मंत्री** सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2023-24 में सबके लिए कुछ न कुछ है और इसके बावजूद राजकोषीय संतुलन पर भी ध्यान दिया गया है। विपक्ष अक्सर तत्कालीन सरकार की निन्दा करने के लिए चुनाव-पूर्व बजट को 'राजनीतिक बजट' कहता रहा है, लेकिन यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 2023-24 के बजट के लिए नहीं कही जा सकती है। राजनीतिक बजटों में एक सबसे बड़ा बजट कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार ने 2008 में पेश किया था। इसमें 60,000 करोड़ का कृषि कर्ज माफ करने की घोषणा हुई थी जो लगभग 72,000 करोड़ तक पहुंच गया था। इस कर्ज माफी से संप्रग को अगले साल सत्ता में लौटने में सहायता मिली थी। राज्यों में खर्च किए जाने वाले पैसे तथा संप्रग की चुनावी सफलताओं के बीच निकट संबंध था। सुश्री सीतारमण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उन्होंने उस निन्दनीय लोकरंजकता से स्वयं को अलग रखा है जिसका प्रदर्शन संप्रग ने 15 साल पहले किया था। भले ही कोई उन पर यह आरोप लगाए कि उन्होंने राहत देकर आयकर दाताओं को खुश करने का प्रयास किया, लेकिन तथ्य है कि इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यहां इस बात पर भी जोर दिया जाना चाहिए कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी सबसे कम आय श्रेणी वाले लोग होंगे। इसका अर्थ है कि आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा जिसका वे निवेश या खर्च कर सकेंगे। इससे मांग व बचत में वृद्धि होगी और इन दोनों की आवश्यकता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई तक भी आयकर लाभों का विस्तार किया गया है। व्यक्तिगत आयकर के बारे में यह भी खास है कि सर्वोच्च कर श्रेणी में आने वाले लोगों को भी राहत दी गई है। हमारे देश में कर की अधिकतम दर 42.74 प्रतिशत थी जो दुनिया में सबसे ज्यादा दरों में शामिल थी। वित्त मंत्री ने इसे घटा कर 39 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। यह उस देश में बहुत साहसी कदम है जहां अमीरों को गाली देना फैशन बन गया है। यह खासकर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उनकी पार्टी 2024 में आम चुनाव के लिए तैयार हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ढांचागत विकास पर जोर दे रही है। इसी रास्ते पर चलते हुए वित्त मंत्री ने लगातार तीसरी बार इस क्षेत्र के लिए पूंजी निवेश में भारी 33 प्रतिशत वृद्धि की है जो अब 10 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 3.3 प्रतिशत है। यह 2019-20 में किए आबंटन का लगभग तीन गुना होगा। सुश्री सीतारमण ने संकेत किया कि केन्द्र द्वारा प्रत्यक्ष पूंजी निवेश के साथ ही राज्यों को पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान की व्यवस्था भी की गई है जिससे 'प्रभावी पूंजी खर्च' 13.70 लाख करोड़ हो जाएगा। उन्होंने उचित ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार का ध्यान पूंजीगत खर्च पर है क्योंकि इससे वृद्धि की क्षमता बढ़ती है, रोजगारों का सृजन होता है, निजी निवेश तेजी से आकर्षित होता है तथा विपरीत वैश्विक परिस्थितियों से निपटने में सहायता मिलती है। बजट के बारे में अच्छी बात यह है कि इसने मध्य वर्ग से लेकर अमीरों व एमएसएमई से लेकर बड़े निगमों तक सबको कुछ न कुछ दिया है, पर इसके बावजूद राजकोषीय व्यावहारिकता बनाए रखी गई है। 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखते हुए सुश्री सीतारमण ने वादा किया कि 'राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।' वैसे भी राजकोषीय घाटा 2021-22 में 6.7 प्रतिशत से घट कर 2022-23 के संशोधित बजट अनुमान में 6.4 प्रतिशत पर आ गया है। संक्षेप में कहा जाए तो बजट 2023-24 अच्छा बजट है जिसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

# अफ़गानिस्तान में नया ग्रेट गेम

## पाकिस्तान परोक्ष रूप से विभिन्न संगठनों द्वारा आतंकी हमले कर भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा लेने का प्रयास कर सकता है।




निष्ठा कौशिकी
निखिल शर्मा



अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका व पाकिस्तान के रणनीतिक संबंधों में गिरावट आई है। लेकिन पाकिस्तान के टीटीपी से संघर्ष, चीन-प्रायोजित आर्थिक संकट तथा आईएमएफ द्वारा कर्ज पैकेज से इनकार के बाद पाकिस्तान में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ गई है। अमेरिकन दिलचस्पी के अनेक कारण हैं जिनका गहरा संबंध दक्षिण व मध्य एशिया के इतिहास से है। इस्लामाबाद द्वारा तालिबान के सक्रिय समर्थन के बावजूद अमेरिका की दिलचस्पी बहु-प्रतीक्षित वित्त व सैनिक समर्थन के रूप में सामने आ सकती है, जैसा कि उसने अतीत में किया है। वर्तमान घटनाक्रम से वाशिंगटन को अवसर मिल गया है जिससे वह छलांग लगा कर दोनों क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक पकड़ मजबूत कर सकता है। पाकिस्तान इन दोनों क्षेत्रों के निकट है। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो रूस के दक्षिण और उसके 'रणनीतिक पिछवाड़े' या मध्य एशिया में उसकी स्थिति तुलनात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका व पाकिस्तान के साथ चीन भी था क्योंकि सोवियत संघ के खिलाफ उनके साझा हित थे। इसके साथ ही वे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत के राजनीतिक व भू-रणनीतिक प्रभाव को सीमित रखना चाहते थे। पाकिस्तान के दृष्टिकोण से अमेरिका की दिलचस्पी उसे 'भू-रणनीतिक महत्व' में आगे रखती थी और इससे उसे भारत के खिलाफ सैनिक मुकाबले में सहायता मिलती थी। 1954 में अमेरिका सरकार ने अपने परस्पर रक्षा सहायता समझौते के अंतर्गत उसे 500 मिलियन डालर का सैनिक सहायता पैकेज दिया था। इसके बाद वर्ष 1967 से 1980 तक अमेरिका ने उसे लगभग 6 बिलियन डालर की सैनिक व तकनीकी सहायता दी थी।

पाकिस्तान ने इस सहायता का प्रयोग भारतीय हितों के खिलाफ किया। इस प्रकार उसने जिम्मेदारी टालने का दृष्टिकोण अपनाया जो उसके आंतरिक व विदेशी नीति संतुलन की तुलना में बेहतर था। हर टकराव के पहले पाकिस्तान उम्मीद करता था कि अमेरिका उसकी सुरक्षा की गारंटी करे। पहले मामले में, 1965 के युद्ध से पहले अयूब खान ने मांग की थी कि अमेरिका भारत के 'आक्रमण' के खिलाफ पाकिस्तान की सुरक्षा की गारंटी करे। यह अमेरिका के साथ उसके गठबंधन की स्थिति में अनिवार्य गारंटियों का आवश्यक तत्व था। हालांकि, पाकिस्तान युद्ध में हार गया, पर अमेरिकन सैनिक सप्लाई से उसे यह विश्वास पैदा हुआ कि वह भारत के खिलाफ लड़ सकता है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद ने भी समझ लिया कि वाशिंगटन उसे भारत के खिलाफ 'ब्लैंक चेक' नहीं देगा। 1971 के युद्ध में स्थितियां फिर भारत के खिलाफ बन गईं।

हालांकि, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1971 में युद्ध छेड़ा था, पर अमेरिका के सातवें बेड़े ने सुनिश्चित किया कि भारत पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराने के बाद पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके पर कब्जे का विचार न करे। बाद में अफगानिस्तान पर सोवियत हमले के बाद पाकिस्तान को 1980 से 1990 तक 3.2 बिलियन डालर की वित्तीय सहायता मिली जिससे उसने मुजाहिदीन को सोवियत संघ के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया। इसके साथ ही अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान भी दिए। नाभिकीय परीक्षणों के बाद पाकिस्तान ने यही दृष्टिकोण अपनाया और उसने हमेशा इस्लामिक देशों का प्रयोग नाभिकीय हथियार प्राप्त करने में यथास्थिति बनाए रखने के लिए किया। इस प्रकार नाभिकीय ब्लैकमेल से उसे काफी लाभ मिला। कारगिल संकट और संसद पर आतंकी हमलों के पश्चात भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सीमित सैनिक कार्रवाई की तैयारी के बाद अमेरिका ने 'सामान्य स्थिति' बहाली के नाम पर हस्तक्षेप कर भारत की प्रतिक्रिया को काफी सीमित कर दिया।

9-11 के बाद अमेरिका व पाकिस्तान फिर टैक्टिल रूप से एक दूसरे के निकट आए। पाकिस्तान प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी बन गया और सिप्री के आंकड़ों के अनुसार 2002-14 के बीच उसने 5.81 बिलियन डालर की सैनिक सहायता प्राप्त की जिसमें 3.2 बिलियन डालर हथियारों की बिक्री के लिए था। एबटाबाद में ओसामा के मारे जाने के बाद सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2014-15 में वित्तीय व सैनिक सहायता में 40 प्रतिशत कमी आई। अफगानिस्तान से अमेरिका के जाने के पहले वाशिंगटन राजनयिक व रणनीतिक रूप से इस्लामाबाद पर निर्भर था जो उस पर क्षेत्र से सुरक्षित निकासी के लिए तालिबान से वार्ता के लिए दबाव डाल रहा था। इस प्रक्रिया में उसने स्वयं व तालिबान को क्षेत्र में महत्वपूर्ण पक्ष बना दिया। पाकिस्तान की केस स्टडी से स्पष्ट है कि कमजोर देश महाशक्तियों की असुरक्षाओं व अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कुप्रबंधन पर फलते-फूलते हैं। वर्तमान समय में पाकिस्तान में अमेरिका की फिर से जागी दिलचस्पी का कारण रूस व पाकिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध तथा रूस, चीन व पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय स्थितियां हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के काफी पहले से ही रूस पाकिस्तान को सकारात्मक संकेत दे रहा था। 2010 के मध्य में ईरान-पाकिस्तान पाइपलाइन की खबरों के साथ ही रूस, चीन, पाकिस्तान व ईरान के बीच व्यापक निकटता पैदा हुई। 2015 में रूस ने पाकिस्तान पर लगी हथियारों की ब्रिकी से प्रतिबंध हटा लिया। इसके बाद से दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों का विस्तार हुआ है। इसके चलते एक रक्षा समझौता हुआ है, एमआई-35एम हाइंड-ई हेलीकाप्टरों की सप्लाई हुई है तथा 2018 में हुए 'विरल सैनिक सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर के साथ संयुक्त सैनिक अभ्यास भी हुए हैं। पाकिस्तान के सैनिक आयुधों में रूस के क्लिमोव आरडी-93 इंजन भी शामिल हैं जिनका प्रयोग जेएफ-17 थंडर विमानों में होता है।

रूस ने पुनः ईरान व पाकिस्तान की पाइपलाइन राजनीति में दिलचस्पी दिखाई है और वह पाकिस्तान को कच्चा तेल बेचने का इच्छुक है। यह समझौता 'मित्र देशों की मुद्रा' में हो सकता है जिससे रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को धक्का लग सकता है। इसके साथ ही कजाखिस्तान-पाकिस्तान पाइपलाइन भी स्थितियां उलटने व नए ऊर्जा ढांचे तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दूसरे दृष्टिकोण से 'व्यावहारिक संबंधों' पर रूस व पाकिस्तान समझौते से दोनों क्षेत्रों में अफगान तालिबान का मुद्दा भी गंभीर हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, 2022 में आतंकवाद के मुद्दे पर जोर दिया गया है, पर जानबूझ कर पाकिस्तान के आतंकी संगठनों तथा आतंक के स्रोत के तौर पर उसका नाम नहीं लिया गया है, हालांकि इसमें चुनौती के रूप में तालिबान का उल्लेख है। यह दस्तावेज 'विश्वस्त साझीदारों के बीच सहयोग व समर्थन' बढ़ाने तथा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'अमेरिका-नीत, साझीदार-सक्षम' के बजाय 'साझीदार-नीत, अमेरिका-सक्षम' करने के पक्ष में है। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका रूस-चीन संबंधों में उभरते विरोधों का लाभ उठाने में दिलचस्पी दिखा रहा है जो यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप पैदा हुए हैं। इसके साथ ही अमेरिका आने वाले दिनों में सी5प्लस1 राजनयिक मंच के माध्यम से मध्य एशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है जिसमें कजाखिस्तान, किर्गीज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमानिस्तान, उज्बेकिस्तान व अमेरिका शामिल हैं।

अब यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान आतंकवाद समाप्त करने की अमेरिका की बदली रणनीति में कहां है? पाकिस्तान रूस, अमेरिका और चीन की असुरक्षाओं व भय का कैसे लाभ उठा सकता है? पाकिस्तान को इस नए उभरते ग्रेट गेम में सैनिक व वित्तीय पैकेज कैसे मिल सकते हैं? क्या अफगान तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी व अन्य इस्लामी समूहों को अंततः कुचल दिया जाएगा? क्या अफगानिस्तान पर फिर 1979-80 की तरह एक और हमला होगा? भारतीय दृष्टिकोण से देखें तो टीटीपी को कुचलने के लिए अमेरिका के साथ समन्वय बनाने के साथ पाकिस्तान भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की परीक्षा के लिए कश्मीर में परोक्ष रूप से आतंकी हमले करने पर विचार कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो क्या अमेरिका फिर 'सामान्य स्थिति बहाली' के नाम पर तटस्थ रहेगा? अमेरिका व रूस के संबंध में पाकिस्तान की सुनियोजित रणनीति है कि वह भारत के खिलाफ अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए इनका प्रयोग कर सकता है। भारत द्वारा किसी दुःसाहस के जवाब में वह सैनिक व वित्तीय पैकेज प्राप्त कर सकता है और अंततः अमेरिका-चीन दुश्मनी की धार कम कर सकता है। इन सभी स्थितियों के कारण महत्वपूर्ण भावी घटनाक्रमों मूं भारत को अपने विकल्प निर्धारित करने में कठिनाई हो सकती है। उभरती विभाजक रेखाओं से हमें अमेरिकन गणितज्ञ जान एलेन पालुस याद आते हैं। उन्होंने कहा था, 'अनिश्चितता ही एकमात्र निश्चितता है और इस असुरक्षा के साथ जीना सीखना ही एकमात्र सुरक्षा है।'

# उद्योग के लिए हानिकारक विघटनकारी प्रयोग

"व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होगा, उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होगा।"



हिमा बिंदू कोटा
(लेखिका एक स्तम्भकार हैं)

नवाचार, जो किसी मौजूदा उत्पाद या विचार पर उन्नति है, निरंतर सुधार के लिए एक शर्त है। लेकिन एक विघटनकारी नवाचार उद्योग को एक बार में हिला देता है। व्यापार में विघटनकारी नवाचार कोई नई अवधारणा नहीं है। इसका जन्म 1995 में हुआ जब इसे नवाचार पर दुनिया के अग्रणी विचारकों में से एक क्रिस्टेंसन ने अपने सह-लेखकों के साथ प्रस्तावित किया था।

हालांकि, वर्षों से, इस अवधारणा को गलत समझा गया है। यह आम तौर पर एक ऐसी स्थिति में गलत तरीके से लागू किया गया है जहां उद्योग के मानदंडों को हिला दिया गया है और मौजूदा खिलाड़ियों में हड़कंप मच गया है। और यहां पकड़ है। मूल रूप से, क्रिस्टेंसेन ने व्यवधान की अवधारणा को डेविड और गोलियथ स्थिति की तरह अधिक समझा - कम संसाधनों वाली एक छोटी कंपनी एक स्थापित व्यवसाय को सफलतापूर्वक चुनौती दे रही है। अपने मौजूदा बहुसंख्यक लक्ष्य ग्राहक आधार को बनाए रखने के प्रयास में स्थापित व्यवसाय, मुख्य रूप से अपने वर्तमान उत्पादों या सेवाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और बड़े पैमाने पर अन्य बाजार क्षेत्रों की उपेक्षा करते हैं। नए प्रवेशकर्ता जो इस अंतर को महसूस करते हैं वे अनदेखी किए गए सेगमेंट के लिए आकर्षक उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं।

जबकि स्थापित व्यवसाय इन नए प्रवेशकों पर ध्यान नहीं देते हैं, वे धीरे-धीरे अपमार्केट में पैठ बनाते हैं, अधिकांश ग्राहकों को समान उत्पाद या सेवाएं प्रदान करते हैं, जबकि उनके पहले के लाभ-कम कीमतों को बनाए रखते हैं। एक बार जब ये मुख्यधारा के ग्राहक बड़ी मात्रा में नए उत्पादों या सेवाओं को अपना लेते हैं, तो कोई कह सकता है कि व्यवधान उत्पन्न हुआ है। क्रिस्टेंसन के अनुसार, विघटनकारी नवाचारों की संभावना इसलिए पैदा होती है क्योंकि स्थापित व्यवसाय निम्न-अंत और नए बाजारों दोनों की उपेक्षा करते हैं। अधिक लाभदायक होने के प्रयास में, स्थापित व्यवसाय उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के साथ मुख्यधारा के ग्राहकों को प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं को अपग्रेड करने, बढ़ाने और पूर्ण करने में संसाधन लगाते हैं, जबकि कम अंत वाले बाजार की उपेक्षा करते हैं। इस अवसर को भांपते हुए, नए प्रवेशकर्ता कम लागत वाले व्यवसाय मॉडल का उपयोग करके इस अंतर में प्रवेश करते हैं। एक लो-एंड डिसरप्टर इस सेगमेंट में मार्केट शेयर छीन लेता है और स्थापित व्यवसायों को अपमार्केट में धकेल देता है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं के लिए कम कीमत और स्वीकार्य गुणवत्ता पर नए उत्पाद विकसित करके, जहां कोई अस्तित्व नहीं था, नए बाजार बनाकर व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। पर्सनल कंप्यूटर और बाद में स्मार्टफोन का आगमन नए बाजार में व्यवधान के आदर्श उदाहरण हैं।

मेनफ्रेम के रूप में जाने जाने वाले पहले कंप्यूटर विशाल और बहुत महंगे थे। 2 मिलियन डॉलर तक की लागत और एक पूरे कमरे को भरने जितना बड़ा आकार के साथ, कंप्यूटिंग तकनीक आम आदमी के लिए सीमा से बाहर थी। पर्सनल कंप्यूटर के आविष्कार के साथ, मशीन का एक छोटा और सस्ता टुकड़ा, व्यक्तियों का एक नया बाजार खंड बनाया गया था।

इन वर्षों में, अपनी क्षमताओं में निरंतर सुधार के साथ, एक विनम्र व्यक्तिगत कंप्यूटर ने मेनफ्रेम कंप्यूटरों को लगभग अप्रचलित बना दिया। नए बाजार व्यवधान में अगला कदम स्मार्टफोन का उभरना है, जो दो स्तरों पर व्यवधान पैदा कर रहे हैं। एक, पर्सनल कंप्यूटर की लागत के एक अंश पर फोन में इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता पर्सनल कंप्यूटर के उपयोग को कम आवश्यक बना रही है। दो, स्मार्टफोन की फोटो लेने की क्षमता डिजिटल फोटोग्राफी उद्योग को बाधित करने के लिए तैयार है। हालांकि, वर्षों से, उपरोक्त अवधारणा का दुरुपयोग कई लोगों द्वारा किया गया है जिन्होंने इस धारणा के बारे में गंभीरता से विचार नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, उबेर को एक व्यवधान के रूप में देखा गया है। यह उन उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करता है, जिन्हें राइड की आवश्यकता होती है, जो उन्हें प्रदान करने के इच्छुक हैं। 2009 में स्थापित, कंपनी ने शानदार विकास का आनंद लिया है और अभी भी विस्तार कर रही है। इसने फंडिंग राउंड और बढ़ते मूल्यांकन के साथ जबरदस्त वित्तीय सफलता की सूचना दी है। बेशक, उबर ने परिवहन के कारोबार को बदल दिया है।

लेकिन क्या इससे व्यवधान आया है? व्यवधान होने के लिए, एक कंपनी को एक उपेक्षित ग्राहक आधार को लक्षित करना होता है, आमतौर पर कम लागत पर उत्पाद या सेवा का सही फिट प्रदान करना होता है। उबेर ने अंतिम उपयोगकर्ताओं, यानी कैब सेवाओं को लेने वाले ग्राहकों को सेवा प्रदाताओं से जोड़ा। इसलिए, उबेर ने व्यवधान पैदा करने वाली दो शर्तों में से किसी को भी पूरा नहीं किया - सबसे पहले, यह उस बाजार खंड को अपने दायरे में नहीं लाया जो कैब सेवाओं का उपयोग नहीं करता था; और दूसरी बात, कैब और टैक्सी सेवाएं निश्चित रूप से कोई नया बाज़ार नहीं थीं। अंत में, उबर से कार उद्योग को कोई खतरा नहीं है।

सिलिकॉन वैली में प्रचलित एक प्रसिद्ध उद्धरण 'बाधित या बाधित' यह सब कहते हैं। सभी व्यवसाय लगातार नए नवोन्मेषी विचारों, उत्पादों या व्यवसाय मॉडल के साथ विघटनकारी बनने के अवसरों की तलाश में रहते हैं। परन्तु विघ्न डालने वाले विरले ही बन पाते हैं। विघटनकारी नवाचार जटिल और महंगे उत्पादों या सेवाओं को सरल और उचित विकल्पों में बदल देता है। हालांकि बहुत समय लेने वाला और अत्यधिक जोखिम भरा, व्यवधान पैदा करना किसी भी उद्योग की सीमाओं को आगे बढ़ाकर मौजूदा स्थापित उत्पादों और सेवाओं को हिला देता है।

## फरमाया



**यह** अब तक के सबसे अच्छे बजटों में से एक है, सचमुच समावेशी तथा समाज के हर वर्ग का ध्यान रखने वाला।
**- अनिल अग्रवाल**
वेदांता के अध्यक्ष



**यह** लापरवाह बजट है जिसने बहुसंख्य जनता की उम्मीदों के साथ धोखा किया है।
**- पी. चिदम्बरम**
पूर्व वित्त मंत्री



**भारत** या इस्राइल में पूजा करते समय लोगों को नहीं मारा जाता है, पर पाकिस्तान में ऐसा होता है।
**- ख़्वाजा आसिफ़**
पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## गुलामी के प्रतीक

**ग्रेट ब्रिटेन** के औपनिवेश में कभी रहे देशों में से 15 देश ऐसे हैं जहां आज भी न सिर्फसंवैधानिक राजतंत्र के तहत परोक्ष रुप में ब्रिटिश हुकूमत चल रही है, बल्कि ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स को आज भी ये देश अपना राजा मानते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया। में 26 जनवरी को वहां के मूलनिवासी एवं आदिवासियों ने अंग्रेज़ों के स्वागत में मनाए जाने वाला विशेष दिन का धरना-प्रदर्शन के जरिये विरोध किया था। लगता है उस विरोध का असर अब दिखना शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि अपने 5 डालर के नोट पर महारानी एलिजाबेथ के चित्र को हटा दिया जायेगा। इसके स्थान पर एक नए डिजाइन का प्रयोग होगा जो स्वदेशी संस्कृति को दर्शाता हो। नोट के दूसरे हिस्से में ऑस्ट्रेलियाई संसद की तस्वीर बनी रहेगी। धीरे-धीरे बाकी नोटों से भी ब्रिटिश राजघराने को बाहर कर दिया जायेगा। बहुत संभव है कि जल्द ही 26 जनवरी अब छुट्टियों का दिन न रहे। इस प्रकार अंग्रेज़ों के स्वागत में स्तुतिगान का दिन अब ऑस्ट्रेलिया में इतिहास के पन्नों में सिमटने जा रहा है। गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति का स्वागत किया जाना चाहिए और भारत में अंध मोदी-विरोधियों को भी यह बात समझनी चाहिए।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## कल्याणकारी बजट

**अर्थव्यवस्था** के कोरोना से उबर आने के चलते यह स्पष्ट था कि इस बार का आम बजट कुछ भिन्न होगा। मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि सरकार लोकलुभावन राजनीति से दूर रहेगी। यह इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। यह बजट आने वाले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को रेखांकित भी करता है। बजट के माध्यम से स्पष्ट है कि सरकार विकास दर के साथ खपत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए उसने आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु बजट आवंटन को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए करने की घोषणा की है जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। आम बजट ग्रामीण विकास और शहरी विकास के साथ सामाजिक विकास पर भी केंद्रित है। बजट घोषणाओं को जमीन पर उतारने के लिए अतिरिक्त ध्यान दिया जाना दिया जाना चाहिए क्योंकि घोषणाओं के तत्काल जमीनी क्रियान्वयन से जनता को लाभ होगा तथा चुनावी राजनीति पर सच्ची अर्थनीति को बढ़ावा मिलेगा।

**-सदन जी,** पटना

## चिकित्सक को सम्मान

**गणतंत्र** दिवस की पूर्व संध्या पर जब राष्ट्र अपने कर्मवीरों के सम्मानों का एलान कर रहा था। इन कर्मवीरों की सूची में मध्यप्रदेश जबलपुर के डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर भी शामिल थे। वे आम लोगों का इलाज बहु कम फीस पर करते हैं। मात्र 20 रु में चिकित्सकीय सेवा देने का यह कार्य बरसों से जारी है। पहले वे यह कार्य मात्र 2 रु में करते थे। इस महान शख्स को भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के चौथे बडे पुरुस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया है। डॉक्टर मुनीश्वर चंदर डावर को मिला यह सम्मान आमजन को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मानवीय एवं नेक कार्य के परिणाम स्वरूप दिया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 16 जनवरी 1946 को जन्मे डॉक्टर मुनीश्वर विभाजन के बाद भारत आ गए। जबलपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। वे सेना में भी रहे हैं। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना में उन्होंने अपना अमूल्य योगदान दिया है। जनता के चिकित्सक के इस सम्मान से स्वयं पुरस्कार तथा उसका निर्धारण करने वालों का भी गौरव बढ़ा है।

**-नरेंद्र तिवारी,**बड़वानी

# 100 बिस्तरीय जिला अस्पताल में घटित बहुचर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा मामले में हुआ एक सनसनीखेज खुलासा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com







जिले के प्रभारी मंत्री ही स्वास्थ्य मंत्री है उनके साथ-साथ जिले में कद्दावर कैबिनेट मंत्री भी है लेकिन उसके बावजूद कबीरधाम भर में स्वास्थ्य विभाग प्रदेश भर में कही सुर्खियों में है तो वो कबीरधाम है यहां स्वास्थ्य विभाग के अनेकों चर्चित मामलें सामने आते है उनमें से एक पूर्व में एक मामला आया था जिसमे शहर के इकलौते 100 बिस्तरीय जिला अस्पताल में घटित बहुचर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा मामले में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यकालयीन आधिकारिक पत्र 13/नव/2022 में इसका खुलासा हुआ है। यहाँ ये बताना लाजिमी होगा कि मामले में आई पी सी की धारा के तहत कवर्धा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज है। मुख्यमंत्री के जन चौपाल कार्यक्रम के आवेदक को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एफ आई आर 255/2022 की जानकारी में बताया कि मामले में मेडिकल बोर्ड लिपिक दीपक सिंह ठाकुर और प्रभात चन्द्र प्रभाकर के खिलाफ अन्यत्र ट्रांसफर की उचित कार्यवाही की गई है। क्या है नियम जान- जांच में दोषी मिलने के बाद दोषियों को निलंबित कर विभागीय जांच करवाया जाना है। लेकिन विभाग ने नियम को दरकिनार कर दोषियों को ट्रांसफर कर उच्च पद प्रभार सौंपा है। और न ही दोषियों के ऊपर एफ आई आर की पंजीबद्ध धाराओं में कार्यवाही किया गई। ऐसे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़ होना लाजिमी है। बता दें मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ट्रांसफर की कार्यवाही में दीपक सिंह ठाकुर को अपने कार्यकाल में लेखपाल का प्रभार सौंपा है वही प्रभात चन्द्र प्रभाकर को जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही का सी एम ओ बनाया गया है, दोनो को ट्रांसफर में दी गई पद पदोन्नति के बाद वरिष्ठता के आधार पर दिये जाने वाले उच्च पद का है। आखिर मामले की दोषियों खिलाफ विभाग द्वारा निलंबन कर विभागीय जांच और पुलिस द्वारा एफ आई आर की पंजीबद्ध धाराओं में कार्यवाही क्यों नहीं कि जा रही है,ये एक बड़ा सवाल आज भी बना हुआ है।

**स्वास्थ्य विभाग के अनेकों कारनामें**

लगातार कुछ सालों में देखा जाए तो पूरे प्रदेश भर में कबीरधाम जिले का स्वास्थ्य विभाग साल भर से सुर्खियों में बना हुआ है,नए नए कारनामें इस विभाग में देखे जा सकते है इस जिले के स्वास्थ्य अधिकारी अपने मनमाने तरीकों से अनोखे अंदाज से स्वास्थ्य विभाग को चलाते है ,अपने भ्रस्ट चहेतों को सरंक्षण देते हुए नजर आ रहे है ,अब तक देखा जाए तो अनेकों मामले है जिन पर कार्यवाही के बजाय सरंक्षण देते हुए नजर आए, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक इतने बड़े मामले पर भी सिर्फ अपने ही मनमानी करते हुए नजर आए आखिर क्यों अपने चहेतों को स्वास्थ्य अधिकारी सरंक्षण दे रहे है क्यों कई कर्मचारियों का ट्रांसफर अन्यत्र होने के बावजूद उन्हें अपने पास जमाये हुये है इससे स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे है वही जो कर्मचारी सच के लिए आवाज उठाता है उन्हें नोटिस देकर या फिर स्थानतरण करवाकर प्रताड़ित किया जाता है, स्वास्थ्य विभाग के कारनामें जितना गिनाया जाए कम है। यहाँ तृतीय कर्मचारी को नर्सिंग होम एक्ट का प्रभारी बना दिया जाता है जिससे जिले में कार्यवाही की क्या उम्मीद की जा सकती है समझ सकते है कि नर्सिंग होम प्रभारी को कितना ज्ञान होगा जिससे वो कार्यवाही कर पायेगा इसलिए जिले में झोलाछाप बिना डिग्री धारी डॉक्टरों की भरमार है अवैध लैब की भरमार है, और तो और निजी कामों के लिए भी जमकर सरकारी गाड़ियों का उपयोग करते देखा जाता है,जो कर्मचारी ईमानदारी से कार्य कर रहे, उन्हें उल्टा प्रताड़ित किया जाता है, वही कर्मचारी अगर रहने के लिए आवास के बारे में बात करे तो ,उल्टा उन्हें नोटिस थमा दिया जाता है , वही बड़े ओहदे वाले कर्मचारी ट्रांसफर होने के बावजूद कइयों महीनों तक सरकारी क्वाटर पर कब्जा जमाए हुए होते है ,कभी खुले में कीमती सामान छोड़ दिया जाता है, कही खुले में दवाइयों को फेक दिया जाता है ,तो कही नसबन्दी के आड़ में खुद ही डॉक्टर और स्टॉप प्रेरक बनकर लाखों रुपयों की राशि आहरण करते हुए देखे जाते है ,आखिर स्वास्थ्य विभाग में चल क्या रहा है ,क्यों इतने लापरवाही पूर्वक कारनामें किये जा रहे है ये भी सवाल है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिला पंचायत बेमेतरा सभागार में जिले के सभी जनपद सीईओ और मनरेगा के संबंधित नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर गोधन न्याय योजना के तहत जिले में गोबर खरीदी, वर्मी खाद निर्माण और उसके विक्रय की समीक्षा ली द्य समीक्षा में गोबर खरीदी व वर्मी खाद निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती लीना मण्डावी, उप संचालक कृषि, सभी जनपद पंचायत सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों में अब तक की गई गोबर-खरीदी की गौठानवार समीक्षा करते हुए सभी सक्रिय गौठानों में गोबर खरीदी और कम्पोस्ट निर्माण के साथ-साथ विक्रय पर भी फोकस करने के निर्देश सभी नोडल अधिकारियों को दिए और कहा की जिले के गौठानों में कन्वर्जेंस दर कम हैं, पहले कन्वर्जेंस दर संतुलित थी लेकिन अभी इसमें कमी आयी है इसके लिए आनुपातिक रूप से वृद्धि करने के निर्देश दिए। गौठान में गोबर खरीदी के साथ-साथ वर्मी खाद निर्माण में तेजी लायें, साथ ही गौठानों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ और जनपद सीईओ एवं नोडल अधिकारी को जिले के सभी गौठानों में काम करने वाले समूह को और सशक्त बनाने के लिए शीघ्रता से कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने गौठानों में उपलब्ध संसाधनों की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए कृषि एवं संबद्ध विभागों से परस्पर समन्वय स्थापित कर कमियों को दूर करने और सभी सक्रिय गौठानों में औसतन लक्ष्य लेकर प्रतिदिन के मान से गोबर खरीदी करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना है इसका प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन करें, ताकि गौठानों में गोबर खरीदी से पशुपालकों व किसानों की आय में वृद्धि हों।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला कार्यकारिणी घोषित

**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडे और भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह की अनुसंशा और सहमति पर अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष पंच राम कोसले ने मोर्चा के जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष पंच राम कोसले ने अपने कार्यकारिणी मे द्वय महामंत्री महेंद्र घृतलहरे , कल्पनाथ टंडन और उपाध्यक्ष में रसीद बघेल , उबारन दास , नंदा पाटले तथा मंत्री पद मे इंदल घृतलहरे , शिव कुमार लहरे , सुखदेव जाटवर एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुर्रे को बनाया गया है । वही मीडिया प्रभारी संदीप चतुर्वेदी को बनाया गया है और कार्यकारिणी मे जगमोहन रात्रे , आशा राम लहरे , मदन बंजारे, पलेश नारंग, नारायण बंजारे , सुशील चेलक, रामकुमार डिंड़ोरे, राजेश मारकंडे, नारायण खांडे, देवेन्द्र जोशी, संजय कुर्रे, अश्वनी बघेल, हेमंत पात्रे लक्ष्मण सत्यवंशी को कार्यकारिणी सदस्य और रामेश्वर भट्ट , दुर्गा प्रसाद सत्यवंशी, हुकमिचन्द जोशी, सेवाराम कुर्रे, लालाराम डहरिया, दासू दास टंडन, अश्वनी टंडन, दिलीप घृतलहरे, भागवत टंडन, तिलक कुर्रे, गणेश कोसले, मिथलेश बंजारे, धनीराम घृतलहरे को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है ।

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में मंत्री अनिला भेंडिया का जन्मदिन मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर व नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर जी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 2 फरवरी को वार्ड नं 09, 30 नं स्कूल के पास से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा वार्ड नं 09,03 और 04 में निकाली गई। उसके पश्चात केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनिला भेंडिया के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष विवेक मसीह ने किया व आभार प्रदर्शन ब्लॉक महामंत्री सुरेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा ब्लॉक प्रभारी रवि जायसवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सेवादल संतोष पांडे प्रदेश प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, ओबीसी ग्रामीण विकास प्राधिकरण सदस्य काशीराम निषाद, जिला अध्यक्ष इंटक भूपेंद्र दिल्लीवार, जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदंड, जिला सचिव के ईश्वर राव, जिला महामंत्री अल्पसंख्यक कांग्रेस रूबी एन्थोनी, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, जुबैर अहमद ब्लॉक उपाध्यक्ष नय्यूम खान, मोहन साहू, जोगेंद्र ठाकुर, बी एस एन मूर्ति, ब्लॉक महामंत्री सुरेश ठाकुर श्रीनिवास राव, हरीश खस, प्रदीप बाघ , ब्लॉक संयुक्त महामंत्री जितेन्द्र मेश्राम, प्रवक्ता जेबा कुरैशी, एल्डरमेन महेंद्रन अप्पू, जगदीश श्रीवास, जी ईश्वर राव, ब्लॉक सचिव फ्रांसिस कोलीन, विलसन मैथ्यू ,बसंत साहू, ताराचंद बघेल, पूर्व पार्षद रमेश भगत,ब्लॉक पदाधिकारी अनिल कोम्बे, मनोज साहू, रफीक कुरैशी, मेमुना बेगम, परितोष हंसपाल आयान अहमद, नफीस बड़गुजर, राहुल पाठक, फैजान, लाला, कुंदन, जावेद, आदिभ, अशोक, अभय, अमन, निहाल, आकाश, लाला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन पदयात्रा में उपस्थित रहे।

# नगधा में पक्षी महोत्सव का आयोजन, पक्षियों के संरक्षण के संबंध में दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम नगधा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पक्षी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वनमण्डल दुर्ग द्वारा किया गया। दो दिवसीय पक्षी महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ की गई, जिसमें गिधवा-परसदा, मुरकुटा और नगधा गांव के बच्चों से लेकर बुजुर्गों में पक्षी महोत्सव कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह दिखा। पक्षी महोत्सव कार्यक्रम में स्कूली छात्र/छात्राओं के लिए पर्यावरण एवं विभिन्न पक्षियों से संबंधित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोली एवं चित्र बनाकर प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किए। इसके अलावा कार्यक्रम में मैराथन दौड़ भी कराया गया। इसके पश्चात दोपहर में ग्रामीणों एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को पक्षी दर्शन कराया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई। इन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने कहा कि पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ग्राम गिधवा परसदा नगधा एवं आस-पास के गांव में देश-विदेश से मेहमान पक्षी आते है, इनका हम सबको मिलकर संरक्षण करना चाहिए, जिससे भविष्य में इस स्थान पर और भी अधिक आवासीय पक्षियों का बसेरा होता रहे। कलेक्टर ने ग्रामीणों अपील करते हुए कहा कि यहां आने वाले पक्षियों का शिकार न करें उन्हे किसी भी प्रकार से हानि न पहुंचाये। कार्यक्रम के आयोजन कि लिए कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी दुर्ग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया।

वनमण्डलाधिकारी दुर्ग शशि कुमार ने कहा कि प्रतिवर्ष पक्षी महोत्सव का आयोजन करना पक्षियों के संरक्षण के लिए एक अभिनव प्रयास है। हम पौराणिक काल से प्रकृति, पशु और पक्षियों की पूजा करते आये हैं। हमारे प्रवासी पक्षियों को सम्मान देना और उनकी संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। उन्होने कहा कि देश-विदेश से मेहमान पक्षियों के आने से गिधवा-परसदा-नगधा की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है, पशु-पक्षियों के बिना धरती में जीवन अधुरा है। यदि मानव पक्षियों का संरक्षण नहीं करेगा तो इस धरती से अनेक पक्षी समाप्त हो जायेंगे। हम सौभाग्यशाली हैं कि गिधवा-परसदा-नगधा में शीत ऋतु में विदेशी मेहमान पक्षी प्रवास पर आते हैं। इनका हमें संरक्षण करना चाहिए। यह खुशी की बात है कि गांव के लोग इन पक्षियों का शिकार नहीं करते।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों में पिछले कई सालों से विदेशी मेहमान पक्षी आ रहे हैं। ग्रामीण इन्हे नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। गांव के लोग इन पक्षियों का संरक्षण करते हैं। हमर चिरई हमर चिन्हारी के रूप में ख्याति अर्जित कर चुके हैं। संस्कृत में एक श्लोक है ''प्रकृति रक्षति रक्षितः'' यानी हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी वन मोना माहेश्वरी, रेंजर माधुरी तिवारी, प्राचार्य आर.डी. कोशले, नवागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजली मारकण्डे, सरपंच नगधा थानेश्वर वर्मा, गिधवा-केशव राम साहू, परसदा-राजेश साहू, मुरकुटा फुलमती भारती, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सेवा से किसी के चेहरे पर जरा सभी मुस्कान आ जाए इससे बड़ी सेवा कुछ भी नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



हमर सुग्गर सेवा समिति पंडरदल्ली के सदस्यों ने जरूरतमंदों को कंबल और थाली बांटे। दल्ली राजहरा के कुछ युवकों ने एक संस्था बनाई है हमर सुग्गर सेवा समिति इस संस्था के माध्यम से युवक जरूरत मंदो की सेवा करने का काम कर रहे हैं द्य इस समिति में कई लोग अपने प्रिय जनों के याद में या अपने मन से सहयोग राशि दे रहे हैं, सहयोग राशि से समिति के युवकों द्वारा जरुतत मंदों के लिए आवश्यकता अनुसार समान खरीद कर उन्हें दे रहे हैं द्य इन युवकों ने सहयोग राशि से एक महिला को सर्व सुविधा युक्त घर बना कर दिए। एक व्यक्ति को इलाज के लिए 13126 इकट्ठा कर दिए तथा सहयोग से कई बच्चों तथा महिलाओं के लिए कंबल स्वेटर आदि दिए हैं। वार्ड नंबर 17 एवं वार्ड नंबर 7 मे विद्युत मंडल के सहयोग से विद्युत कनेक्शन दिला कर उनके घर को उजाला किए हैं। समिति के लोगों का कहना है कि सभी सेवा से बेहतर है मानव सेवा , यदि हमारे सेवा से किसी के चेहरे पर जरा भी मुस्कान आ गई तो इससे बड़ी सेवा और इससे बड़ी प्रसाद हमारे लिए कुछ भी नहीं हो सकता। 2 फरवरी को समिति के सदस्यों ने वार्ड नंबर 18 में शांति बाई, सूरजा बाई, शत्रुघ्न सिंह, मंगली बाई, पार्वती बाई, वार्ड नंबर 14 से फुलेश्वरी साहू ,वार्ड नंबर 15 से सुरजा बाई, वार्ड नंबर 4 से दुलौरिन बाई बासन बाई और सुभान बाई को कुल 10 कंबल तथा 10 थाली का वितरण किया द्य इस दौरान हमर सुघर पंडर दल्ली सेवा समिति के जीवन लाल भोज राम साहू शिव प्रसाद साहू कुमारी ममता नेताम तथा बछित्तर सिंह उपस्थित थे।

# जनजातीय समूहों के विकास के लिए पहली बार अलग से बजट में प्रावधान : विक्रम धुर्वे

**केंद्रीय बजट 2023-24 का विक्रम धुर्वे ने किया स्वागत**



**दल्लीराजहरा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बालोद जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने बजट पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वाकई यह अमृत काल का बजट है। विक्रम धुर्वे ने कहा कि पहली बार जनजातीय समूहों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि पीबीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) बस्तियों को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा सके,अगले 3 वर्षों में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। विक्रम धुर्वे ने आगे कहा कि अगले तीन साल में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में 38,800 अध्यापकों व सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए मिशन शुरू किया जाएगा,इस बजट की सात प्राथमिकताएं हैं, जो सप्तऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करेंगी। विक्रम धुर्वे ने सभी वर्गों के लिए लाभदायक बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया।

## मंत्री अकबर के जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार देने के प्रयासों पे, लापरवाह अधिकारी फेर रहे पानी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के जनप्रिय कद्दावर नेता कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर लगातार चार सालों से स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की नियुक्ति से लेकर आधुनिक जांच मशीन जैसी सुविधाओं पे लगातार प्रयासरत है, जिलेवासियों को डायलिसिस की सुविधाएं प्रदान की जिससे उन्हें अब रायपुए या बिलासपुर नही जाना पड़ेगा अब तक 21 मरीजों को 700 बार डायलिसिस किया जा चुका है वहीं सोनोग्राफी की भी सुविधाएं लोगों को मिल रहा ,नार्मल डिलवरी के साथ साथ अब ऑपरेशन की भी सुविधाएं उपलब्ध है।

# कलेक्टर ने किया गुदुम गौठान में रीपा निर्माण कार्य एवं घोटिया में कन्या आदिवासी आश्रम का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम के गौठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के प्रगतिरत कार्य एवं ग्राम घोटिया में शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान श्री शर्मा ने सीईओ जनपद पंचायत एवं अन्य अधिकारियों से रीपा के निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को रीपा के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने रीपा निर्माण के प्रस्तावित नक्शा का अवलोकन भी किया। शर्मा ने पेड़ के छांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह के महिलाओं से गांव में चल रहे विकास कार्य एवं गौठान के गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने कलेक्टर को गांव में शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी दी। स्वसहायता समूह के महिलाओं ने बताया की गौठान में समूचित मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण एवं बिक्री की जा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने ग्राम घोटिया पहुंचकर आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। शर्मा ने मौके पर उपस्थित सरपंच ममता मंडावी एवं ग्रामीणों से चर्चा कर आश्रम के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कन्या आश्रम के शौचालय, शयन, रसोई एवं भोजन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई कक्ष में व्यवस्थित रूप से रखे गए डायनिंग टेबल एवं आश्रम की साफ-सफाई की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आश्रम की व्यवस्था की सराहना की।

**हिन्दू धर्म में सोलह संस्कार माना गया**

# सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें सरस्वती पूजन के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्रों एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया इस अवसर पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना किया इस अवसर पर छत्तीसगढ़ वंदे मातरम शिक्षण समिति के प्रांतीय सचिव विवेक सक्सेना ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कार का बड़ा महत्व है हिंदू धर्म में सोलह संस्कार माना गया है जिसमें दसवां संस्कार विद्यारंभ संस्कार है उन्होंने कहा शिशु मंदिर स्कूल में छोटे-छोटे कार्यक्रम के माध्यम से संस्कार मिलता है जिसे पढ़ाया नहीं जाता बल्कि सिखाया जाता है और जब वह बच्चों के अंदर उतर जाता है तो कहना नहीं पड़ता और वही संस्कार देश की पहचान बन जाती है भारत का स्थान विश्व गुरु का रहा है पूरा विश्व आध्यात्मिक शांति से रहे इसीलिए सभी समाज योगदान रहता है और शिशु मंदिर में विश्व कल्याण के प्रति शिक्षा दिया जाता है यही संस्कार बनाता है उन्होंने कहा कि शिशु मंदिर व्यवसायिक नहीं है शिशु मंदिर समिति के माध्यम से समाज के उत्थान हेतु कार्य किया जाता है इसीलिए समाज के लोगों का सहयोग भी रहता है पर अब जगह-जगह इंग्लिश माध्यम से पढ़ाने वाले इंटेलिजट होते हैं यह लोगों के मन में धारणा है जबकि दुनिया में मातृभाषा से बच्चों को शिक्षा दिए जाने की बात कही गई है उसी का असर बच्चों में पड़ता है उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में अगले वर्ष से स्मोकंन अंग्रेजी शुरू करने का निर्णय लिया गया है और गणित विषय में भी परिवर्तन किया जाएगा स्कूल चाहे शिशु मंदिर हो या अंग्रेजी स्कूल हो संस्कर के तरफ ध्यान देना चाहिए। वंदे मातरम शिक्षण संस्थान के सदस्य एवं वत्सला संस्थान के संस्थापक ज्योति सिंघानिया ने इस अवसर पर कहा कि शिशु मंदिर में प्राइमरी में ही चरित्र निर्माण संस्कार को महत्व दिया जाता है केवल ज्ञान अध्ययन शिक्षा या पैसा डिग्री महत्वपूर्ण नहीं है उन्होंने इस संबंध में राम रावण का उदाहरण देते हुए कहा की राम के पास चरित्र रहा है इसलिए उनकी पूजा की जाती है शिक्षा में करैक्टर के तरफ शिशु मंदिर में ध्यान दिया जाता है उन्होंने कहा कि यदि बार-बार किसी चीज का शिक्षा देते हैं तो वह संस्कार बन जाते हैं उन्होंने सभी लोगों से बच्चों की शिक्षा तथा उसके नियति क्या है इस तरफ ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा शिक्षा व्यवस्था करैक्टर राष्ट्र चरित देश भक्ति के तरफ सोचना चाहिए।

# अंडर-19 महिला वर्ल्ड कप की जीत, सभी उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है : योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पंथ श्रीहजूर उग्र नाम साहेब के स्मृति में ग्राम जिया में प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ग्राम जेवरा व कुसमी के मध्य खेला गया। जिसमें जेवरा की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इस दौरान मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में अंडर-19 महिला वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में भारत की बेटियों ने फाइनल मैच जीतकर वर्ल्ड कप जीता। यह जीत सभी उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। इस अंडर-19 महिला टीम में कई खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्र से आती हैं, जो अभावों के बावजूद अपने संघर्ष व मेहनत की बदौलत भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई है। ग्रामीण स्तर पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों से निकले खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान अध्यक्ष जगमोहन वर्मा, राजेंद्र वर्मा, उज्जवल वर्मा, अनिल वर्मा, मनोज, महेश मंडल, प्रवीण नदीम, नवीन तिवारी, ओंकार, गोपाल साहू, प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

# हत्या के 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



हत्या के 2 आरोपियों को शिवरीनारायण पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे, जमीन विवाद के चलते भतीजे ने उतारा चाचा को मौत के घाट, पत्थर से कुचलकर आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम, आरोपी संतोष साहू एवं उत्तम प्रसाद साहू को को भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मृतक खोलबहरा साहू ग्राम तनौद का रहने वाला है। वह पारिवारिक जमीन विवाद के चलते वर्तमान में लोहर्सि (सोन) थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर में रह रहा था।अपने जमीन का सीमांकन कराने ग्राम तनोद आया हुआ था। वह धनेश महिपाल के घर संचालित पटवारी कार्यालय गया था जहां पर इसके दोनों भतीजे उत्तम प्रसाद साहू और संतोष साहू पहुंचकर सीमांकन नही कराने की बात पर वाद विवाद करते हुए वही पर मारपीट शुरू कर उसके हाथ को पकड़कर खींचते हुए उसे करीब 60-70 मीटर दूर मेन रोड तनोद सरस्वती शिशु मंदिर के पास सुरित दिवाकर के दुकान के सामने ले जाकर उसे मारते हुए पटक दिए और खोल बहरा के नीचे गिरने पर संतोष साहू उसके पैर को पकड़ लिया और उत्तम साहू वही पर पड़ा बड़ा सा वजनी पत्थर से उसके चेहरा,सीना और हाथ पैर में कई बार पटक पटक कर मारा जिससे खोल बहरा की मृत्यु हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिवरीनारायण स्टाफ घटनास्थल पहुंचकर घटना स्थल में पड़े एक खून लगे बड़े पत्थर को जप्त किया गया तथा उक्त दोनों फरार आरोपियों की पतासाजी कर दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जमीन विवाद पर मृतक की हत्या करना स्वीकार किये। आरोपी संतोष साहू एवं उत्तम प्रसाद साहू दोनों निवासी ग्राम तनौद को गिरफ्तार किया गया जिन्हें को न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया।आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रविन्द्र अनंत, सउनि के के कोसले, प्र.आर. रूद्र नारायण कश्यप, परमानंद घृतलहरे एवं आरक्षक महेन्द्र राज का सराहनीय योगदान रहा।

# शराब में जहर मिलाकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार उधारी रकम मांगने से परेशान होकर दिया घटना को अंजाम

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



मृतक अक्षय केवट द्वारा आरोपी को धान नही बेचने से क्षुब्ध होकर हत्या की योजना बनाय।आरोपी धनीराम केवट निवासी सेमरा को किया गया गिरफ्तार। थाना नवागढ के मृतक दुर्गादास उम्र 32 वर्ष निवासी मुड़पार एवं मर्ग के मृतक अक्षय केवट उम्र 24 वर्ष निवासी सेमरा वार्ड क्रमांक 4 कुटरा बोड थाना नवागढ के मर्ग प्रकरणों की जाच के दौरान दोनो मृतकों का पीएम कराया गया। पी एम रिपोर्ट मे डाक्टर द्वारा विसरा प्रिजर्व किया गया था जिसका एफ एस एल से परीक्षण कराया गया। एफएस एल रिपोर्ट में मृतक दुर्गादास एवं अक्षय केंवट के विसरा मे एल्यूमीनियम फास्फाईड एवं इथाईल एल्कोहल होना लेख किया गया है। मृतक दुर्गादास एवं अक्षय केवट के परिजनो से पूछताछ कर कथन लिया गया जिन्होंने अपने अपने कथन मे बताए कि दोपहर को मृतक अक्षय केवट और दुर्गादास अपने दोस्त धनीराम केवट के घर गए थे शाम करीबन 5/30 बजे धनीराम द्वारा मृतको के घरवालों को बताया कि मृतक अक्षय केवट और दुर्गादास उसके घर के पीछे बाडी मे शराब पीकर गिरे पड़े है दुर्गादास को धनीराम द्वारा उसके घर छोड़ा गया और अक्षय को उसके परिजनो के साथ जिला अस्पताल ले जाने पर जिला अस्पताल मे डाक्टर द्वारा अक्षय की मौत होना बताया गया. दुर्गादास के परिजनो द्वारा भी दुर्गादास को अस्पताल ले जाने पर डाक्टर द्वारा मृत्यू होना बताया गया. मृतको के परिजनो द्वारा अपने अपने कथन में बताया कि अक्षय केवट द्वारा अपनी धान की फसल को धनीराम को न बेचकर दूसरे को बेच देने के कारण, धनीराम द्वारा चिढ़ कर अक्षय और दुर्गादास को शराब में जहर मिलाकर पिला देने का संदेह होना बताने एवं मर्ग की मर्ग जाच पीएम रिपोर्ट, एफएस एल रिपोर्ट गवाहो के कथनानुशार मृतक अक्षय केवट एवं दुर्गादास की मृत्यू शराब मे जहर मिलाकर पिला देने से होना प्रथम दृष्टया प्रतीत होने पर धनीराम के विरूद्ध अप पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते संदेही आरोपी धनीराम केवट से पूछताछ किया गया जो पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि मृतक अक्षय केवट और दुर्गा दास इसके दोस्त थे जिनसे आरोपी द्वारा पैसा उधार लिया गया था आरोपी की शादी होने वाली थी उसको और पैसे की आवश्कता थी उसी समय अक्षय और दुर्गादास अपना उधारी का पैसा आरोपी से बार बार वापस मागते थे नही लौटाने पर बेइज्त करते थे मृतक अक्षय ने अपनी फसल को आरोपी धनीराम के घर में रखा था और आरोपी धनीराम को उस फसल को बेचने का सौदा किया था लेकिन अधिक कीमत मिलने पर अक्षय ने फसल दूसरे को बेच दिया जब आरोपी द्वारा अक्षय को बोला गया तो अक्षय आरोपी से विवाद किया और अपना उधार का पैसा वापस मागने लगा और दुर्गादास को भी पैसा वापस मांगने हेतू उकसाने लगा अक्षय और दुर्गादास के द्वारा बार बार उधार का पैसा वापस मागने से तंग आकर आरोपी धनीराम द्वारा अक्षय और दुर्गादास को शराब में जहर मिलाकर पिलाकर उन्हें जान से मार देने का योजना बनाया। शराब भटटी से शराब लाकर उसमे कीटनाशक जहर मिलाकर अपने सगाई वाले दिन अक्षय और दुर्गादास को जहर मिली शराब मिलाकर पिला दिया जिससे अक्षय और दुर्गादास की मृत्यू हो गयी । विवेचना के दौरान आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर एक सल्फास कंपनी का पैकेट जिसमे कुछ मात्रा में पाउडर है एवं एक देसी मदिरा प्लेन शराब की खाली शीशी को जप्त किया गया। आरोपी धनीराम केवट उम्र 26 साल निवासी सेमरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष शर्मा ने ली कृषि एवं संवर्गी विभागों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि एवं संवर्गी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कृषि एवं अन्य विभागों में संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं से आमजनों को प्राथमिकता से लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य कृषक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष महेन्द्र चन्द्राकर, सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, संयुक्त संचालक कृषि विनोद वर्मा एवं यशवंत केरार्म, मनोज सागर यादव, सहित कृषि, उद्यान, मत्स्य, जल संसाधन, बीज निगम, पशु धन विकास विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष शर्मा द्वारा कृषि एवं संवर्गी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कृषि सहित अन्य विभागों में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए जिला प्रशासन के कार्यो की सराहना की। उन्होंने सभी अधिकारियों इसी प्रकार आगे भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पहचान यहां के किसानों से है। किसानों की उन्नति के बिना प्रदेश की उन्नति संभव नही है। इस हेतु सभी अधिकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप किसानों की आर्थिक विकास के लिए संचालित योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन में व्यक्तिगत रुचि लेकर ओर करें। जिससे आम जनों को लाभ मिले। शर्मा ने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में उत्पादित गुणवत्तायुक्त वर्मी कम्पोस्ट खाद का अधिक से अधिक उपयोग हेतु किसानों को प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने गौठानो में विविध गतिविधियां से महिला स्वसहायता समूहों को जोड़कर स्वावलंबी बनाने के निर्देश दिए गए। पशुधन विभाग को गौठानों में मल्टीएक्टीविटी के रूप में बकरी पालन, मुर्गीपालन, पशु पालन प्रारंभ कर महिला स्वसहायता समूहों को अतिरिक्त आमदनी के उपलब्ध कराने की बात कही।

# 10 दिवसीय अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ किया कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने

## रूपनारायण ने कहा-भगवान रामचंद्र के आदर्शो को करना चाहिए जीवन में आत्मसात

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति जिले के ग्राम कुमारपारा में 1 फरवरी को 10 दिवसीय अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ कृषि उपज मंडी सक्ति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूपनारायण साहू के कर कमलों से हुआ, इस अवसर पर नवधा रामायण के प्रथम दिवस जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ही आयोजन समिति के सदस्यों ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया, तो वही प्रथम दिवस सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्र के धर्म प्रेमी, श्रोता गण उपस्थित रहे,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि उपज मंडी सक्ति के अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जगह-जगह अखंड नवधा रामायण की परंपरा दशकों से चली आ रही है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश भगवान रामचंद्र की के पवित्र धरती है, एवं रामचंद्र जी का नाता छत्तीसगढ़ प्रदेश से रहा है अतः हम सभी भगवान रामचंद्र को अपना आदर्श मानते है, रूपनारायण साहू ने कहा कि रामचंद्र जी के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेते हुए इसे अपने आत्मसात करना चाहिए, तथा रामचरितमानस की कथा का श्रवण करने मात्र से ही सभी के संकटों का निवारण होता है, तो वही रामचरित मानस हमें सदैव लक्ष्य की प्राप्ति एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन समिति का उत्साहवर्धन किया,तो वही 1 फरवरी को उद्घाटन अवसर पर मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू के अलावा प्रेस क्लब बाराद्वार के अध्यक्ष सुनील जिंदल, अभिषेक राय, दीपक अग्रवाल,डूमरपारा के सरपंच छतराम राज, अजय सिंह, मनीष यादव, मनोहर राठौर सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे, ग्राम पंचायत डूमरपारा के सरपंच छतराम राज ने भी आगंतुक सभी अतिथियों का पूरी पंचायत की ओर से अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# उन्नत कृषि एवं यंत्रीकरण तथा जैविक खेती के लिए शैलेन्द्र को कृषक सम्मान



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

उन्नत कृषि एवं यंत्रीकरण तथा जैविक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने पर नगर पंचायत नवागढ़ के युवा कृषक शैलेन्द्र केशरवानी को कृषक सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया है,युवा कृषक शैलेन्द्र केशरवानी को उक्त सम्मान जिला प्रशासन द्वारा एक फरवरी 2023 को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के मंच से अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया। इस दौरान शाकंभरी बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, कृषि उपज मंडी नैला-जांजगीर के अध्यक्ष ब्यास कश्यप, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभापति राजकुमार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे, शैलेंद्र को मिले इस सम्मान पर कृषक साथियों सहित नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी

# आयुष्मान और डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत कलेक्टोरेट मंत्रणा सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया किया जिसमें जिले में पंजीकृत निजि एवं शासकीय चिकित्सालयों के साथ विस्तृत चर्चा किया गया है कार्यशाला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत हितग्राहियों को पात्रतानुसार 5 लाख एवं 50 हजार तक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होती है साथ ही मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत हितग्राहियों को 20 लाख तक का लाभ दिया जाता है राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय किये जाने हेतु दुर्लभ बीमारियों का स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करते हुए बिमारी का ईलाज किया जाता है। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत् दुर्लभ बिमारी जैसे-लिवर प्रत्यारोपण, किडनी प्रत्यारोपण, हृदय एवं फेफड़ा प्रत्यारोपण, हृदय रोग, कैसंर, एप्लास्टिक अनिमिया, एसिड अटैक का ईलाज किया जाता है। क्लेम वृद्धि करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश एवं प्रोत्साहन राशि की एन्टी के विषय में विस्तृत चर्चा किया गया आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं मरीजो का पंजीयन ;ज्डैद्ध का प्रशिक्षण दिया गया, वर्तमान वित्तीय वर्ष में 25571 मरीजो को लाभ दिया गया एवं आज दिनांक तक कुल 576760 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है एवं मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत् कुल 23 मरीजो के द्वारा लाभ लिया गया।

आयुष्मान कार्ड वर्तमान में जिले जिला चिकित्सालय जशपुर, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला जशपुर ,समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला जशपुर एवं समस्त कॉमन सर्विस सेटर में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शासकीय हाईस्कूल परसदाखुर्द के कलाकारों ने दिखाया अपना हुनर

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2023 में शासकीय हाईस्कूल परसदाखुर्द ने जीते 5 पदक तथा जिले के एकमात्र इस विद्यालय से कुल 11 विधाओं में चयनित सबसे अधिक संख्या में 15 वर्ष के प्रतिभागी बच्चे शामिल हुये,विगत दिनों रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में 28 से 30 जनवरी 2023 तक आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में नवीन जिला शक्ति के हाई स्कूल परसदा खुर्द के प्रतिभागीयों ने विभिन्न विधाओं में 5 पदक प्राप्त किए ।जिले ने कुल 11 पदक प्राप्त किए,जिसमें शा हाई स्कूल परसदाखुर्द ने रॉक बैंड 40 से अधिक लक्ष्मीनारायण क्षत्री एवं साथी प्रथम स्थान, वेशभूषा 40 से अधिक कमला दपी गवेल प्रभारी प्राचार्य ने द्वितीय स्थान, फूड फेस्टिवल 15 से 40 में प्रतिमा कर्ष,मंजू चौहान, यशोदा द्वितीय स्थान, बस्तरिहा नृत्य 15 से 40 में बबीता एवं साथी ने तृतीय स्थान,तत्कालिक भाषण 40 से अधिक राजेंद्र कुमार बेहरा तृतीय स्थान प्राप्त किए साथ ही शास्त्रीय संगीत हिंदुस्तानी शैली 40 से अधिक में दिनेश साहू प्रथम स्थान तबला वादन में 40 से अधिक कमलेश चौहान प्रथम स्थान गिटार वादन 15 से 40 वर्ष में राजू साहू प्रथम स्थान भौंरा 40 से अधिक पात्रिक एक्का द्वितीय स्थान भौंरा15 से 40 यशवंत पटेल तृतीय स्थान एवं खो-खो पुरुष 15 से 40 में भुनेश्वर एवं साथी तृतीय स्थान प्राप्त किए सभी को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया,इसके अतिरिक्त हाईस्कूल परसदा खुर्द के ही कलाकार बबीता चौहान, कमला दपी गवेल के भरथरी और लक्ष्मीनारायण एवम साथी के पंडवानी गायन को मुख्य मंच में प्रस्तुतिकरण का अवसर प्राप्त हुआ जिसे दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया एवम् आयोजको द्वारा पुष्पगुच्छ व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शक्ति जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, अतिरिक्त कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा, प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण और मालखरौदा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रजनी भगत, पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री।

# जेएलएन डिग्री कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



स्थानीय जे. एल. एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में बंसत पंचमी के अवसर पर भारतीय संस्कृति के परंपरा अनुसार सरस्वती पूजा मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित हुए थे। छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गयी। हर्षोल्लास के साथ पूजा-पाठ सम्पन्न कर प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण किया गया। जे. एल. एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में पुण्यतिथि पर याद किया गये बापू-सक्ती-स्थानीय जे. एल. एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर महाविद्यालय में छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने कहा कि चम्पारण सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन इस प्रमुख आंदोलन ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव कमजोर करने में बड़ा योगदान दिया । प्राचार्य ने बापू जी के प्रिय भजन राघुपति राघव राजा राम पतितपावन सीता राम को समस्त प्राध्यापक और छात्र-छात्राओं के द्वारा गाया गया । इसलिए आज भी बापू जी को याद किया जाता है और साथ ही 2 मिनट का मौन धारण कर बापू जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जे. एल. एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में सहजयोग आज का महायोग कि जानकारी दी गयी। स्थानीय जे. एल. एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में परमपूज्य माता जी निर्मला देवी छ.ग स्थित सहजयोग ध्यान केन्द्र रायपुर से आये हुए अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को सहजयोग की जानकारी दी गयी उन्होंने कहा सहज योग एक ध्यान पद्धति है जिसके द्वारा हम जीवन में धैर्य, आनंद, समाधान एवं प्रसन्नचित अवस्था को पाते है हम अपने अन्दर स्थित सकारात्मक ऊर्जा एवं पांच तत्वों द्वारा उन्नति को पा सकते है। छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने कहा आज इस वर्तमान समय में स्वास्थ्य ही धन है इसे स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है इसके लिए योगाभ्यास करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी एवंछात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या, अब हुई गिरफ्तार

## कथित प्रेमी अब भी फरार, पुलिस कर रही तलाश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनेकेला गांव में 30 जनवरी की रात महिला ने कथित प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को हाथ-मुक्का, ठोस वस्तु व हथियार से मारपीट किया, जिससे आहत को उसके परिजन ईलाज के लिये लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां दूसरे दिन सुबह आहत चैतन राठिया की मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी महिला समारी धनवार और भागीरथी राठिया फरार थे, जिनमें महिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को मृतक के छोटे भाई विजय धनवार (उम्र 30 साल) थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कर बताया गया कि मृतक चैतन राठिया इसका बड़ा भाई है, दोनों का मकान अलग अलग जगह में है। 30 जनवरी की रात्रि करीब 11 बजे पड़ोस की महिला घर आकर बताया कि बडे भाई चैतन को भागीरथी राठिया एवं समारी धनवार मारपीट किए है। तब चैतन के घर जाकर देखा तो चैतन आंगन में बेहोश पड़ा था जिसके कपाल एवं सिर पीछे किसी धारदार ठोस वस्तु से मारने का चोट का निशान था और सिर से खून बह रहा था। घर में चैतन की पत्नी समारी धनवार और बच्चे भी नहीं थे। तब डॉयल 112 वाहन को कॉल कर बुलाये और चैतन को लैलूंगा अस्पताल ईलाज के लिए भर्ती किए, सुबह करीब 09 बजे मौत हो गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि बीते रात चैतन राठिया के साथ उसकी पत्नी समारी धनवार और भागीरथी राठिया मारपीट कर रहे थे जिसे गांव का शिव राठिया देखा है। चैतन राठिया को भागीरथी राठिया और समारी धनवार मिलकर चैतन धनवार के सिर के पीछे एवं कपाल में धारदार ठोस वस्तु से मारकर चोट पहुंचाकर हत्या करने की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना लैलूंगा में धारा 302,34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

## हटरी धर्मशाला शक्ति में तीन दिवसीय विशेष शिविर

# तोतले बच्चों की निशुल्क स्पीच थेरेपी चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

- जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस एमआर अहिरे एवं ट्विटर सतनारायण मित्तल रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अग्र बायोडाटा सेंटर समता कॉलोनी रायपुर के सौजन्य से अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद की शक्ति शाखा द्वारा शहर की हटरी धर्मशाला में तोतले बच्चों की निशुल्क स्पीच थेरेपी चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, पूजा- अर्चना कर हुआ,तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया, मंचस्थ अतिथियों में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शक्ति जिले के पुलिस अधीक्षक आईपीएस एम आर अहिरे, कायक्रम की अध्यक्षता शहर के शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश अग्रवाल अन्य अतिथियों में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, महामंत्री अमरलाल अग्रवाल कांट्रेक्टर, कपूरचंद अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष द्वय गीता देवी अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की पूर्व अध्यक्ष गुड्डी देवी अग्रवाल, प्रमुख रूप से उपस्थित थे, कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए सचिव अमरलाल अग्रवाल कांट्रेक्टर एवं अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने कहा कि परिषद की शक्ति शाखा द्वारा तोतले बच्चों की स्पीच थेरेपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस शिविर में लगभग 40 बच्चों का पूर्व पंजीयन हो चुका है एवं तीन दिवसीय शिविर आयोजित होगा, कार्यक्रम को शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि तोतले बच्चों की चिकित्सा का मेडिकल साइंस में कहीं कोई जिक्र नहीं है, तथा सत्यनारायण मित्तल द्वारा इस क्षेत्र में विशेष रूप से लोगों को ठीक करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल की जा रही है, जिसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं, कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक आईपीएस एम आर अहिरे ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर एक अलग पहल हो रही है, एवं हम सभी को नारी सुरक्षा को लेकर भी चिंता करनी होगी तथा आज पुलिस प्रशासन भी निरंतर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूक है तथा हम सभी सदैव पुलिस के कार्यों में भी सहयोग प्रदान करें जिससे पुलिस को अपराधियों को पकड़ने में भी सुविधा मिलती है,तथा आईपीएस अहिरे ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से लोगों को काफी लाभ मिलता है तथा समय-समय पर ऐसे शिविरों का निरंतर आयोजन होना चाहिए,कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सत्यनारायण मित्तल ने कवि के रूप में भी अपनी पंक्तियां प्रस्तुत की जिसका लोग लोगों ने स्वागत किया।

# आंगनबाड़ी परियोजना कार्यालय अपने स्वयं के भवन में संचालित होने से काम की रफ्तार बढ़ा दी

## 7 नए आंगनबाड़ी भवन बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत

**पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा**
www.dailypioneer.com

शहर व ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाले आंगनबाड़ी परियोजना अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत अब यह संस्थान धीरे धीरे अपने स्वयं के भवनों में संचलित हो रहा है जो कि महिला व बाल विकास योजना के तहत शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं को संचलित कर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में उन्हें सकार रुप देने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**परियोजना अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत कुल कितने आँगनबाड़ी आते है :** गौरतलब है कि महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 262 आँगनबाड़ी कार्यालय संचालित है जो की आज के वर्तमान समय मे 199 आँगनबाड़ी भवन बनकर तैयार होकर महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, वही 7 नये आँगनबाड़ी भवन बनने को स्वीकृत है जो ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केसला, बिटकुली (1) मेन्डरा टोनाटार(1) धनेली (2) पासीद (1) अकोली (1) मे यह भवन बनना है जो कि कुल मिलाकर महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंतर्गत 206 हो जायेगा व बचे हुये लगभग 38 कार्यालय किराये के भवन मे संचालित है जिसका स्वयं भवन के लिये भी प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही जा रही है।




### आंगनवाड़ी का महत्व

आँगनबाड़ी विशेष रूप से निर्धन और निम्न आय वर्ग की परिवारों में बच्चों के स्वास्थ्य और विकास के लिए भूमिका निभाता है। शिशुओं के प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य, बाल पोषण विद्यालय शिक्षा तथा बच्चों के टीकाकरण में आंगनवाड़ी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंगनवाड़ी छोटे बच्चों की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए एकीकृत बाल विकास सेवाएँ के कार्यक्रम के रूप में ग्राम स्तर पर सरकार द्वारा समर्थित एक केंद्र है। आंगनवाड़ी 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों, किशोर युवतियों, गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं की देखरेख करने वाली माताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओ की विशिष्ट भूमिका क्या है?

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सामान्यतः उस गाँव के होते है तथा वह गाँव के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और उसकी आवश्यकताओं से पूरी तरह से अवगत होती है क्योंकी वह अपने क्षेत्र में परिवारों के साथ संपर्क बनाए रखती है। वह आंगनवाड़ी की प्रमुख कार्यकर्त्ता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता अनेक कार्यों को निष्पादित करती है।

### नियमित निगरानी वार्ड प्रतिनिधि की जवाबदारी

गौरतलब है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधि को यह सुनिश्चित करना चाहिए की आंगनवाड़ी नियमित रूप से चल रही तथा विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान खुलती है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को बीच बीच में आंगनवाड़ी का दौरा करना चाहिए। वे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को प्रेरित कर सकते हैं। ग्राम पंचायत को यह भी देखना चाहिए कि जाति, धर्म अथवा किसी अन्य आधार पर बच्चों के साथ कोई भेदभाव न किया जाए।

# सबका साथ सबका विकास को ध्यान रखकर तैयार बजट

## हर वर्ग को स्पर्श कर रहा केंद्र सरकार का बजट : अमिनेश कश्यप

**पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा**
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण अमिनेश कश्यप ने पेश हुए केंद्रीय बजट का स्वागत किया है। इसे सभी वर्गों को स्पर्श करता हुआ बजट बताते हुए विकासोन्मुखी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। अमिनेश कश्यप ने कहा कि वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए प्रस्तुत इस बजट में युवा, मजदूर किसान, ग्रामीण,महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। गांव,गरीब,अन्नदाताओं को राहत दी गई है। गरीब तबके के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में ऐतिहासिक वृद्धि के साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की घोषणा की गई है,इससे मजदूर वर्ग को काफी राहत मिलेगी। कृषि, स्वास्थ्य,शिक्षा,अधोसंरचना विकास सहित कई महत्वपूर्ण घोषणा की गई है, जो आम जनता को राहत देगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा के साथ ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने के लिए प्रावधान किए गए हैं। एकलव्य विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती होने से शिक्षा के क्षेत्र में और निखार आएगा। 45 लाख युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए 3 वर्षों तक सीधे खातों में राशि दी जाएगी। साथ ही रोजगार का अवसर पैदा किया जाएगा। 7 लाख रुपए तक की आय तक आयकर छूट दी गई है। ज्यादा ब्याज दर की बचत राशि सीमा 15 से बढ़ाकर 30 लाख करने से काफी राहत होगी। कुल मिलाकर केंद्र सरकार का बजट आजादी के अमृत महोत्सव में अमृत काल और मील का पत्थर साबित होगा।

### विकास के नए आयाम और वैश्विक स्तर पर अच्छा उदाहरण पेश करेगा बजट : अनिल अग्रवाल

भाजपा जिला महामंत्री ग्रामीण अनिल अग्रवाल ने बजट को विकासोन्मुखी बताते हुए स्वागत किया है। अग्रवाल ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार का यह आम बजट देश की आम जनता को राहत देने वाला है। बजट में गांव, गरीब,किसान,बच्चे, बुजुर्ग और जवान सहित महिलाओं,व्यापारी एवं सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट चारों तरफ विकास के द्वार खोलने के साथ ही अन्नदाताओं को संबल प्रदान करेगा। न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि अच्छा उदाहरण प्रस्तुत होगा। बजट में गरीब वर्ग के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 66 की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। कूल 79000 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को अतिरिक्त 5 किलो राशन प्रति व्यक्ति प्रति माह 31 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। कृषि क्षेत्र में नए प्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए युवाओं के मध्य स्टाटअप कल्चर को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। इसके लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अनवरत जारी रहेगी। अन्न (मोटे अनाज) को बढ़ावा दिया जाएगा। छोटे एवं सीमांत किसानों का सहकारिता के माध्यम से लाभ सुनिश्चित करने के लिए नए मंत्रालय की स्थापना करने की घोषणा की गई है। देशभर में 63000 सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

# डीके महाविद्यालय के छात्रों ने 36 वें साउथ ईस्ट जोन अन्तर विवि युवा उत्सव में भाग लिया

**पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार के 10 छात्र छात्राओं ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के 50 सदस्यीय टीम में चयनित होकर समूह नृत्य में 36 वें साउथ ईस्ट जोन अन्तर - विश्वविद्यालय युवा उत्सव 2023 स्पर्धा में भाग लेकर महाविद्यालय को गौरान्वित किया। 36 वें साउथ ईस्ट जोन अन्तर-विश्वविद्यालय युवा उत्सव कर्नाटक के गुलबर्ग विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ , जिसमे भारत के 4 राज्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और छत्तीसगढ के 28 विश्वविद्यालय ने 27/जन/2023 से 31/जन/2023 तक भाग लिया था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.आर. सी.जेम्स के अनुमति तथा सहायक प्राध्यापकरूपेश कुमार देवांगन जिनको पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा 50 सदस्यीय टीम के लिए टीम मैनेजर नियुक्त किया गया था, जिनके साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में चंद्रमणि साहू, खुशबू साहू, टिकेश कुमार, पायल वर्मा, मेघा कुर्रे, योगेश्वरी वर्मा, मलय कुमार,हितेश कुमार एवं ओम प्रकाश ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त प्राध्यापको ने सफल भागीदारी के लिए समस्त समूह को बधाई तथा भविष्य के लिए शुभकामनाए दी।




### दिव्यांगजनों का मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने शिविर 3 फरवरी को सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में

**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में दिव्यांग जनों के लिए मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने शिविर लगाया जाएगा इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तिल्दा ने निर्देश दिए हैं उन्होंने विकास खंड शिक्षा अधिकारी सहित समस्त सरपंच सचिव ग्राम पंचायत को पत्र प्रेषित कहा है कि विकासखंड तिल्दा नेवरा के अंतर्गत निवासरत दिव्यांग जनों का मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बना है इनके लिए 3 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में सुबह 10:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक मेडिकल बोर्ड रायपुर के द्वारा मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। तिल्दा विकासखंड के अंतर्गत निवासरत दिव्यांग जनों को चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने के लिए आधार कार्ड एवं दो फोटो के साथ शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में उपस्थित हो

# 8 दिन से ट्रांसफार्मर खराब बत्ती गुल से आमजन परेशान

## कांग्रेस सरकार एवं बागबाहरा विद्युत विभाग का खुला पोल

**पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद**
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टीमहासमुंद लोकसभा प्रभारी संतोष चंद्राकर ने जानकारी दिया कि आज बिजली की समस्या को लेकर पूर्व खल्लारी विधानसभा अध्यक्ष शकील खान के साथ जाकर बागबाहरा विद्युत मंडल असिस्टेंट मैनेजर आर एल सिदर के अनुपस्थिति में मोहम्मद अमीन परमार सहायक ग्रेट 1को बिजली सप्लाई देने का ज्ञापन दिया गया वार्ड नंबर 9 धान मंडी पिथौरा रोड के सामने का ट्रांसफार्मर पिछले 8,9 दिन से खराब है जहां के निवासियों एवं व्यापारियों को 8,9 दिन से बिना बिजली के दिन रात गुजारा करने पर विवश हैं,जिससे छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार एवं बागबाहरा विद्युत मंडल की पोल खुलता है कि हम जनता को 24 घंटा निर्बंधित बिजली देते हैं। एक ट्रांसफार्मर खराब होने पर बागबाहरा शहर में जब कोई बैकप्लान नहीं है तो इससे क्षेत्र के अन्य गांव में क्या हाल होगा इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है अधिकारी का साफ कहना है कि हमारे पास कोई बैकअप प्लान नहीं होने की वजह से हम कुछ नहीं कर सकते अगर ट्रांसफार्मर खराब हो गया तो आम जनता को उसके ठीक होने तक अंधेरा में रहना पड़ सकता है जिसका कोई समय सीमा नहीं है यह सरकार एवं प्रशासन सिर्फ सिर्फ कागजों में वाहवाही लूट रहे हैं आम जनता बिजली गुल से परेशान हो रहे हैं आम आदमी पार्टी ने आज ज्ञापन दिया कि तत्काल ट्रांसफार्मर के ठीक होने तक अन्य बैकअप प्लान के तहत वार्ड नंबर 9 के निवासियों को तत्काल बिजली दिया जाए एवं क्षेत्र में सभी लोगों को आगामी इस तरह की परेशानी से बचाने के लिए विद्युत विभाग बैकअप प्लान के तहत लोगों को निंबाधित विद्युत उपलब्ध करवाएं एवं भविष्य में ऐसी समस्या से निपटने के लिए बागबाहरा में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था रखें क्योंकि बिजली हर आमजन का मूलभूत सुविधाओं में से एक है जिसे उपलब्ध करवाना सरकार प्रशासन की जिम्मेदारी है अधिकारियों का कर्तव्य है अगर शासन-प्रशासन ऐसा नहीं करती तो आम आदमी पार्टी बागबाहरा विद्युत मंडल के खिलाफ धरना प्रदर्शन घेराव आमरण अनशन करेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदेही बागबाहरा विद्युत विभाग का होगा शासन प्रशासन का होगा।



# युवा महोत्सव में लोक साहित्यकारों ने कहानी और कविता का पाठ किया

■ विभिन्न जिलों से आमंत्रित कहानीकारों ने छत्तीसगढ़ी में कहानियों का पाठ किया

**पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद**
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव अंतर्गत तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी के सशक्त हस्ताक्षर बन्धु राजेश्वर खरे ने माटी के आसरा शीर्षक स्वरचित छत्तीसगढ़ी कहानी का पाठ किया। यह कहानी शराब और जुए जैसी बुरी लतों के बुरे अंजामों से अवगत कराने के साथ ही युवा पीढ़ी को बुरी संगत व मतलब परस्ती लोगों से सावधान रहने का संदेश देती है। कहानी का मुख्य पात्र बिसरू शराब व जुए जैसी सामाजिक बुराइयों में पढ़कर अपने पूरखों की मान-प्रतिष्ठा को खोकर खुद की पहचान मिटा देता है। छत्तीसगढ़ी ग्राम्य जीवन की पृष्ठभूमि पर लिखी इस कहानी को श्रोताओं ने खूब सराहा। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, संस्कृति एवं राजभाषा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक साहित्य सम्मेलन के तीसरे दिन 30 जनवरी 2023 को शासकीय नागार्जुन स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय आडिटोरियम रायपुर में आयोजित पहले सत्र में वरिष्ठ कथाकार डॉ. परदेशी राम वर्मा की अध्यक्षता एवं संजय शाम के संचालन में कहानी रचना पाठ के अंतर्गत बन्धु राजेश्वर खरे के साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों से आमंत्रित कहानीकारों ने भी अपनी छत्तीसगढ़ी कहानियों का पाठ किया। दोपहर दूसरे सत्र में ख्याति नाम कवि एवं व्यंग्यकार रामेश्वर वैष्णव की अध्यक्षता एवं किशोर तिवारी के संचालन में काव्य पाठ हुआ। जिसमें जिले के रूपेश तिवारी व हबीब समर बागबाहरा,बंटी छत्तीसगढ़िया पिथौरा की कविताओं ने खूब तालियाँ बटोरी। राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी एवं उपस्थित कवि-साहित्यकारों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया।महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. अनसुईया अग्रवाल एवं डॉ. राजकुमार टण्डन बागबाहरा पहले दिन आयोजन में शामिल हुए।

### राज्य स्तरीय सम्मेलन में रुपेश तिवारी ने कविता पाठ किया

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2023 अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव अंतर्गत छत्तीसगढ़ लोक साहित्य सम्मेलन 28 से 30 जनवरी 2023 तक शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय ऑडिटोरियम रायपुर में संपन्न हुआ जिसमें 30 जनवरी को दूसरे सत्र में रामेश्वर वैष्णव ख्याति नाम कवि गीतकार की अध्यक्षता एवं किशोर तिवारी भिलाई के संचालन में कवि सम्मेलन हुआ सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए बागबाहरा से आमंत्रित कवि साहित्यकार रुपेश तिवारी ने अपने सुपरिचित शैली में एगा जवईया सुन तोर ठहराव कहाँ हे, शहरिया चकाचौंध में तोर गँव कहां हे,जैसे कविता पाठ कर खूब वाहवाही लूटते हुए शमा बांधा तिवारी जी इसके पूर्व भी छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में भी कविता पाठ कर नगर एवं अंचल का नाम रोशन कियाहै ,मंच संचालन के क्षेत्र में भी तिवारी जी का एक अलग ही पहचान है, कहानी सत्र में महासमुंद के वरिष्ठ साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे ने माटी के आसरा कहानी पाठ कर जिले को गौरवान्वित किया,कविता पाठ सत्र में पिथौरा के बंटी छत्तीसगढ़िया के साथ-साथ सरगुजा से लेकर बस्तर तक सेआए कवियों द्वारा हल्बी सादरी एवं भतरी में कविता का पाठ किया गया।

# शरीर नहीं, मन और आत्मा से देखिए




■ तृतीय लिंग विमर्श पर अंतरराष्ट्रीय सेमीनार

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

समय के साथ-साथ समाज में धीरे-धीरे बदलाव आ रहे हैं लेकिन अभी भी तृतीय लिंग समुदाय के संबंध में अनेक चुनौतियाँ और समस्याएं हैं। तृतीय लिंग के संबंध में अभी भी लोगों की धारणाएं गलत है जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। हमें शरीर से नहीं, हमारी आत्मा को देखिए, हमारी भी भावनाएँ हैं, संवेदनाएं हैं जिसे समझने की जरूरत है। उपर्युक्त बातें मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग द्वारा तृतीय लिंग विमर्शः कल, आज और कल विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में आमंत्रित अतिथियों विषय विशेषज्ञों, विद्वानों एवं शोधार्थियों ने कहीं। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अमेरिका के प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि एवं समालोचक डॉ. प्रेम भारद्वाज ने तृतीय लिंग के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1994 में टीएन शेषन ने तृतीय लिंग को मतदान का अधिकार प्रदान किया था। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल 2014 को तृतीय लिंग समुदाय को संवैधानिक अधिकार दिए। किन्नर समुदाय को भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान सभी को वापस लौटने कहा था लेकिन किन्नर पूरे 14 वर्ष तक वहीं प्रतीक्षा करते रहे। भगवान श्रीराम ने तब वरदान दिया था कि किन्नर जिन्हें भी आशीर्वाद देंगे उनका कभी अनिष्ट नहीं होगा। डॉ. प्रेम भारद्वाज ने महाभारत काल का भी उदाहरण दिया और कहा कि तृतीय लिंग समुदाय समाज का अहम अंग है और उन्हें भी वही सारे अधिकार मिलने चाहिए जो सामान्य नागरिक को मिलते हैं।

# खाद्य एवं औषधि विभाग की बड़ी कार्रवाई

**पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ की सूचनाओं एवं कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले के खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने आयुर्वेदिक दवाई के नाम पर एलोपैथिक दवाईयों का मिश्रण कर बेचे जा रहे अवैध व्यापार का भांडाफोड़ किया है। इसके तहत नगर पंचायत सिमगा में स्थित शारदा मेडिकल स्टोर्स एवं उसके संचालक गिरधारी देवांगन के निवास स्थान में छापा मारकर 37 बोरी सहित 13 कार्टून नकली दवाइयों का खेप जब्त किया गया है। जिसकी बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रूपये आकी गई है। उक्त कार्रवाई औषधि एवं सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियम 1945 की धारा के तहत की गई है। निरीक्षण के दौरान ही जब्त की गई औषधियों को औषधि प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया, जिसमें त्वरित रिपोर्ट प्रेषित कर आयुर्वेदिक औषधियों में एलोपैथिक औषधियो की पुष्टि की गई। जिसके तहत आयुर्वेदिक औषधियों के नाम पर उसमें एलोपैथिक औषधियों के कन्टेन जैसे-डायक्लोफेनिक, एसायक्लोफेनिक मिश्रण मिलाने की पुष्टि की गई है। जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद ही हानिकारक है। उक्त कार्रवाई की न्यायिक प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही औषधि विभाग के द्वारा अपील जारी की गई है.की कोई भी व्यक्ति आयुर्वेदिक दवाइयां का सेवन बिना आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह के बिना न करे। एवं संदिग्ध होने पर विभाग को अवश्य सूचित करें। उक्त निरीक्षण में औषधि विभाग से रामबृजेश प्रजापति,किशोर ठाकुर, नीलिमा साहू, परमांनद वर्मा औषधि निरीक्षक एवं रुखमणि कंवर,राजेश सोनी सह निरीक्षक उपस्थित थे।



**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई-रा.प्र.क्र. 202302082200025 अ-20(1), वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मो. सलीम, जावेद, निजाम, रफीक पिता हाजी अब्दुल करीम साकिन कवर्धा जिला-कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्रमांक-16बी भूखंड क्रमांक 73/2 क्षेत्रफल 54.92 वर्गमीटर भू-खंड हेतु जारी नजूल संधारण खसरा में मो. सलीम, जावेद, निजाम, रफीक पिता हाजी अब्दुल करीम साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक मो. सलीम, जावेद, निजाम, रफीक पिता हाजी अब्दुल करीम साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा शीट क्रमांक-16बी भूखण्ड क्रमांक 73/2 क्षेत्रफल 54.92 वर्गमीटर को मो. सलीम, जावेद, निजाम, रफीक पिता हाजी अब्दुल करीम साकिन कवर्धा के नाम पर भूमि स्वामी हक प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस भूमि स्वामी हक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 02/03/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 02/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 02.02.2023**
**पेशी दिनांक - 02.03.2023**

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**कबीरधाम**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई-रा.प्र.क्र. 202302082200026/अ-6/वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हाजी अब्दुल करीम पिता हाजी कासम साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-11 डी भूखण्ड क्रं.-27/1 क्षेत्रफल 152.66 वर्गमीटर भू-खण्ड जो नजूल अभिलेख में हाजी अब्दुल करीम पिता हाजी कासम, हाजीयानी हुरबाई बेवा हाजीकासम सा. कवर्धा के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के धारक हाजीयानी हुरबाई की मृत्यु दिनांक 03.09.2022 को हो जाने के कारण उनके वैध वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 02/03/2023 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 02/03/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 02/02/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक - 02.02.2023**
**पेशी दिनांक - 02.03.2023**

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**कबीरधाम**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2023 मुंगेली, दिनांक 20.01.2023

**श्री अजय दत्त भट्ठ पता अम्बा दत्त,**
निवासी मोहल्ला राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली
जिला मुंगेली (छ.ग.)..........................................आवेदक

**बनाम**

**श्री प्रियम चौबे पिता श्री सुरेश चौबे,**
निवासी मोहल्ला जवाहर वार्ड मुंगेली, तसील मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)..........................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री अजय दत्त भट्ठ पिता अम्बा दत्त,** निवासी मोहल्ला राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला जवाहर वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 28-डी, प्लाट नंबर 30/2, में से क्षेत्रफल 185.6 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत बैनामा दिनांक 19.08.2021 के आधार पर आवेदक नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अन्तर्गत धारा 109, 110 भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 07/02/2023 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 20/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**(तीर्थराज अग्रवाल)**
**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय ना. तहसीलदार धनोरा जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./42/ब-121/2022/23

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजबती पति पुनऊ जाति मुरिया निवासी धनोरा तहसील धनोरा जिला कोण्डागांव द्वारा उनके नाम पर ग्राम धनोरा प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. धनोरा तहसील धनोरा जिला कोण्डागांव छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 258/2, 265/2, 272/2, 294/10 कुल खसरा 04 कुल रकबा 7.19 एकड़ लगान 8.09 पैसे कि कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में खाता में दर्ज है। उक्त भूमि की किसान किताब गुम होने पर द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। राजस्व अभिलेख बी-1, बैबाकी प्रमाण पत्र, एफ.आई.आर. रिपोर्ट के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध मं जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 15/02/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर

**ना. तहसीलदार**
**धनोरा**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

नि.क्र. 652/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023/कांकेर/ दिनांक 25/01/2023

**// मैन्युअल निविदा पद्धति से प्रथम लघु निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से उत्तर बस्तर कांकेर जिले के निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम पंजीकृत निर्माताओं/विक्रेताओं से निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में आमंत्रित की जाती है।

**सामाग्री का विवरण :-**

| समूह क्र. | सामाग्री का नाम | अनुमानित लागत रू. लाख में |
|---|---|---|
| 01 | जिला जल प्रयोग शाला हेतु सामाग्री क्रय कार्य शेड्यूल अुनसार | 3.92 |
| 02 | जिला उत्तर बस्तर कांकेर में जल परीक्षण हेतु सामाग्री क्रय कार्य शेड्यूल अनुसार | 7.32 |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.02.2023 है। साथ ही निविदा की सामान्य शर्ते अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

G- 98211/1

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण : घेरा जा रहा बाजार, कब्जे के चलते रास्ता भी बंद

## प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा, लगातार हो रही शिकायतें

पायनियर संवाददाता ◄ घुमका
www.dailypioneer.com



घुमका के बस स्टैंड और बाजार में इन दिनों शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। बेशकीमती ज़मीनों के अलावा बाजार के लिए बने चबूतरों पर खुलेआम पक्का निर्माण कर पूरे बाजार और बस स्टैंड की सूरत बिगाड़ दी गई है। अतिक्रमण के चलते बाजार और बस स्टैंड से बाइक और पैदल यात्रियों का चलना मुश्किल हो गया है और पार्किंग की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है जिसके चलते व्यापार व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

अतिक्रमण के इस बेखौफ खेल को पंचायत और प्रशासन के अफसर तक नजरअंदाज कर रहे हैं। खबरों के अनुसार अब तक अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई तो बहुत दूर स्थल निरीक्षण और नोटिस तक जारी नहीं किया गया है।बरसों से चल रहे अतिक्रमण के इस खेल को लेकर पंचायत और तहसील कार्यालय की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहें हैं।

पूर्व में हुए अतिक्रमण के तमाम मामलों में दिखावे के लिए बेदखली आदेश जरूर जारी किया गया है। लेकिन आज तक एक भी आदेश पर कार्रवाई नहीं होने के चलते बेशकीमती ज़मीनों पर अब भी खुलेआम अतिक्रमण चल रहा है। ग्राम पंचायत और प्रशासन की अनदेखी के बाद आखिरकार कुछ ग्रामीणों ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। वहीं कमिश्नर दुर्ग सम्भाग को भी शिकायत पत्र दिया गया है। ज्ञापन में अतिक्रमण से सार्वजनिक हितों के प्रभावित होने का उल्लेख कर जल्द कार्यवाही की मांग की गई है। इसके पहले भी पुराना अस्पताल के इर्द गिर्द व बस स्टैंड से लेकर लोक निर्माण विभाग के मजदूर विश्राम गृह तक सड़क किनारे अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। नतीजा गौरव ग्राम के मुख्य चौराहा और नवनिर्मित महाराणा प्रताप चौक पर भारी वाहनों के दबाव से गम्भीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बहरहाल अब ग्राम पंचायत के पूर्व मे निर्मित तीन सौ वर्गफीट के 9 चबूतरे मे से 7 बाजार चबूतरे पर पूरी तरह अवैध पक्का निर्माण हो गया है। सूत्रों के अनुसार अवैध कब्जे के इस खेल में पंचायत प्रतिनिधियों की भी संलिप्तता बताया जा रहा है।पार्किंग और मुख्य रास्ता अवरोध होने की स्थिति में आगे भारी विवाद की आशंका जताई जा रही है।

खबरों के अनुसार घुमका उपतहसील क्षेत्र के कई गांवों में अतिक्रमण के चलते काफी विवाद बना हुआ है। पटेवा, गोपालपुर, खैरा, बहेराभाठा समेत तमाम इलाकों के अतिक्रमण के सैकड़ों मामलों में उपतहसील कार्यालय में प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है परन्तु बीते बरसो से किसी भी मामले में बेदखली की कार्रवाई नहीं हुई है। खबरों के अनुसार घुमका के ताजा मामले में पंचायत को शिकायतकताओं का इंतजार है और प्रशासन के आला अफसर पंचायत को अतिक्रमण हटाने का अधिकार मिलने हवाला देते हुए पल्ला झाड़ रहें हैं। जबकि अतिक्रमण हटाने के दौरान कई बार अप्रिय स्थिति का सामना होता है ।

# ग्रामीणों को परेशान कर ही पुलिस, बसंतपुर में अपराध पर नियंत्रण नहीं : मोनू बहादुर

## कहा –कानून व्यवस्था के रखवाले अराजकता फैला रहे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



थाना बसंतपुर की अनैतिक कार्रवाईयों और उगाही को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि -जनता के रक्षकशहर के एक हिस्से में अराजकता फैलाने पर तुले हैं जो कि कानून व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो इसे सुधारने के लिए भाजयुमो को आगे आने बाध्य होना पड़ेगा।

भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि -बसंतपुर थाना क्षेत्र काफी बड़ा है। जो कि ग्रामीण क्षेत्र की सरहदों से लगा हुआ है। थाना का स्टॉफ पेट्रोलिंग के नाम पर कुछ चुनिंदा जगहों पर ठीहा बनाए हुए है जहां वे अक्सर ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि -शिकायतें मिल रही है कि शराब दुकान के पास चेकिंग के नाम पर ग्रामीणों को थाना लाया जा रहा है और फिर उन्हें छोड़ने के लिए 5-10 हजार रुपए की उगाही की जा रही है। इन्होंने इस तरीके को अब अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया हूं।

उन्होंने कहा कि -बसंतपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर किसी तरह की लगाम नहीं है। अलबत्ता उन्हें संरक्षण मिल रहा है। न सिर्फ ग्रामीण बल्कि इस हिस्से में शहरी लोगों को भी परेशान किए जाने की शिकायतें सामने आ रही है। जबकि जरुरी जगहों पर पेट्रोलिंग और कार्रवाई का अभाव है। निदोर्षों का डरा-धमकाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

**मोनू बहादुर ने कहा कि -** शहर में ऐसी बदहाल कानून व्यवस्था के लिए दोषियों पर तात्कालिक कार्रवाई की नितांत आवश्यकता है। आम आदमी के लिए पुलिस ही अगर परेशानी का सबब बन जाए तो यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि -यह मुमकिन नहीं लगता कि विभागीय अधिकारियों को ऐसे मामलों की जानकारी न हो। फिर भी इस पर किसी तरह का ऐक्शन नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि - हालात ऐसे ही रहे तो इन विषयों को लेकर भाजयुमो उग्र आंदोलन करेगा।

### भाजयुमो से संपर्क करे पीड़ित

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आम लोगों से अपील भी की है कि अगर, जबरिया फंसाने या प्रताड़ित करनेकी कोशिश की जा रही है या कि उनसे उगाही हो रही है तो वे हमसे संपर्क कर सकते हैं। यथा संभव उचित कारणों पर हम ऐसे लोगों की मदद के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि, निदेर्शों को न्याय दिलाने हम सदैव उनके साथ खड़े हैं।

# धर्मान्तरण की खिलाफत करेगा जिला साहू युवा प्रकोष्ठ

- प्रकोष्ठों में नियुक्ति तथा धर्मांतरण विषय पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पनियाजोब में परिक्षेत्र साहू समाज सेंदरी का मंडल स्तरीय आमसभा आहुत किया गया। उक्त आमसभा मे जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संयोजक डीकेश साहू बतौर अतिथि के शामिल हुए। आमसभा में मंडल के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का चयन हुआ। इस दरम्यान धर्मान्तरण मुद्दे पर भी सार्थक चर्चा हुई।

आमसभा में जिला संयोजक डीकेश साहू ने धर्मांतरण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साहू समाज धर्मान्तरण जैसे घृणित कृत्य का शिकार हो रहा है। यह समाज के लिए समस्या बनते जा रही है। उन्होंने सामाजिकजनों से धर्मान्तरण जैसे घृणित कृत्य में जुटे लोगों को चिह्नित कर सूचीबद्ध तरीके से प्रकोष्ठ को प्रेषित करने अपील की। साहू ने जोर देकर कहा कि साहू समाज के द्वारा एकजुट होकर धर्मांतरण का विरोध किया जायेगा। आमसभा में जिला संयोजक डीकेश साहू, दुर्गेश साहू, मुकेश साहू, हेमलाल साहू सहित जिला युवा पदाधिकारियों की मौजूदगी एवं सेंदरी मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू की उपस्थिति में नियुक्ति की गई। मंडल स्तरीय आमसभा में सेंदरी मंडल महिला प्रकोष्ठ संयोजिका सतरुपा साहू मडियान, उपसंयोजिका सरस्वती साहू फकीरटोला, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक गोपी साहू सेंदरी, उपसंयोजक कपिल साहू मडियान, संयोजक सुरजभान साहू एवं सहसंयोजक तारकेश्वर साहू झिंझारी को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया।

# भरकापारा हार के साथ बाहर बसंतपुर ने दी करारी शिकस्त

**राजनांदगांव।** वार्ड स्तरीय शहीद उदय मुदलियार रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले फाईनल की ओर बढ़ रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में अजेय टीमें को भी जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। गुरुवार को हुए मुकाबलों में ऐसा ही बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अब तक अपने प्रदर्शन के बूते टूनार्मेंट में खिताबी जीत की दावेदार मानी जा रही टीम वार्ड नं. 27 भरकापारा को वार्ड नं. 46 बसंतपुर ने शिकस्त देकर उसे बाहर कर दिया। वहीं एक और मुकाबले में वार्ड नं. 09 शंकरपुर व वार्ड नं. 03 मोतीपुरके बीच भिड़ंत हुई। गुरुवार को पहला मुकाबला वार्ड नं. 09 शंकरपुर व वार्ड नं. 03 मोतीपुरके बीच खेला गया। मुकाबले से पहले टॉस जीतकर शंकरपुर ने गेंदबाजी चुनी। बैटिंग के लिए उतरे मोतीपुर के बल्लेबाजों ने खुलकर बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए। शंकरपुर के गेंदबाज उन्हें रोकने में असफल साबित हुए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी शंकरपुर की टीम पर मोतीपुर के गेंदबाज हावी रहे। यह मुकाबला मोतीपुर की 25 रनों की जीत के साथ खत्म हुआ। हिमांशु ठावरे मैन ऑफ द मैच चुने गए।

# नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी, 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



वनांचल क्षेत्र पैलीमेटा अंतर्गत मोहगांव पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग में नर्स एवं चपरासी की नौकरी लगाने के नाम पर लगभग दस लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।प्रार्थी केशलाल मंडावी ने आरोपी नारद प्रसाद नागवंशी, यशोदा नागवंशी साकिन सत्यम विहार कालोनी रायपुर एवं पदुम ठाकुर निवासी परसबोड़ थाना जिला बेमेतरा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर कार्रवाई की गई है।

प्रार्थी के मुताबिक नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर थाना मोहगांव क्षेत्र के ग्राम जीराटोला से ढाई लाख लेकर धोखाधड़ी होने से अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी मोहगांव सतीश पुरिया ने टीम गठित कर आरोपी की पता-तलाश शुरु की थी। राजधानी के रायपुरा में आरोपी पुलिस व टीम को देखकर भाग रहे थे जिसे पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी नारद प्रसाद नागवंशी (60), यशोदा नागवंशी (41), पदुम ठाकुर (24) को अभिरक्षा में लेकर आरोपीयों से पुछताछ करने पर उन्होंने जुर्म स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि ग्राम जीराटोला के केशलाल मंडावी से ढाई लाख, जगमोहन धुर्वे से हजार, सदाराम नेताम से 25 हजार, रिखी राम मेरावी से एक लाख 80 हजार और थाना छुईखदान क्षेत्र के रोहित धुर्वे से एक लाख सहित अन्य व्यक्तियो से नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर कुल लगभग 10 लाख रूपये का गबन उन्होंने किया है। आरोपी द्वारा उक्त धोखाधड़ी से मकान बनाना, परसदा बालोद के पास जमीन जिसके जमीन खरीदना एवं इंडिका कार जप्त की गई है।

# चार वर्षों में हुआ विकास, डेढ़ दशक के कार्यकाल के मुकाबले हमने जमीनी स्तर पर काम किया : छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधानसभा में जारी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम रंगीटोला स्थित राम मंदिरसे शुरु होकर बापूटोला पहुंची। विधायक छन्नी साहू ने यात्रा के दौरान विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि - कांग्रेस शासन में 4 वर्षों में जमीनी स्तर पर काम हुए हैं। निर्माण और विस्तार के साथ - साथ दूसरी समस्याओं का निराकरण इस सरकार में ही हो पाया है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर क्षेत्र में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा जारी है। इस दौरान विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि, संगठन के नेता इसमें शामिल हो रहे हैं। गांवों में यात्रा का स्वागत हो रहा है। खेत-खलिहान, गली-मोहल्ले और घर-घर तक कांग्रेसी पहुंचकर यात्रा के उद्देश्य और राज्य सरकार के कामों की जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान विधायक स्वयं ग्रामीणों से सीधे रुबरु होकर चर्चा कर रहीं हैं।

विधायक छन्नी साहू ने कहा कि - कोरोना की विभिषिका के बीच भी काम करते हुए अल्प समय में कांग्रेस राज्य सरकार ने विकास के लिए कड़ी मशक्कत की। 15 सालों में भाजपा सरकार के कार्यकाल में उपेक्षित क्षेत्रों में विकास तो हुआ ही प्रदेश का हर किसान खुशहाली और आर्थिक उन्नति से संपन्न हो गया। हमने आपके साथ कदमताल करते हुए कंटककाल को पीछे छोड़ते हुए कई उल्लेखनीय आयाम हासिल किए। रिकॉर्ड भी बनाएं जो प्रदेश में सकारात्मक पहल को दशार्ते हैं।

विधायक यात्रा के दौरान महिलाओं और आम लोगों से सीधी मुलाकात कर रहीं हैं। उन्हें जगह - जगहों पर छोटे - छोटे जनसमूहों से चर्चा कर क्षेत्र के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महिलाओं से गांव के माहौल और जरुरी पहलुओं पर बात की। कांग्रेसी कार्यकताओं से भी उन्होंने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि - हम इस यात्रा के माध्यम से आप तक सीधे पहुंच रहे हैं। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति की मदद के लिए मैं 24 घंटे उपलब्ध हूं। हमारे कार्यकताओं की मदद से भी आप अपनी समस्याएं हम तक पहुंचा सकते हैं।

# कांग्रेस नेता तरुण ने ली ग्रामीणों की सुध



**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बापुटोला पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठकर कांग्रेस नेता तरूण सिन्हा ने गांव के लोगो से मिलकर उनकी बातें सुनी गांव के लोगो में तरुण सिन्हा से मिलकर बहुत उत्साहित हुए सिन्हा ने कहा भूपेश सरकार के रहते किसी भी व्यक्ति को चिंता करने की जरूरत नहीं है आप लोग सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ जरूर ले अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत आती हो तो हमसे जरूर मिले और बताए ताकि हम उस समस्या का समाधान कर सके गांव के लोग बहुत उत्साही तरीके से तरुण सिन्हा जी जोरदार स्वागत सम्मान किया और गांव की समस्या से सिन्हा को अवगत कराया सिन्हा ने उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द पूरी करने की बात कही है साथ ही बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बात कही बैठक के दौरान सभी ग्रामीण जन उपस्थित होकर सिन्हा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वार्डवासियों को नहीं मिल रहा अमृत योजना का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मेडिकल वार्ड के अटल आवास कालोनी में अमृत मिशन योजनांतर्गत पाइप लाइन तो बिछा दी गई, किन्तु मेन पाइप लाइन से नहीं जोड़ा गया। जिससे रहवासियों को अमृत मिशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा।

छाबड़ा ने बताया कि अमृत मिशन योजनांतर्गत शहर के मेडिकल वार्ड में बने अटल आवासों में पाइप लाइन बिछाई गई है, किन्तु मेन लाइन नहीं जोड़ा गया है। आज वर्तमान स्थिति तक जनता को नगर निगम के टैंकरों से पानी सप्लाई हो रहा है और यहां कनेक्शन देने के बाद भी मेन लाइन से पानी सप्लाई नहीं देने के कारण अमृत मिशन योजना का लाभ नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी तरफ रोज टैकरों से पानी देने से डीजल वाहन के खर्चे का अतिरिक्त भार सरकार को पड़ रहा है। जिसके कारण आर्थिक क्षति हो रहा है।

छाबड़ा ने इस मामले को लेकर कुमारी शैलजा, चंदन यादव, मोहन मरकाम, शिव डहरिया, अमरजीत सिंह भगत, कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं एवं नगर निगम आयुक्त को अमृत मिशन योजना के अंतर्गत मेडिकल वार्ड में मेन लाइन से पाइप जोडक़र पानी जनता को उपलब्ध कराने एवं की गई कार्रवाई की जानकारी सूचना पत्र के माध्यम से देने की बात कहीं है।

## संपूर्ण और समावेशी बजट : खूबचंद पारख

# श्रीअन्न योजना की तारीफ, विश्व का सिरमौर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने आम बजट को भारत की मजबूती का बजट निरूपित करते हुए कहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का वर्ष 2023-24 का बजट संसद में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ट नेता खूबचंद पारख ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वैश्विक मंदी के इस दौर में भी आर्थिक प्रगति की दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो भारत के लिए एक बड़ी सफलता है। कृषि क्षेत्र को और सक्षम तथा मज़बूत करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर योजना शुरू की गयी है। किसानों के लिए अन्न योजना शुरू करने का ऐलान किया है। पारख ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सम्बल बनाने के लिए और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए महिला बचत पत्र योजना शुरू की गयी है जिसमें दो वर्षों में दो लाख की रकम जमा की जा सकेगी। पारख ने कहा कि यह सम्पूर्ण और समावेशी बजट है। जिसमें देश के हर वर्ग को राहत प्रदान की गई है। देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने तथा विश्व का सिरमौर बनने की दिशा में यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा।

### गांव और किसानों के लिए लाभदायी बजट : लीलाधर साहू



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू ने केंद्रीय बजट से गांव और किसानों के लिए लाभदाई बजट बताया है। केंद्रीय बजट में मोदी सरकार ने गांव और किसानों के लिए कई बड़े एलान किए हैं। सरकार ने इस साल किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य रखा है तो मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरुआत की है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि प्राथमिकता के तहत कृषि के लिए डिजिटल लोक अधोसंरचना का निर्माण होगा। किसानों को खेती की योजना बनाने, बीमा, कर्ज, मार्केट इंटेलिजेंस और कृषि आधारित उद्योगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। यह बजट दुरगामी सोच के साथ सर्वग्राही बजट है। बजट में मध्यम वर्ग को भी मदद दी गई है। इस बजट से अर्थव्यवस्था को पुनः गति मिलेगी।

### शहर और ग्रामीण में बढ़ेगी विकास की रफ्तार : अशोक देवांगन



जिला पंचायत सभापति अशोक देवांगन ने केंद्रीय बजट को शहर और ग्रामीण विकास की रफ्तार बढ़ाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि - बजट में मोदी सरकार ने पीएम आवास योजना के लिए खजाना खोल दिया है। इस बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई बड़े एलान हुए हैं। केंद्र सरकार ने 2023 के दौरान किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य रखा है। 20 लाख क्रेडिट कार्ड वितरित किए जाएंगे। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना शुरु की गई है। इसी तरह किसान सम्मान निधि के तहत 2.2 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। बजट में मध्यम वर्ग को भी मदद दी गई है। इस बजट से अर्थव्यवस्था को पुनः गति मिलेगी।

# करण बने भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल एवं प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत के मार्गदर्शन में शहर के युवा भाजयुमो नेता को प्रदेश भाजयुमो कार्य समिति में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया हैं। ज्ञात हो कि करण कश्यप काफी वर्षों तक लगातार भारतीय जनता पार्टी में रहते पूरी निष्ठा के साथ संगठन का उत्कृष्ट कार्य किया हैं तथा समाजसेवी के रूप में लगातार आम जनता से जुड़े रहते है। बीते वर्ष महामारी के दौर में भी प्रदेशभर में इनकी संस्था केयर गार्डन वेलफेयर सोसाइटी में श्री कश्यप प्रदेश सचिव के रूप में जनता की मदद के लिए लगातार कार्यरत रहे हैं, उनके कार्यशैली को देखते भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति में स्थान दिया गया है। कश्यप को प्रदेश कार्य समिति में अहम दायित्व मिलने पर समर्थकों में हर्ष का माहौल है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें इस नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी है।



# कलेक्टर ने लोरमी क्षेत्र का सघन दौरा कर शासन की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की ली जानकारी

## ग्रामीण औद्योगिक पार्क सांवतपुर और चंदली में निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेने कलेक्टर ने लोरमी विकासखण्ड का सघन दौरा किया। उन्होंने सांवतपुर गौठान पहुंचकर पशुओं के लिए चारा, पेयजल, छाया की जानकारी ली और स्व सहायता समूह की महिलाओं के बाड़ी विकास कार्य का अवलोकन किया। स्वसहायता समूह महिलाओं द्वारा वहां लगभग 01 एकड़ में आलू, धनिया, टमाटर, भांटा, मिर्च की खेती किया जा रहा है। वहीं दो एकड़ में तरबूज की खेती के लिए कार्ययोजना बनाई है। कलेक्टर से चर्चा के दौरान समूह की महिलाओं ने बताया कि लगभग 01.50 लाख रूपए की सब्जी का विक्रय कर चुके हैं। वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन से भी अच्छी आमदनी हो रही है। समूह की महिलाएं कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखाई दिए और शासन की आयमूलक योजनाओं के लिए कलेक्टर के



माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं शासन की महत्वाकांक्षी रिपा योजना से जुड़ने के लिए भी महिलाएं काफी उत्साहित दिखी। कलेक्टर ने समूह महिलाओं की मांग पर सांवतपुर के गौठान में शेड निर्माण हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सांवतपुर और चंदली में ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रिपा) के निर्माणाधीन कार्यों का भी जायजा लिया और शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम चंदली में गोबर पेंट यूनिट के लिए संबंधित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सांवतपुर में विकसित किए जा रहे औद्योगिक पार्क में बोरी सिलाई एवं प्रिंटिंग मशीन के अतिरिक्त मिनी आर.ओ. प्लांट, पोहा निर्माण हेतु यूनिट स्थापना किया जा रहा है। इसी प्रकार चंदली में विकसित किए जा रहे औद्योगिक पार्क में गोबर पेंट व पुट्टी निर्माण के अतिरिक्त दोना-पत्तल निर्माण, चैन लिंक फैंसिंग, फ्लाइ एश एवं पेवर ब्लाक का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक पार्क शुरू होने से महिलाओं व युवाओं को गांव में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने औद्योगिक पार्क में जुड़ने वाले समूह की महिलाओं व युवाओं को कार्य में कुशल एवं दक्ष बनाने हेतु प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने लोरमी विकासखण्ड के बघनीभंवर और जमुनाही में नरवा विकास के कार्यों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# मनरेगा से बनी डबरी, अब लहलहा रही फसल

## तरकारी की खेती से बढ़ी लालाराम की आय

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिले में महात्मा गांधी नरेगा के कार्यो से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। विगत चार बरस में सरकार द्वारा लोगों की बेहतरी के लिए जा रहे प्रयासों की बदौलत ग्रामीणों की दशा और दिशा बदल गयी है। अब न केवल उन्हें रोजगार मिल रहा है बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार आया है। इसी कड़ी में मनरेगा योजना (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत हितग्राहियों के बाड़ी में डबरी और कुंआ बनाया जा रहा है। बाड़ी में डबरी और कुंआ बन जाने से किसानों की सिंचाई जैसी समस्या का समाधान हो जा रहा है। जनपद पंचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत राजपुर के किसान लाला राम उन्हीं हितग्राहियों में से है जिन्हें इस योजना का लाभ मिला है। लालाराम की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पास लगभग एक एकड़ जमीन थी। अब वहां डबरी बन जाने से उनकी सिंचाई के लिए पानी की चिंता दूर हो गई हैं। डबरी में पानी की उपलब्धता के चलते लालाराम सब्जी तरकारी की खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी बढ़ी है। पहले सिंचाई के लिए पानी न होने के कारण वे खेती नहीं कर पा रहे थे। पानी की समस्या से वे लगातार जूझ रहे थे। इस बीच उन्हें प्रशासनिक अमले से जानकारी मिली की मनरेगा के तहत डबरी निर्माण कराया जा सकता है। लालाराम के लिए यह योजना वरदान साबित हुई। लालाराम और उनके परिवार के लिए सरकारी योजना नई उम्मीद बनकर आई है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ मिलने के बाद अब तक वे डबरी की मेढ़ पर राहर की 2 फसल ले चुके हैं। इसके अलावा मेढ़ के किनारे व बगल की जमीन में पपीता, अमरूद, केला, जामुन, अनार एवं विभिन्न प्रकार की सब्जियां सेमी, प्याज, लाल भाजी, पालक, धनिया, मेथी, टमाटर आदि फसल लगाने से उन्हें अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है। भविष्य में डबरी में मछली पालन, बत्तख पालन एवं सिंघाड़े की फसल लगाने की भी सोच रहे हैं। शासन की इस योजना से उन्हें ना केवल डबरी बनाने के लिए राशि स्वीकृत हुई अपितु इसमें उन्हें रोजगार भी मिला है। लालाराम कहते हैं कि शासन की इस योजना ने उनके जीवन में खुशहाली ला दी है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं कल्याण संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन में शामिल होगा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

संयुक्त मंच के समर्थन में छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं कल्याण संघ भी छह फरवरी से अनिश्चित कालीन आंदोलन में शामिल होगा। इस दौरान कार्यकर्ता एक-एक सहायिकाओं से सहमति पत्र भरवाएंगर। मांग पूरी करने के लिए शासन पर दबाव बनाएंगी। जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की जिला अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर ने बताया कि कोन्हेर गार्डन में आयोजित धरना में सभी बहनें यूनिफार्म में रहेंगी। कोई भी कार्यकर्ता या सहायिका बिना यूनिफार्म के नहीं आएंगी। कोई रंगबिरंगी साड़ी सूट नहीं पहनेंगी। सभी बहनों को रोज धरना स्थल पर उपस्थिति देनी है।



इसके अलावा सभी ब्लाक अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष अपने ब्लाक में एक-एक कार्यकर्ता व सहायिका से सहमति पत्र भरवाएंगे। जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक काम पर वापस जाएंगी। सहमति पत्र को जमा करना है। छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कायकर्ता सहायिका संघ एक सप्ताह से आंदोलन कर रही हैं। इनकी प्रमुख मांगे शिक्षा कर्मियों की तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को भी शासकीय कर्मचारी घोषित करें। जीने लायक वेतन कम से कम मध्यप्रदेश जैसे 10 हजार रुपये स्वीकृत करें। चुनावी घोषणा पत्र को पूरा किया जाए। मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी बनाया जाए। सुपरवाइजर के रिक्त पदों को शत-प्रतिशत वरिष्ठता क्रम में कार्यकर्ताओं से ही शीघ्र भरा जाए। कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर सहायिकाओं को नियुक्त करें। 25 प्रतिशत के बंधन को समाप्त किया जाए। मासिक पेंशन, ग्रेज्युएटी, समूह बीमा का लाभ दिया जाए मोबाईल, नेट चार्ज और मोबाइल भत्ता दिया जाए, तब तक मोबाइल में कोई कार्य न लिया जाए।

# मुख्य नहर पर निर्मित एक्वाडक्ट को गोबर पेंट से किया जा रहा है रंगरोगन

## दिखेगा आकर्षक स्वरूप में, कलेक्टर ने की सराहना

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत मनियारी जलाशय के मुख्य नहर पर निर्मित एक्वाडक्ट को गोबर पेंट से रंगरोगन किया जा रहा है। जिससे एक्वाडक्ट का स्वरूप और आकर्षक लगेगा। कलेक्टर ने एक्वाडक्ट में चल रहे गोबर पेंटिंग कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले में गोबर पेंट को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। गोबर से बने पेंट पर्यावरण पूरक, जीवाणु रोधक, एंटीफंगल, भारी धातुओं से मुक्त, गंधहीन, ऊष्णता रोधक, विषरहित एवं किफायती है। इसके अलावा



बाहरी गर्मी को भी रोकता है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि मनियारी जलाशय अंतर्गत मुख्य नहर पर सन् 1925-30 में निर्मित एक्वाडक्ट का वर्तमान में मरम्मत कार्य किया गया है। जिसके पश्चात कलेक्टर के निर्देशानुसार एक्वाडक्ट को गोबर पेंट से रंगरोगन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य से जहां एक्वाडक्ट को मजबूती मिलेगी, वहीं गोबर पेंट से पोताई होने पर एक्वाडक्ट की सुंदरता बढ़ेगी और आकर्षक दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिला मुख्यालय में संचालित सी-मार्ट में गोबर पेंट उपलब्ध है।

# कृतज्ञता ज्ञापन दिवस रविवार को : ललित

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आग्रहव्रत अभियान द्वारा प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा, संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर हिंदुत्व के गौरव, जांबाज, देशभक्त, धर्मनिष्ठ, बहादुर सैनिको की वास्तविक जनसामान्य को बताते हुए उनके वंशजों का सम्मान किया जाता हैं। इसी क्रम में रविवार 5 फरवरी की दोपहर 3 बजे गीतांजली पार्क स्थित मंदिर में सफाई कर्मचारियों का सम्मान करते हुए सुंदरकांड का पाठ व प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त आयोजन को सफल बनाने आग्रहव्रति ललित अग्रवाल, आखिलानन्द पांडेय, अभिषेक गौतम, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विष्णु सिंह, उमेश पांडेय, नर्मदा प्रसाद अहीर, डॉ राजेश साहू , शुभमविहार रामायण मंडली के सत्यनारायण पांडेय, नरेंद्र गोपाल, विनोद अवस्थी, मनीष बरसैया, सुरेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, ईश्वर तिवारी, प्रमोद अवस्थी, आकाश शर्मा, द्रौपदी राठौर सहित गीतांजली पार्क मंदिर समिति के अभिजीत सिंह , प्रकाश नारायण, जी पी शर्मा और भूपेन्द्र सिंह सक्रिय हैं। आम जनता से अपील की जाती हैं कि अस्पृश्यता का सत्य जानने हेतु समय पर उपस्थित रहने की कृपा करें।

## श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**तिल्दा।** समीपस्थ ग्राम सांकरा मे 4 फरवरी से 12 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है! यह आयोजन ज्योति महिला ग्राम संगठन और समस्त ग्रामवासी के द्वारा किया गया है. आयोजन कर्ता ने बताया कि छत्तीसगढ अंचल के ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा जी, निनवा वाले के कृपापात्र ज्येष्ठ पुत्र आचार्य सोमशंकर शर्मा जी ब्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी सुमधुर वाणी से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक, सारगर्भित और संगीतमय भागवत कथामृत का रसपान कराएंगे।

# 'संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं महिला शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया'

पायनियर संवाददाता ◄ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा विभाग विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष भास्कर के दिशा निर्देश में विकासखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण, असर टूल, अंगना मा शिक्षा, विषयों को लेकर विकासखंड के समस्त शैक्षिक समन्वयक एवं प्रत्येक संकुल से एक एक महिला शिक्षिकाओं को शासकीय हाई स्कूल जराहटोला भवन में प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण में सर्वप्रथम मां सरस्वती की छाया चित्र का पूजा अर्चना कर शुभारंभ खंड स्रोत समन्वयक सुनील मेहरा एवं जिला स्तर से प्रशिक्षक मनोज साहू वर्षा मानिकपुरी, मुरली प्रसाद झारिया एवं राज्य स्तर से इरफान खान व बीआरपी नरेश सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ में खंड स्रोत समन्वयक सुनील मेहरा के द्वारा शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। विकासखंड में एफ.एल .एन .-



एम .ए .एस .के लक्ष्यों को सभी विद्यालय में प्राप्त करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसमें विकासखंड के सभी शैक्षिक समन्वयक के साथ-साथ उनके संकुल से 1-1 महिला शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण में सहभागिता रहा जिसमें असर सर्वे ,सामाजिक अंकेक्षण, अंगना म शिक्षा ,से संबंधित विषयों पर उपस्थित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों के स्तर को समाज के व्यक्ति के समक्ष आकलन किया जाएगा। जिसमें 15 फरवरी तक प्रत्येक संकुल में 1 प्राथमिक एवं एक पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षा 3 से 8 तक लगभग 50 बच्चों का सामाजिक अंकेक्षण पालक, माता-पिता ग्राम के गणमान्य व्यक्ति तथा विद्यालय के शाला प्रबंध समिति के सदस्यों के समक्ष आकलन किया जावेगा।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने किया 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2023' उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्रीन क्लब एवं जीव विज्ञान विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर द्वारा महासमुंद वन प्रभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से वन चेतना केन्द्र, कोडर बांध, पटवा, महासमुंद में विश्व आर्द्रभूमि दिवस÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय (नया रायपुर), श्याम विद्या मंदिर (महासमुंद), श्याम बालाजी कॉलेज (महासमुंद), मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (महासमुंद), एकलव्य रेजीडेंसी स्कूल (भोरिंग) और ज्ञानंजली पब्लिक स्कूल (महासमुंद) के लगभग 120 छात्रों ने उत्साहपूर्वक सफाई अभियान गतिविधि में भाग लिया। यह संयुक्त कार्यक्रम आर्द्रभूमि संरक्षण के महत्व के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था। पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी और जलवायु परिवर्तन की समस्याओं के लिए आर्द्रभूमि के





संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल, विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया जाता है। आर्द्रभूमि में झीलों, दलदलों, मैंग्रोव, नमक पैन, ज्वारीय फ्लैट और जलाशयों जैसे प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों स्थल शामिल हैं। इस वर्ष के विश्व आर्द्रभूमि दिवस का विषय आर्द्रभूमि बहाली÷ है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आर्द्रभूमि ठीक से काम कर सके और पर्यावरणीय स्थिरता को बनाए रखा जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और डॉ. आर. श्रीधर सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय अतिथि नीलेशकुमार और डॉ श्रीधर के भाषण के साथ किया गया। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ भविष्य के लिए जल निकायों के महत्व के बारे में प्रेरित और उन्मुख किया। नीलेशकुमार ने समाज की भलाई के लिए इस तरह की पहल करने के लिए पंकज राजपूत के प्रयासों की सराहना की।

# कीमोथेरेपी ले रहे कैंसर के मरीजों के उपचार की दिशा बदल रहे कीमोपोर्ट्स

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कैंसर के मरीजों के लिए कीमोथेरेपी के बेहद सामान्य उपचार पद्धति है, जिसके माध्यम से शरीर में मौजूद कैंसर की कोशिकाओं को ख़त्म किया जाता है, उनकी रफ़्तार को रोका जाता है और फैलने से रोका जा सकता है। यह ट्यूमर को छोटा करने के लिए भी कारगर होता है। नसों के अन्दर से दवाई देने के लिए वैस्कुलर एक्सेस डिवाइस का उपयोग किया जाता है। ये तीन प्रकार के होते हैं - एक साधारण आइवी कैन्युला, पीआईसीसी लाइन या फिर कीमोपोर्ट। यह वैस्कुलर एक्सेस डिवाइस नसों के अन्दर हाथ से, कोहनी से, गले की एक बड़ी नस में से, छाती में से या जाँघों के पास से डाला जाता। कीमोपोर्ट एक आधुनिक वैस्कुलर एक्सेस डिवाइस होता है, जो कि त्वचा के नीचे लगाया



जाता है, जिसे आसानी से बार-बार उयोग में लाया जा सके।नया रायपुर के बालको मेडिकल सेंटर, के सर्जिकल और क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ मोऊ रॉय कहते हैं कि, कीमोपोर्ट्स एक बेहतर उपाय प्रदान करते हैं, ना सिर्फ मरीजों के लिए बल्कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी जो कि इसकी मदद से अपने मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करना चाहते हैं। कीमपोर्ट्स मरीजों की दो तरह से मदद करते हैं - एक तो अस्पताल के चक्कर कम करके और दूसरा इन्फेक्शन का खतरा कम करके जो कि अक्सर आइवी उपकरण और कैथिटर के कारण उत्पन्न हो सकता है। पूरे उपचार के दौरान ये अत्यावश्यक होता है कि मरीज की सुरक्षा का ख़याल सर्वोपरि रखा जाए और साइड इफ़े क्ट की वजह से होने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति की सम्भावना कम से कम हो। पारंपरिक कैन्युला की जगह दुनियाभर के ऑन्कोलॉजिस्ट कीमोपोर्ट को महत्व दे रहे हैं। जब तक डॉक्टर चाहे तब तक यह पोर्ट शरीर में रह सकते हैं। इसीलिए कैन्युला की तरह इसे बार-बार बदलना नहीं पड़ता और मरीजों के अस्पताल के चक्कर कम होते हैं। एक अध्ययन में पता चला है कि 92त्न मरीजों का अनुभव कीमोपोर्ट का उपयोग करने के बाद बहता हुआ और उनके जीवन की गुणवत्ता भी सुधरी है। मरीजों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध, 'पोर्टशाला' जो की स्वास्थ्यकर्म्रियों के लिए एक स्वास्थय शिक्षा कार्यक्रम है।

# केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय बजट को लेकर जिले में मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बीते कल केन्द्र सरकार द्वारा पारित किये गये बजट को लेकर जिले में मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां भाजपा ने बजट की सराहना करते हुए वित्तमंत्री की मेहनत को 100 में से 100 अंक दिये वही दुसरी तरफकांग्रेस ने वित्तमंत्री द्वारा लाये गये बजट को महज कपोल कल्पना करार देते हुए सिरे से खारिज कर दिया । **मुंगेली जिले की प्रतिक्रिया -**



अमृतकालश् का पहला आम बजट 2023-24 एक लोक कल्याणकारी बजट है। कौशल विकास योजनाए आदिवासियों के लिए एकलव्य विद्यालयों की स्थापनाए नेशनल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणाए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सीलेंस सेंटर स्थापना की घोषणाए महिलाओं के लिए बचत पत्र के ऐलान की घोषणा इस बजट में की गई है जो इस बात का परिचायक है कि इस बजट को सभी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह ऐसा बजट है जो हर वर्ग के मुद्दों को समाहित करता है इसलिए अपने आप में यह एक कंपलीट बजट है।

**शीलू साहू जिला पंचायत सदस्य मुंगेली जिला**



केंद्र सरकार ने शिक्षित बेरोजगारों के मुद्दे की तो कोई खास बात ही नहीं की और घरेलू महिलाओं को महंगाई का इतना बोझ झेलना पड़ रहा है गैस सिलेंडर की बात हो या रिफाइंड तेल की बात हो कर चाहे आटे दाल की बात कीजिए यहां पर कोई भी बात नहीं की गई है नारी सशक्ति करण की कोई बात ही नही हैं। यह बजट वह शिक्षित बेरोजगारों के लिए पूर्णता हताश पूर्ण है ।

**समाज सेविका डॉ सरिता भारद्वाज**



मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा आने वाले चुनाव को देखकर दृष्टि करण का बजट पेश किया है जबकि पिछले 5 वर्षो में लगातार महंगाई बढ़ते चले जा रहा है प्रतिदिन उपयोग आने वाले सभी चीजों का दाम दिनण्बण्दिन बढ़ते चले जा रहा है । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीने वादा किया था की किसान के फसल के उत्पादन के लागत से धान का डबल रेट दिलाने का 2 करोड़ शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी देश के प्रति नागरिक के खाते में 15 लाख रुपए एवं महिला सशक्ति करण मनमोहन सिंह के कार्यकाल में रसोई गैस की कीमत ?500 थी आज उसी रसोई गैस की कीमत 1125 रुपया हो गई ।

**मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी स्वाध्याय योजना मण्डल सह प्रमुख मिथिलेश केशरवानी ने कहा कि यह बजट जनहितकारी एकल्याणकारी बजट हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूंए आधारभूत एवं चहुमुखी विकास की नीव पर पेश किए ।

**मिथिलेश केशरवानी युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य**



जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने कहा कि हमारे देश में सबसे ज्यादा युवाओ की संख्या है परंतु देश के बजट मे युवाओ के लिए कुछ खास नहीं है शिक्षा के क्षेत्र में भी ना ही कोई प्रावधान नजर आ रहा ना ही छात्रों के लिए कोई राहत नजर आ रही है ।

**संजीत बनर्जी जिला पंचायत उपाध्यक्ष**



खुशबु आदित्य वैष्णव ने कहा कि आम जनता ने बहुत सारी उम्मीदें लगाई थी पर भारत देश की जनता के मंसूबों पर पानी फिर गया है। बजट के नाम पर आम जनता को छला गया है लोगों के लिए यह बजट विष से भी घातक साबित होता दिखाई दे रहा है।

**खुशबु आदित्य वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष लोरमी**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी स्वाध्याय योजना मण्डल सह प्रमुख मिथिलेश केशरवानी ने कहा कि यह बजट जनहितकारी एकल्याणकारी बजट हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूंए आधारभूत एवं चहुमुखी विकास की नीव पर पेश किए ।

**मिथिलेश केशरवानी युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य**



नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि केन्द्र सरकार यदि सच में देशवासियो को राहत देना चाहती है तो पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में क्यूं नहीं लाते जिससे सही मायने में राहत हो सके पेट्रोल डीजल सस्ता हो सके।

**नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी**



केंद्रीय बजट को नितेश भारद्वाज ने केंद्रीय बजट को गांवए गरीब किसान नौजवान व महिलाओं समेत समाज और हर वर्ग के उत्थान का बजट करार दिया है उन्होंने कहा है कि केंद्रीय बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। आम जनता होए किसान होए युवा और महिला हर वर्ग के लिए ये बजट कल्याणकारी है ।

**नितेश भारद्वाज प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा**



भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट एकदम संतुलित एवं हर वर्ग को राहत देने के साथ ही युवाओए किसानो एवं खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखने वाला बजट है बजट से पूरे देशवासियों में उत्साह है।

**भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक**



अरविंद वैष्णव पार्षद कांग्रेस ने कहा कि नये रोजगार एवं युवाओ के साथ ही व्यापारियो का ध्यान इस बजट में नही रखा गया है जो दुर्भाय पूर्ण है ।

**अरविंद वैष्णव पार्षद**



अशोक सोनवानी सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग. ने कहा कि बजट दिशाहीन है इस बजट में आमजन के लिए कुछ भी नहीं है । सामन्य वर्ग से कोसों दूर का बजट पेश किया गया है।

**अशोक सोनवानी सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.**



महिला समूहों को मिलेगा रोजगार दुर्गा जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू ने कहा कि भारत सरकार का बजट महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देने के साथ साथ महिला समूह को रोजगार देने वाला बजट है ।

**जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू**

# सस्ते दर पर दवाई मिलने से 81.97 करोड़ से ज्यादा की हुई बचत

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जेब को मिल रही बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ के गरीब जनता तक सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार मुख्यमंत्री बघेल की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसके लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों में श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत जेनेरिक दवाओं की दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इन दुकानों में देश की ख्याति प्राप्त कंपनियों की जेनेरिक दवाईयां 50 से 70 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध है। धन्वंतरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना 20 अक्टूबर 2021 से शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 194 श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है। योजना से अब तक 135.33 करोड़ रूपए एम.आर.पी. की दवाईयों के विक्रय पर 81 करोड़ 97 लाख रूपए की छूट जरूरतमंद लोगों को दी गई है।




गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय में संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल की दुकानों से 44 लाख 48 हजार से अधिक नागरिकों ने सस्ती दवायें खरीदी है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और कम मूल्य पर दवा उपलब्ध होने से बचत हो रही है। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों में दवाओं की उपलब्धता एवं संचालन व्यवस्था की निगरानी नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करते रहते है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थायें लगातार करते रहने के निर्देश दिए है।

**श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर**

महासमुंद के धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पर दवाइयाँ लेने आए शुभम् मिश्रा ने बताया कि अन्य मेडिकल पर 400-450 की दवाईयां यहां 160-170 में मिल जाती है। अब वह और उनके परिजन, दोस्त अन्य पड़ौसी भी बीमारी की दवाइयाँ यही से ख़रीदते है।

कुछ दवाइयाँ नहीं मिल पाती पर ज़रूरत की दवाईयां कम क़ीमत पर मिल जाती है। वही मोहम्मद अपनी माँ के लिए दवाइयाँ लेने पहुँचे उन्होंने भी धन्वंतरी मेडिकल को ग़रीबों के लिए जीवनदायनी बताया। तो बागबाहरा की सर्दी बुख़ार से पीड़ित सावित्री साहू ने बताया कि दूसरे मेडिकल पर बहुत महँगी दवाइयाँ देते है लेकिन यहाँ वही दवाई कम क़ीमत पर मिल रही है। इससे पैसे की भी बचत हो रही है। स्टोर्स के संचालक का कहना है कि इस वर्ष मौसमी बीमारी की दवाइयाँ कई पीड़ित लोग लेने आये। जो दवाइयाँ उपलब्ध नहीं होती उन्हें बाद में लेकर उपलब्ध करा दिया जाता है।

चिरमिरी पालिका निगम चिरमिरी स्थित स्टोर में दवाइयां खरीदने आए सपन कमार साहा बताते हैं कि मैं यहां माता-पिता के लिए दवाएं लेने आता हूं पहले मुझे 9 से 10 हजार दवाईयों पर खर्च करने पड़ते थे यहां मुझे उसी फॉर्मूले की असरकारक दवाएं मात्र 4-5 हजार में मिल रहीं हैं। वहीं गोदरीपारा की कलावती ने बताया कि मुझे प्रति सप्ताह बी.पी., शुगर व थाइराईड की 500 रुपए तक की दवा लगती थी, परन्तु मुझे यहां दवाएं 250 रुपए में मिली है, जिससे काफी बचत हो रही है।

# भारत को विश्व गुरु बनने की ओर ले जाने वाला नए भारत की समृद्धि का बजट: बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने एकात्म परिसर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बजट में छत्तीसगढ़ के लिए विशेष ध्यान रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में अमृतकाल चल रहा है। जिसमें सभी वर्गों का कल्याण शामिल है। बजट में गरीब, आदिवासी, मध्यम वर्ग, महिला, युवा वर्ग और किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। यह बजट भारत की समृद्धि का बजट है। बजट के मूल में अंत्योदय विजन है। एक यह बजट मध्यम वर्ग, महिला व आत्मनिर्भर भारत का बजट है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गए हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।



### सनातन संस्कृति के अपमान पर मुख्यमंत्री देश से माफी मांगें: बृजमोहन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संस्कृति धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रामायण की समीक्षा की बात की है, यह घोर निंदनीय है। रामायण प्रभु श्री राम की मानव जीवन लीला का चित्रण है। उनके चरित्र से सनातन संस्कृति प्रेरणा लेती है कि समाज में, परिवार में कैसे संबंध होने चाहिए। रामायण भगवान श्री राम की जीवन लीला के माध्यम से बताती है कि भाई से, परिजनों से,कैसे संबंध होने चाहिए। संबंधों का महत्व क्या होता है संबंधों का सम्मान कैसे किया जाता है।

### बृजमोहन गलतबयानी कर रामायण का अपमान कर रहे: शुक्ला

भाजपा के नेता बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के बयान को लेकर झूठ बोला है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उन्होंने दुर्भावनापूर्वक मुख्यमंत्री के बयान को लेकर गलत ढंग से पेश किया। मुख्यमंत्री ने जो नही कहा बृजमोहन वह कह रहे है। मुख्यमंत्री के बयान में अपनी मंशा जोड़ना भाजपा नेता की स्तरहीन हरकत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यह कहा है कि रामायण की समीक्षा होनी चाहिये। जबकि मुख्यमंत्री कही भी ऐसा कोई बयान नही दिया। मुख्यमंत्री ने यह कहा कि रामचरित मानस का रामायण का, भगवान राम के चरित्र का हर व्यक्ति को अध्यन करना चाहिये। उनसे प्रेणा लेनी चाहिये। रामचरित मानस, रामायण लोगों में जागरूकता फैलाती है और लोगों चरित्र का निर्माण करती है। मुख्यमंत्री ने रामायण, रामचरित्र मानस तथा भगवान राम के चरित्र का बखान करते हुये कहा कि हर व्यक्ति को रामचरित्र मानस का पाठ करना चाहिये।

# हाथी प्रभावित क्षेत्रों में किसान बिना किसी डर के कर सकेंगे फसलों की देख-रेख

**मुख्यमंत्री की पहल पर सूरजपुर जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगा 33 नग सोलर हाईमास्ट लाइट**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सूरजपूर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र के किसान खेती-किसानी और फसल की देखरेख बिना किसी डर के आसानी से कर सकेंगे इसके अलावा उन्हें हाथी आने पर सुरक्षित स्थानों में पहुंचने में मद्द मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवो में 33 नग सोलर हाईमास्ट लाइट लगाए गए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड के हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर के ग्रामवासियो ने मुख्यमंत्री से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में अंधेरा होने के कारण हाथी आने पर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान में शरण लेने के लिए अन्य स्थान आने-जाने में असुविधा का समाना करना पड़ता था। सोलर हाईमास्ट लाईट लगने से उन्हें सुरक्षित स्थान पर आने-जाने में मद्द मिलेगी।मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर मौके पर ही सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री की इस घोषणा पर जिला प्रशासन, वन विभाग और क्रेडा के अधिकारियों ने फौरी अमल करते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और सोलर हाईमास्ट लगाने के लिए उपयुक्त स्थल का चयन किया। क्रेडा द्वारा चयनित स्थल पर 33 नग सोलर हाईमास्ट लाईट लगाए जा चुके हैं। हाथी प्रभावित गांवो में सोलर हाईमास्ट लाईट लगने से ग्रामीण प्रसन्न हैं। गांव से लगे आस-पास के वनों के पास अब प्रकाश की व्यवस्था हो गई है। इससे हाथी आने की जानकारी उन्हें पहले से मिल सकेगी। साथ ही शाम को खेतों से लौटते वक्त अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब वे फसल की देखभाल बिना किसी डर के कर सकेंगे इसके अलावा उन्हें सुरक्षित ठिकाने जाने में आसानी होगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की पहल पर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाईट लगने पर उनके प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।



# कैंसर सर्वाइवर्स ने दिया कैंसर दिवस पर संदेश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

4 फरवरी को पूरे विश्व में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे कैंसर विशेषज्ञों ने विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके लक्षण, सावधानियां और ट्रीटमेंट के बारे में जानकारी दी एवं पूर्व कैंसर पीड़ितों ने जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अपने अनुभव की अंतर्दृष्टि साझा की और लोगो को कैंसर से डरने नही, बल्कि लड़ने, लक्षण दिखने पर डॉक्टरी परामर्श लेने और पूरा इलाज करवाने की सलाह दी।




इस कार्यक्रम में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के फाउंडर एवं सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन, रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल, सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण चतुर्मोहता, सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. दिवाकर पांडेय, कीमोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. अनिकेत ठोके, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राकेश मिश्रा, रेडियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. सतीष देवांगन व डॉ रमेश कोठरी, न्यूक्लियर मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अभिराम जी. ए. एवं डॉ. हिमांशु बंसल ने कैंसर जागरूकता फैलाई। डॉ. यूसुफ मेमन ने बताया की स्तन कैंसर के लक्षणों में स्तन में गांठ, निप्पल से खून बहना और निप्पल या स्तन के आकार या बनावट में बदलाव आ जाना जैसे कुछ लक्षण शामिल हैं। इसका इलाज कैंसर की स्टेज पर निर्भर करता है। इसमें कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्मोन थेरेपी और सर्जरी शामिल हो सकते हैं। डॉ. विकास गोयल ने बताया की ब्लड कैंसर के कुछ आम लक्षणों में लगातार थकान और कमजोरी आना, बार-बार बीमारियों से संक्रमित हो जाना, बिना कोशिश किए वजन कम हो जाना, सूजे हुए लिम्फनोड्स, चोट लगने पर आसानी से खून बहना, और आपकी त्वचा में छोटे लाल धब्बे हो जाना जैसे कुछ लक्षणों से सावधान रहना चाहिए।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403